राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 06 अक्टूबर 2025
वर्ष 07, अंक 11, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही ,पोल टूट कर गिर सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है.....03

कानपुर के नरवल क्षेत्र में महिला की हत्या में चार आरोपी गिरफ्तार....11

## दार्जिलिंग में बारिश का कहर, भूस्खलन में अब तक 20 की मौत, CM ममता ने किया मुआवजे का ऐलान

**● पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई. सीएम ममता बनर्जी ने आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है. साथ ही परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की भी घोषणा की है**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है. बारिश के कारण हुए भारी भूस्खलन में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई. जिनमें बच्चे भी शामिल हैं. वहीं कई लोग जख्मी हो गए. भूस्खलन के चलते कई घर मलबे में तब्दील हो गए हैं. वहीं प्रमुख सड़कों को नुकसान पहुंचा है. अधिकारियों ने बताया कि दूरदराज के कई गांवों का संपर्क टूट गया तथा सैकड़ों पर्यटक फंस गए इस बीच सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है. हालांकि कितना मुआवजा दिया जाएगा इसका खुलासा नहीं हुआ है. वहीं सीएम ममता कल यानी सोमवार (6 अक्टूबर) उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और क्षेत्र के हालात का जायजा लेंगी. जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं।

**प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी CM ममता**

सीएम ममता बनर्जी ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा 'यह आपदा दुर्भाग्यपूर्ण है - प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर हैं. हम बहुत दुखी हैं. मैंने मुख्य सचिव के साथ पांच प्रभावित जिलों के अधिकारियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठकें कीं. मैं सुबह छह बजे से स्थिति पर नजर रख रही हूं'. सीएम के मुताबिक केवल 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जिससे कम से कम सात जगहों पर भयंकर बाढ़ और भूस्खलन हुआ. उन्होंने कहा, '12 घंटे से लगातार भारी बारिश हो रही है. सात जगहों पर भूस्खलन हुआ है. मैं कड़ी नजर रख रही हूं और उम्मीद है कि सोमवार दोपहर तीन बजे तक वहां पहुंच जाऊंगी'.



**मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजे का ऐलान**

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में फंसे हुए हजारों पर्यटकों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उन्हें सुरक्षित वापस लाने की व्यवस्था करेगी और पर्यटकों से अपील की कि वे घबराएं नहीं और वहां से निकलने की जल्दबाजी न करें. उन्होंने कहा, 'कई पर्यटक फंसे हुए हैं. मैं उनसे अनुरोध करती हूं कि वे हड़बड़ी न करें. कृपया जहां हैं वहीं रहें. होटल वालों को उनसे ज्यादा पैसे नहीं लेने चाहिए. उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा'. सीएम ने घोषणा की कि आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों को सरकारी मुआवजा और उनके एक सदस्य को रोजगार मिलेगा. हालांकि उन्होंने राशि का जिक्र नहीं किया।

**पीएम मोदी ने हर संभव मदद का दिया भरोसा**

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौतों पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा है कि भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है. पीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'दार्जिलिंग में पुल दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि से बहुत दुःख हुआ है. जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है. हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं'।

**मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका**

NDRF और जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों - सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है. उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने जान-माल के नुकसान को दुखद बताते हुए कहा कि हालात बेहद चिंताजनक हैं. उन्होंने बताया कि अभी तक मृतकों की संख्या 20 है. यह संख्या बढ़ने की आशंका है. मंत्री ने ये भी बताया कि वो भी इलाके का दौरा करने जा रहे हैं।

**मिरिक में कम से कम 11 लोगों की मौत**

NDRF के बयान के अनुसार, भूस्खलन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मिरिक में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है. वहीं सात घायलों को क्षेत्र से बचा लिया गया है. दार्जिलिंग में सात लोगों की मौत हो गई और पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आपदा टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. वहीं नागराकाटा के धार गांव में मलबे से कम से कम 40 लोगों को बचाया गया जहां भारी भूस्खलन के कारण कई घर ध्वस्त हो गए. दार्जिलिंग उप-मंडल अधिकारी (एसडीओ) रिचर्ड लेप्चा ने बताया कि बीते शनिवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग उपखंड में हुए भीषण भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि दुर्गा पूजा और पूजा के बाद के उत्सवों का आनंद लेने के लिए दार्जिलिंग की पहाड़ियों में आए सैकड़ों पर्यटक भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की वजह से फंस गए हैं।

**IMD ने जारी किया रेड अलर्ट**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में 6 अक्टूबर तक अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है. साथ ही, मिट्टी की नाजुक स्थिति के कारण और अधिक भूस्खलन और सड़कों पर अवरोध पैदा होने की चेतावनी दी है. NDRF के अनुसार, दार्जिलिंग जिले और उत्तरी सिक्किम में सड़क संपर्क गंभीर रूप से बाधित है और सिलीगुड़ी को मिरिक-दार्जिलिंग मार्ग से जोड़ने वाला एक लोहे का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे इस क्षेत्र तक पहुंच बाधित हो गई है।

## बिहार के बाद अब बंगाल में SIR की तैयारी, अगले सप्ताह उप चुनाव आयुक्त करेंगे दौरा

**● बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव से पहले भारत निर्वाचन आयोग (ECI) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की तैयारी कर रहा है. उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती अगले सप्ताह राज्य का दौरा करेंगे. वे जिलाधिकारियों संग वीडियो कॉन्फ्रेंस और उत्तर 24 परगना व पूर्वी मेदिनीपुर में बैठकें करेंगे.**




बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की तैयारी शुरू हो गई है. पश्चिम बंगाल में अगले साल चुनाव है. चुनाव से पहले उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती और भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी अगले सप्ताह पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे।

यह दौरा सभी जिलाधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के साथ शुरू होगा, जिसमें संशोधन-पूर्व चुनावी गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. उसके बाद वे उत्तर 24 परगना और पूर्वी मेदिनीपुर जिलों का क्षेत्रीय दौरा करेंगे।

चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार ईआरओ कार्यालयों को अपने-अपने जिला या उप-मंडल मुख्यालयों से भारत वीसी लिंक के माध्यम से बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया है।

**8-9 अक्टूबर को जिलों का दौरा करेंगे चुनाव अधिकारी**

बाद में 8 अक्टूबर को, भारती और उनकी टीम उत्तर 24 परगना का दौरा करेंगे, जहां वे दोपहर 2:30 बजे जिला परिषद सभागार, राजारहाट, कोलकाता में राजारहाट न्यू टाउन और राजारहाट गोपालपुर विधानसभा क्षेत्रों के अधिकारियों से मिलेंगे. वे उसी जिले के बारासात के अधिकारियों के साथ भी चर्चा करेंगे।

9 अक्टूबर को, टीम पूर्वी मेदिनीपुर जाएगी, जहां पूर्वी मेदिनीपुर, बांकुडा और झारग्राम जिलों के चुनाव अधिकारियों के साथ बैठकें निर्धारित हैं।

चुनाव आयोग (ईसी) के सूत्रों ने बताया कि सारांश गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया इसी महीने लागू होने की उम्मीद है. इस वजह से दौरा 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले काफी अहम माना जा रहा है।

**चुनाव अधिकारियों के साथ करेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंस**

8 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी. सभी जिलों के जिला चुनाव अधिकारी, एडीएम (चुनाव), एसडीओ, ईआरओ और ओसी (चुनाव) अधिकारी जिला एनआईसी सेटअप के माध्यम से जुड़ेंगे.

बैठक की अध्यक्षता भारती करेंगे, जिसमें सीमा खन्ना, महानिदेशक (आईटी) और अन्य वरिष्ठ ईसीआई अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**जानें किन विषयों पर उप चुनाव आयुक्त करेंगे चर्चा**

» 2002 ई-रोल को 2025 ई-रोल के साथ मैप करना।

» बूथ स्तरीय धिकारियों (बीएलओ) की नियुक्ति और प्रशिक्षण।

» गणना प्रपत्र (एसआईआर) के लिए प्रिंटर और ए4 पेपर की व्यवस्था।

» बीएलओ की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की पहचान।

» एसआईआर के लिए बीएलओ किट तैयार करना.


प्रपत्र 6, 7 और 8 के निपटान की स्थिति।

» एसआईआर से संबंधित अन्य मुद्दे।

» बीएलओ नियुक्तियों से संबंधित शिकायतें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लकड़मंडी बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन संपन्न



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प. भाग के शत्रुघ्न नगर क्षेत्र में रविवार को लकड़मंडी बस्ती में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र सह प्रचार प्रमुख श्री मनोज कांत जी ने स्वयंसेवकों को पाथेय प्रदान किया तथा संघ के आदर्शों, राष्ट्रनिर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका और संगठन के कार्य विस्तार पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मा. सह संघचालक श्री मुकेश जी एवं नगर कार्यवाह श्री संजय साहू जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजयादशमी पर्व को संगठन और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। पथ संचलन में स्वयंसेवकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सज्जन शक्ति एवं मातृ शक्ति ने भी भाग लिया। अनुशासित संचलन के माध्यम से देशभक्ति, संगठन और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू- विधायक ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**सिद्धार्थनगर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण / दस्तक तृतीय चरण का 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लव जिहाद, मेहंदी जिहाद पर फर्जी खबरें- जी न्यूज़ और टाइम्स नाउ नवभारत को फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** न्यूज़ ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने जी न्यूज़ और टाइम्स नाउ नवभारत को कड़ी फटकार लगाई है और आचार संहिता का उल्लंघन पाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इन वीडियो को हटाने का निर्देश दिया। इन चैनलों पर 'मेहंदी जिहाद' और 'लव जिहाद' जैसे विवादास्पद विषयों पर भ्रामक और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले वीडियो चलाए गए, शो किए गए।

लाइव लॉ के अनुसार एनबीडीएसए के चेयरमैन जस्टिस (रिटायर्ड) ए.के. सीकरी की समिति ने अपने आदेशों में दोनों चैनलों को नैतिक आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया है। शिकायतकर्ता एक्टिविस्ट इंद्रजीत घोरपड़े ने अक्टूबर 2024 में ये शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिनमें आरोप लगाया गया कि चैनलों ने बिना तथ्य-जांच के साम्प्रदायिक प्रचार किया। दोनों चैनलों से ऐसे सभी वीडियो हटाने का निर्देश दिया गया है।

एक अलग आदेश में एनबीडीएसए ने गैरकानूनी धर्मांतरण मामले में अदालत के फैसले की रिपोर्टिंग करते समय 'लव जिहाद' पर कुछ भड़काऊ टिकर का इस्तेमाल करने के लिए टाइम्स नाउ नवभारत की आलोचना की। यह पाते हुए कि टिकर में कुछ ऐसे तत्व शामिल हैं, जो फैसले का हिस्सा नहीं हैं, एनबीडीएसए ने उन्हें हटाने का आदेश दिया।

यह आदेश अक्टूबर, 2024 में कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े द्वारा दायर शिकायतों पर पारित किए गए, जिन्होंने आरोप लगाया कि चैनलों ने गलत सूचना फैलाई और विभाजनकारी प्रचार को बढ़ावा दिया।


ज़ी न्यूज़ के खिलाफ शिकायत चार कार्यक्रमों से संबंधित है, जो तथाकथित "मेहंदी जिहाद" के विचार का प्रचार करते हैं। इन प्रसारणों में आरोप लगाया गया कि मुस्लिम मेहंदी कलाकार हिंदू महिलाओं पर मेहंदी लगाने से पहले उसमें थूकते हैं और मुस्लिम पुरुष मेहंदी कलाकार के रूप में काम करके हिंदू महिलाओं के फ़ोन नंबर हासिल करते हैं, जिनका गुप्त उद्देश्य उनसे शादी करके उनका धर्म परिवर्तन करना होता है। इन कार्यक्रमों में कुछ समूहों द्वारा लगाए गए हिंसक नारों और मुस्लिम मेहंदी कलाकारों के बहिष्कार के आह्वान को भी बढ़ावा दिया गया। इन कार्यक्रमों के कुछ नमूने इस प्रकार है- "मेहंदी जिहाद पर दे दना-दन", "आवेदन निवेदन नहीं माने तो दे दना-दन", "मेहंदी जिहाद के खिलाफ लट्ठ मॉडल लॉन्च", "लाठी से लाई रहेंगे, जिहादियों को रोकेंगे" और "पकड़ने पर सबक सिखाया जाएगा।"

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उत्तराखंड में 18 हजार से अधिक शिक्षकों के प्रमोशन पर रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश में पदोन्नति के मामले में हजारों शिक्षकों को सुप्रीम झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के बाद उत्तराखंड में शिक्षकों की पदोन्नतियां रोक दी गई हैं। मामला बेसिक और जूनियर हाईस्कूलों के 18 हजार से अधिक शिक्षकों से जुड़ा है। जबकि इस प्रकरण में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब उत्तराखंड में जिला शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों की पदोन्नति की जाए या नहीं इस पर शिक्षा निदेशालय से दिशा निर्देश मांगा था। इस पर शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश और राज्य सरकार के फैसले से अवगत कराया जाए।



प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल ने बताया कि चमोली, टिहरी गढ़वाल, चंपावत के जिला शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न पत्रों के माध्यम से शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में दिशा निर्देश मांगा है। जिला शिक्षा अधिकारियों ने यह भी बताया है कि कुछ जिलों में शिक्षक पदोन्नति के लिए धरना, प्रदर्शन कर रहे हैं।

शिक्षा निदेशक ने कहा, इन शिक्षकों को बताया जाए कि सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर 2025 को सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर राज्य सरकार ने पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की कार्रवाई चल रही है।

एक सितंबर 2025 को आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया था कि जिन शिक्षकों की सेवा अवधि में पांच साल से अधिक समय बाकी है, वे सभी दो साल के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करें। इस आदेश में पुराने और नए दोनों ही शिक्षकों को शामिल किया गया है। वहीं, शिक्षकों की पदोन्नति के लिए भी टीईटी को अनिवार्य किया गया है।

## गायक जुबीन गर्ग की मौत पर फूटा पार्थ का गुस्सा, मैनेजर और बैंड मेंबर पर लगाए गंभीर आरोप, बोले- मरते दम तक नहीं करूंगा माफ

प्रसिद्ध गायक और संगीतकार जुबीन गर्ग की मौत का विवाद गहराता जा रहा है. उनके करीबी सहयोगी और बैंडमेट पार्थ प्रतिम गोस्वामी ने जुबीन के दो सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और बैंड के अन्य सदस्य शेखर ज्योति गोस्वामी ने इस मामले में लापरवाही बरती है. पार्थ ने इन दोनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं बैंडमेट पार्थ प्रतिम गोस्वामी का कहना है कि इस पूरे मामले में सबसे बड़ी लापरवाही सिद्धार्थ और शेखर ने बरती है. दरअसल दोनों हर समय जुबीन के साथ साये की तरह रहते थे. उनका आरोप है कि इन दोनों को पता था कि जो व्यक्ति सोया नहीं था. रात भर पी है और पार्टी करता रहा है. सबकुछ पता होने के बाद भी उसे तैरने के लिए समुद्र में ले गए. जबकि दोनों को पता था कि जुबीन दौरे का मरीज है. आखिर दोनों ये कैसे कर सकते हैं।

## गालीबाज डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलीहाबाद, लखनऊ।** करीब तीन दिन पूर्व मलिहाबाद कस्बे में जेड0एम हास्पिटल के डॉक्टर द्वारा मरीज की जानकारी करने पर मरीज के तीमारदार/ व्यापारी को डॉक्टर द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने की शिकायत तीमारदार ने मलिहाबाद पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। जिससे नाराज दर्जनों व्यापारियों ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस से गालीबाज डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। पुलिस ने जेड0एम हास्पिटल के मालिक सहित एक डॉक्टर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के

**ग्राम शिवपुरी भदवाना निवासी**

अंकुल यादव पुत्र शिवकुमार का आरोप है कि मेरी भतीजी प्रियंका मलिहाबाद कस्बे में स्थित जेड0एम हास्पिटल में एडमिट थी जिसकी तबीयत की जानकारी के लिए मैंने हास्पिटल के डा0 मुबीन एवं जेड एम हास्पिटल के मालिक को फोन किया तो मुझसे गाली देकर बात करने लगा। उसमें जब गाली देने को मना किया तो उधर से धमकी देने लगा कि तुम्हारी टांगे तुड़वा देंगे और तुम्हारी हिम्मत हो तो अभी आकर मुझसे मिल फिर मैं तुझे बताता हूँ कि मैं कौन हूँ जब मैने आने को कहा तो मुझसे कहने लगा तू कल आकर मुझसे मिल। दिनांक 2/10/25 को अपने सम्भ्रांन्त व्यक्तियो के साथ जाकर बात करनी चाही तो वह उन सभी व्यक्तियो को भी गन्दी गन्दी गालियां देने लगा जिसका साक्ष्य वहां के सी0 सी0 टी0 पी0 कैमरे में कैद है और जो भी मुझे धमकी दी और गालिया वह भी मेरे मोबाइल में रिकार्ड है उक्त जेड0एम हास्पिटल के बारे में जानकारी मुझे मिली है कि कई अन्य व्यक्तियो एवं मरीजो पर भी ऐसी धमकी दी जाती है। उक्त व्यक्ति दवंग एवं शोर पुस्ति किस्म का व्यक्ति है आगे से यदि मेरे उपर कोई भी दुर्घटना होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी जेड0एम के मालिक की होगी। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई शुरू कर दी है।

## पूर्व प्रधान समेत तीन पर सात लाख चवालीस हजार का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर/घाटमपुर** नरवल क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में तहसीलदार कोर्ट ने बड़ी कार्यवाही की हैं, कोर्ट ने ग्राम प्रधान के ससुर और पूर्व प्रधान आनन्दी प्रसाद उत्तम सहित तीन लोगों पर 07*44 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए बेदखली का आदेश जारी किया है, राजस्व अभिलेखों के अनुसार आराजी संख्या 449 पर रामबिहारी और विष्णु बिहारी ने मकान बना रखें थें,ये सभी कब्जे करीब 30 साल पुराने बताए गए हैं, तहसीलदार विनीता पांडेय की अदालत ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत यह कारवाई की, लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर अथवा स्थलीय जांच के बाद कोर्ट ने आनन्दी प्रसाद पर 05*12,000 जबकि रामबिहारी और विष्णु बिहारी पर 01*16000रूपए का जुर्माना लगाया,



इसके साथ ही तीनों को जमीन खाली करने निर्देश दिए गए हैं तहसीलदार विनीता पांडेय ने कहा कि खलिहान,तालाब,चारगाह,और सरकी जमी न पर किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं नहीं किया जाएंगे, उन्होंने बताया कि सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करानें का अभियान लगातार जारी है, और ऐसे मामलों में आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक और स्कूटी की आपसी भिड़ंत में महिला गंभीर रूप से घायल



**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार की सुबह लगभग 8:45 पर रीमा उम्र 32 वर्ष पत्नी कमलेश गाँव मनीता पुल पोस्ट बेलहर कला जिला संतकबीर नगर की निवासी,जो अपने पति के इलाज के लिए मालवीय रोड पर स्थित प्राइवेट अस्पताल में नंबर लगाने जा रही थी तभी मालवीय रोड बस्ती पर अचानक बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार को हल्की-फुलकी चोट आई, और रीमा को सर, हाथ एवं पैर में गंभीर चोट आयी। हादसा देख मौके पर मौजूद डॉक्टर चंद्रप्रकाश ने तत्काल 108 पर कॉल करके घटनास्थल की जानकारी दी मौके पर मौजूद एंबुलेंस यूपी P32FG0836 पर तैनात ईएमटी रंजीत कुमार पायलट घनश्याम वर्मा बिना देर किए गाड़ी घटनास्थल पर लेकर पहुंच गए और घायल महिला को जल्द से जल्द अपनी 108 की एंबुलेंस में शिफ्ट करके अस्पताल के लिए चल दिये है। रास्ते में पेशेंट की हालत गंभीर देखते हुए कंट्रोल सेंटर में मौजूद ईआरसीपी डॉक्टर से पेशेंट की हालत के बारे में बताया और उनके द्वारा बताए गए मेडिकल उपकरण एवं दवाओं का उपयोग करके एवं प्राथमिक उपचार करते हुए उनको सुरक्षित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अभी उनका इलाज चल रहा है।

### मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत बलरामपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर दिया जोर



**बलरामपुर** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पूरे जनपद में व्यापक जनजागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में सभी सर्किलों और थाना क्षेत्रों में महिला चौपालें, जनसंवाद और स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में महिला बीट अधिकारियों और नारी सुरक्षा दलों ने महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा और सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 108, 112, 1098, 1930) की जानकारी दी। कार्यक्रमों में साइबर अपराध, ओटीपी शेयरिंग, बैंकिंग फ्रॉड, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, गुड टच-बैड टच, दहेज और बाल विवाह निषेध कानून पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसी सेवाओं की जानकारी दी गई।

### पचपेड़वा ब्लॉक में बिचौलिये का दबदबा, एफआईआर दर्ज

**बलरामपुर।** पचपेड़वा ब्लॉक में बिचौलिया के दबदबे का खुलासा हुआ। डीएम पवन अग्रवाल ने ब्लॉक के अधिकारियों को चेतावनी दी। इसके बाद ग्राम पंचायत सचिव सुनीता भारती ने विजयनगर गांव निवासी बिचौलया मो. आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। डीएम ने बताया कि उन्होंने पचपेड़वा क्षेत्र का निरीक्षण बीती शाम को किया था। पता चला कि ब्लॉक में कोई बाहरी व्यक्ति काम देखता है। जानकारी पर ब्लॉक की जांच कराई गई तो पता चला कि ब्लॉक में मोहम्मद आलम नाम का एक व्यक्ति ब्लॉक कार्यालय में ही रहता है। यह भी बात सामने आई कि लोगों के आधार कार्ड जुटाकर वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा देता है और वसूली करता है। इस पर बीडीओ से पूरे मामले की रिपोर्ट ली। बीडीओ मोहित दुबे ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर मो. आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही ब्लॉक में सतर्कता बरती जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## बस्ती जिले और अंबेडकर नगर को जोड़ने वाला पॉल सरजू नदी पर बना पुल 11 सितंबर से बंद करोड़ों का व्यापार का नुकसान

**●लगातार दवाओं के सहारे चल रहा टांडा पुल अब आईसीयू में..**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले और अंबेडकर नगर जिले को जोड़ने वाला सरयू नदी पर बने टांडा पुल की मरम्मत कार्य की धीमी गति अब लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। बस्ती, अकबरपुर, आजमगढ़ और बनारस को जोड़ने वाला यह पुल क्षेत्र की प्रमुख आर्थिक और परिवहन धुरी माना जाता है। लगभग 2.32 किलोमीटर लंबा यह पुल कलवारी-माझा सरयू (घाघरा) नदी पर बना है और पिछले एक दशक में कई बार मरम्मत के लिए बंद किया जा चुका है। अब एक बार फिर मरम्मत कार्य के चलते पुल "आईसीयू" जैसी स्थिति में पहुंच गया है।

**11 सितम्बर 2025 से बंद हुआ आवागमन**

पुल पर 11 सितम्बर से बड़े और चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। वर्तमान में सिर्फ दोपहिया वाहन आ जा रहे हैं , वह भी सीमित दायरे में। धीमी रफ्तार से हो रहा मरम्मत कार्य जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही हैमरम्मत कार्य शुरू तो कर दिया गया है, लेकिन उसकी रफ्तार बेहद सुस्त है। इससे स्थानीय लोगों, व्यापारियों और यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। जहां पहले बस्ती से बनारस तक व्यापारी इसी मार्ग से आसानी से माल की ढुलाई करते थे, अब उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और परिवहन लागत दोनों बढ़ गए हैं।

**पुल का इतिहास शिलान्यास से उद्घाटन तक**

इस 2.32 किलोमीटर लंबे पुल का शिलान्यास मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्रीत्व काल में तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह यादव के हाथों हुआ था।

लगभग 10 साल बाद अखिलेश यादव की सरकार में शिवपाल सिंह यादव द्वारा ही इसका उद्घाटन किया गया। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही समय बाद पुल में निर्माण संबंधी खामियां सामने आने लगीं और तब से अब तक कई बार इसे मरम्मत के लिए बंद करना पड़ा है।घटिया सामग्री और कमीशनखोरी के आरोप सूत्रों के अनुसार पुल निर्माण के समय ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। बताया जाता है कि उस दौर में माफिया और वसूली सिंडिकेट की मिलीभगत से भारी कमीशनखोरी हुई, जिसके कारण निर्माण मानकों की अनदेखी की गई। नतीजतन, पुल के जॉइंट और ढांचे में शुरुआती वर्षों में ही दरारें और क्षति दिखने लगीं।

**व्यापार और आम जनता पर असर**

टांडा पुल बंद होने से व्यापारिक गतिविधियों पर गहरा असर पड़ा है। बस्ती और आसपास के जिलों के व्यापारी बनारस से आने-जाने के लिए इसी मार्ग को प्राथमिकता देते थे क्योंकि यह सबसे छोटा और सुविधाजनक रास्ता था। अब वैकल्पिक मार्गों से माल लाना-ले जाना न सिर्फ महंगा साबित हो रहा है बल्कि समय भी दोगुना लग रहा है। वहीं आम यात्रियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भी लंबे रूट से गुजरना पड़ रहा है।प्रशासन पर उठ रहे सवालमरम्मत कार्य की धीमी प्रगति को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है।

उनका कहना है कि जिस प्रकार धीमी गति से कार्य हो रहा है जिनकी समय सीमा पहले 3 महीने बताया जा रहा था अब उसे 6 महीने बताया जा रहा है वह एक साल में भी पूरा हो जाए तो बड़ी बात होगी। वहीं लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर काम में गति नहीं बढ़ाई गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे टांडा पुल की मरम्मत कार्य की रफ्तार बढ़ाना प्रशासन और निर्माण एजेंसी के लिए अब चुनौती बन गया है। यह पुल न केवल परिवहन का एक अहम जरिया है, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था की धड़कन भी है। मरम्मत में और देरी ने लोगों की पेशानी पर बल डाल दिए हैं।

## टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने पूर्व सांसद को सौंपा ज्ञापन

**● सरकार से बात करके समस्या का हल कराएंगे- हरीश द्विवेदी**

**●नियमों में बदलाव से ही शिक्षकों को मिलेगी राहत - चन्द्रिका सिंह**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह और जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने शनिवार को पूर्व सांसद व असम भाजपा प्रभारी हरीश द्विवेदी को उनके तेलियाजोत आवास पर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से मुक्त किए जाने व सेवा सुरक्षा की मांग किया। शिक्षकों की मांग पर पूर्व सांसद ने शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि शिक्षकों के मान सम्मान और सेवा सुरक्षा को लेकर वह हर तरीके से शिक्षकों के साथ खड़े हैं। इस आदेश से जितनी पीड़ा शिक्षकों को है उससे अधिक पीड़ा हमें स्वयं है। कहा कि बीच सेवा में नियमों में बदलाव करके परीक्षा पास करने का आदेश निश्चित रूप से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक शिक्षा विभाग के अधिकारी, मुख्यमंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री, प्रधानमंत्री से इस मामले में बात करके समस्या का हल कराया जाएगा शिक्षकों की मांग पर उन्होंने शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल का मानव संसाधन विकास मंत्री से मुलाकात कराने का भी आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष चन्द्रिका ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए टीईटी अनिवार्यता नियम को सुप्रीम कोर्ट ने लागू किया है और इस कानून को भी सरकार ही समाप्त कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से शिक्षक बड़ी मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। नियमों में बदलाव से ही शिक्षकों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी से बड़ी आशा है कि वह इस मामले में हम सभी का पुरजोर तरीके से पैरवी करते हुए इस समस्या से मुक्ति दिलाएंगे। जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि जो समस्या वर्तमान में शिक्षकों के समक्ष है वह जीवन मरण का प्रश्न है। आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता लागू होने से देश के लाखों शिक्षकों के समक्ष जीविका का संकट उत्पन्न हो गया। उन्होंने पूर्व सांसद से सर्वोच्च न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के आदेश पर पुनर्विचार करने और शिक्षकों के हित में सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्र ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से सेवारत शिक्षकों में भय और निराशा व्याप्त है। कहा कि जो शिक्षक दो - तीन दशकों से सेवा दे रहे हैं, प्रशिक्षित और उच्च शिक्षित हैं और जिनके मार्गदर्शन में लाखों छात्र सफलतापूर्वक शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें पात्रता परीक्षा पास करने के लिए बाध्य करना अनुचित और अन्यायपूर्ण है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से विजय राव, संतोष पाण्डेय, अश्विनी सिंह, रंजन सिंह, घनश्याम पाण्डेय, दिनेश सिंह, अखिलेश पाण्डेय, मुरलीधर, जनार्दन पाण्डेय, केशधर, नंदकुमार, प्रकाश गौतम, प्रताप नारायण, शिवनंदन मिश्रा, उमाशंकर पाण्डेय, बब्बन पाण्डेय, अविनाश दुबे, गिरजेश सिंह, सुरेश गौड़, उमाकांत शुक्ल, हृदय विकास, मोहम्मद असलम, कवींद्र, बृजेश त्रिपाठी, गिरजेश चौधरी, सनद पटेल, प्रवीन श्रीवास्तव, संजय यादव, राजेश गिरी, राम सागर वर्मा, राम पियारे कनौजिया, अमरचंद वर्मा, उमेश चंद्र राव, विजय वर्मा, मीरा चौधरी, हरि सिंह, चिन्मय कुमार राय, विवेक कांत पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, सुरेंद्र वर्मा, हनुमंत कुमार पाण्डेय, जितेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम, डॉ प्रमोद सिंह, अटल बिहारी उपाध्याय, बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र, मनोज उपाध्याय, प्रशांत बारगाह, दीनानाथ, उमाशंकर, पंकज सिंह, राजन सिंह, डॉ अनिल यादव, अमित सिंह, मनोज श्रीवास्तव ,अमित शुक्ला, शत्रुंजीत यादव, अवधेश गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, प्रशांत, अवनीश, आलोक सिंह, मारूतनंदन, विवेक सिंह, शिव त्रिपाठी, पंकज वर्मा, शिवप्रकाश सिंह, रामरंग, शिवनाथ, संतराम,नीतू यादव, माहेलका बानो, शारदा शर्मा, मेनका यादव, फौजियासिद्दीकी, शशिकला वर्मा, श्वेता राव, वंदना तिवारी, शारदा शर्मा, डॉ चन्दना सिंह, सुनीता चौधरी, गरिमा यादव, खुश्बू वर्मा, बीपी आनंद, सुधीर तिवारी, हरेंद्र यादव, गौरव चौधरी, राकेश मिश्र, रजनीश यादव, वीरेंद्र उपाध्याय, उमेश तिवारी, चंद्र भूषण द्विवेदी, शेषनाथ यादव, राम जियावन, सुरेश सिंह, चंद्र मोहन, संजय मिश्र, घनश्याम तिवारी, श्याम बिहारी, संतराम, बालमुकुंद, मंगला प्रसाद मौर्य, उपेन्द्र पाण्डेय, सुनील सिंह, समरजीत, फूलचंद चौधरी, विजय कुमार भारती, श्रवण कुमार, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार, शिवेंद्र सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव, दौलतराम, दुर्गा प्रसाद, दुर्गेंद्र सिंह, जियालाल, शिवनाथ, शेषदत्त, प्रवीण कुमार यादव, परमानंद, सुमित्रानंदन, अर्जुन, हरिशंकर वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार,राम गोपाल मौर्य,राजेश कुमार, उमेश यादव, विवेक सिंह, भीष्म शंकर मिश्र, प्रेम शंकर यादव, आलोक सिंह, अमरेंद्र यादव, शिवराम यादव आदि शामिल रहे।

## भाजपा संगठन और प्रशासन के बीच समन्वय बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।**बस्तीजिलेकेसदर तहसील सभागार में भारतीय जनता पार्टी संगठन एवं प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्री विवेकानन्द मिश्र ने की, जबकि प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी श्री शत्रुध्न पाठक ने नेतृत्व किया।बैठक में भाजपा पदाधिकारियों ने जनता से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत न होने, नगर पंचायतों में नंगे लटक रहे बिजली के तारों, लो वोल्टेज की समस्या, तथा थानों में आम नागरिकों की शिकायतों की उपेक्षा जैसे मुद्दे शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी भरे स्वर में कहा "जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" भाजपा कार्यकर्ता जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु हैं। यदि कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई गई जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया, तो पार्टी इसे अत्यंत गंभीरता से लेगी। अधिकारियों को चाहिए कि हर जनहित से जुड़े मामले पर तत्काल कार्रवाई की जाना चाहिए अगर ऐसा नहीं हुआ तो स्थान अध्यक्ष के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन, दोनों का उद्देश्य जनता को सुशासन देना है। कार्यकर्ताओं की बात दरअसल जनता की आवाज है, और उसे प्राथमिकता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर जनता में विश्वास कायम करें।जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी भाव के अनुरूप प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिएबैठक में नगर एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को विस्तार से रखा और उनके समाधान हेतु ठोस कार्रवाई की मांग की बैठक में भाजपा की ओर से प्रमुख रूप से भानु प्रकाश मिश्र, चंद्रशेखर मुन्ना, राकेश श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार गौतम, राना दिनेश सिंह, राजन मिश्र, रघुनाथ सिंह, ब्रह्मदेव यादव, रोली सिंह, बाल कृष्ण त्रिपाठी, सतेन्द्र सिंह भोलू, राजकुमार शुक्ल, प्रदीप निषाद, के.के. दुबे, विजयभान सिंह, अमित गुप्ता, अंकित पाण्डेय, वेद प्रकाश त्रिपाठी, दुर्गेश अग्रहरी, संजय चौरसिया, कामेंद्र चौहान, आलोक पाण्डेय, धर्मेन्द्र जायसवाल, सर्वजीत भारती, दिलीप भट्ट, प्रेम प्रकाश चौधरी, रवि चंद्र पाण्डेय सहित बस्ती तहसील के सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 05 से 31 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**●जिला अस्पताल गौरीगंज से जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने जन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ दिनांक 05 अक्टूबर 2025 को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय परिसर से किया गया। अभियान का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय चौहान ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर (फ्लैग ऑफ) रवाना कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ. रामप्रसाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.के. उपाध्याय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रदीप तिवारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज डॉ. सौरभ, सहायक मलेरिया अधिकारी सुशील कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद गौरीगंज, पंचायतीराज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से वेक्टर जनित रोगों के वाहकों के नियंत्रण में प्रयोग की जाने वाली फॉगिंग मशीन एवं एंटी-लार्वल मशीनों का प्रदर्शन किया गया। इस अभियान में कुल 12 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिनमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं कृषि विभाग शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा व एएनएम कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर बुखार, आईएलआई एवं क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान, मच्छरों से बचाव की जानकारी प्रदान करने तथा वेक्टर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई, लार्वानाशी छिड़काव, कूड़ा निस्तारण एवं फॉगिंग का कार्य किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा अनावश्यक जलभराव की स्थिति की समाप्ति, जबकि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, हैंडपंप प्लेटफॉर्म की मरम्मत, नालियों की सफाई व पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान, उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजने एवं उचित पोषाहार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। यह अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम, स्वच्छता संवर्धन एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

## ट्रैक्टर हादसे में घायल दिनेश की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/श्रीदत्तगंज।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से लौटते समय बृहस्पतिवार रात राजेंद्रगंज चौराहे के पास हुए ट्रैक्टर हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। ग्राम गुमड़ी (तिवारीपुरवा) निवासी दिनेश कुमार वर्मा उर्फ भजनू (40) की इलाज के दौरान शनिवार सुबह बस्ती के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। विसर्जन से लौटते समय ट्रैक्टर पलटने से दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे।दिनेश टेंट हाउस में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया है। पीछे पत्नी, बेटा रितेश (11) और बेटियां अंशी (9) व मांशी (5) हैं। परिजनों ने बताया कि करीब दो साल पहले ही दिनेश की मां की सड़क हादसे में मौत हो गई थीं, पिता का निधन पहले ही हो चुका है। अब दिनेश के निधन से बच्चों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मृतक के छोटे भाई विकेश वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि ट्रैक्टर चालक अमरेश कुमार वर्मा, निवासी पटियाला ग्रिंट (सरहसवा) शराब के नशे में लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने गति कम नहीं की और ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## बस्ती जनपद में सुनीता सिंह के डियूटी में चल रहा बड़ा खेल, डियूटी को लेकर उच्च अधिकारियों से हुई शिकायत

**●सीएचसी कप्तानगंज में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के मूल पद पर पीओ डूडा सुनीता सिंह की हुई है तैनातीडा0 अनूप कुमार व CMO डा0 राजीव निगम की मिलीभगत से डियूटी से गायब चल रही सुनीता सिंह एडी स्वास्थ्य बस्ती मण्डल राम आनन्द ने डियूटी से गायब चल रही पी ओ डूडा सुनीता सिंह के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने का दिया आश्वासन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केपरियोजना अधिकारी डूडा सुनीता सिंह के डियूटी में बड़ा खेल चल रहा है । डियूटी से गायब पी ओ डूडा सुनीता सिंह के डियूटी को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत हुई है और शिकायत में पीओ डूडा सुनीता सिंह के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है ।सूत्रों कि माने तो नगरीय विकास अभिकरण बस्ती में तैनात परियोजना अधिकारी सुनीता सिंह अपने मूल पद पर ज्वाइन नहीं कर रही हैं। इनके पास सिद्धार्थनगर में भी डूडा का चार्ज था जिसे वहां के डीएम ने हटा दिया है। इनकी तैनाती स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर हुई थी। सीएमओ डा. राजीव निगम ने सुनीता सिंह की तैनाती एक अगस्त 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में की है इसके बाद भी यह ज्वाइन नहीं कर रही हैं। शासन से पांच वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति पर हुई थी तैनाती अब होनी है वापसी राज्य नगरीय विकास अभिकरण यानी सूडा के निदेशक अपूर्वा दूबे ने बस्ती और सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी को लिखे अपने पत्र में कहा है कि सुनीता सिंह की 28 जुलाई को प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी हो चुकी है। ऐसे में अभिकरण से प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाती है। इस आदेश के क्रम में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ने अतिरिक्त प्रभार से हटाया है बस्ती में अभी तैनाती सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी डा. गणपति आर ने 29 जुलाई 2025 को पीओ डूडा सुनीता सिंह के प्रभार को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर नीरज कुमार अग्रवाल को सौंप दिया है जबकि बस्ती में अभी वह पीओ डूडा के रूप में कार्य कर रही हैं, जिसे लेकर सीएमओ ने अपने चार अगस्त को लिखे पत्र में कहा है कि इनकी तैनाती कप्तानगंज सीएचसी में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद पर की गई है। योगदान की सूचना सीएचसी अधीक्षक कप्तानगंज को देने को कहा है। इस मामले में डीएम रवीश गुप्ता ने कहा कि शासन से पीओ डूडा के पद पर स्थायी तैनाती होनी है। फिलहाल सुनीता सिंह को पीओ डूडा को प्रभार दिया गया है। जहां तक मूल तैनाती स्थल पर नहीं ज्वाइन करने की बात है तो इस बारे में पूछताछ की जाएगी। इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक कप्तानगंज डा0 अनूप कुमार ने बताया कि सुनीता सिंह को सीएचसी कप्तानगंज से कार्यमुक्त कर दिया गया है एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम ने कहा कि सुनीता सिंह चाहे डूडा में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्य करे या सीएचसी कप्तानगंज पर कार्य करे वह एक ही स्थान पर कार्य कर सकती हैं । उक्त प्रकरण में एडी स्वास्थ्य बस्ती मण्डल बस्ती राम आनन्द ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है ।

## विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा ग्राम सभा हरखूमऊ

**●ग्रामीणों को गांव में मिल रहा रोजगार बदल रही गांव की तस्वीर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम सभा हरखूमऊ विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। ग्राम सभा के प्रधान राकेश शर्मा के अथक परिश्रम से ग्राम सभा की तस्वीर बदल रही है ग्राम सभा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में ग्राम सभा में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बनकर तैयार है, ग्राम सभा में हर घर जल नल योजना के अंतर्गत हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा, गांव के बाहर अमृत सरोवर मनमोहक छवि के साथ तैयार है शाम और सुबह गांव के लोग यहां पर व्यायाम करते हैं। स्वच्छ ग्रामीण मिशन के तहत स्वच्छता अपनाएं और बीमारी भगाए कूड़ा घर तैयार है अब लोग कूड़ा इधर-उधर ना फेंकते कूड़ा घर में फेंकते हैं जिससे गांव स्वच्छ नजर आते हैं। यही नहीं रुका ग्राम सभा में विकास का कारवां प्रधान राकेश शर्मा के अथक परिश्रम से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाट बाजार बनकर तैयार है उच्च गुणवत्ता से बनी यह बाजार सैकड़ो ग्राम वासियों को रोजगार मुहैया कराएगी। ग्राम सभा जहां एक तरफ विकास के पथ पर अग्रसर है वहीं ग्राम सभा में लोगों को रोजगार के नए-नए अवसर मिल रहे हैं, और लोगों का शहर पलायन रुक चुका है, ग्राम सभा में इंटरलॉकिंग नाली बनने से लोगों को आवागमन में सहूलियत तथा जल निकास का उत्तम प्रबंध हुआ है, जिससे लोगों को जल भराव की समस्या से निजात मिली है तथा कीचड़ से मुक्ति मिली है। ग्राम सभा लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है प्रधान हरखूमऊ प्रधान राकेश शर्मा ने बताया कि जनमानस के सुख-दुख में भागीदार रहते हुए ग्राम सभा के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे उन्होंने कहा कि रोजगार के नए आयाम स्थापित करना और ग्राम सभा में ज्यादा से ज्यादा विकास के कार्य करण प्रथम प्राथमिकता है,साथ ही साथ पूरी ग्राम सभा लाइट से जगमग जगमग हो रही है।

## पैदल चाल प्रतियोगिता में कंचन व अंकुश ने मारी बाजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन की तरफ से महात्मा गांधी की जयंती पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कंचन व अंकुश यादव ने मारी बाजी। विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मो. हसन कुरैशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में 58 बालक व 29 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग की प्रतियोगिता में अंकुश यादव प्रथम, विकास यादव द्वितीय व यशराज जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में कंचन ने पहला, प्रियंका उपाध्याय ने दूसरा व जानवी गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला खेल अधिकारी दिनेश कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रैक सूट व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी कमाल अहमद, प्रवेश कुमार रावत, नागेंद्र गिरि, विजय शंकर पांडेय, सूरज कुमार, पवन कुमार, हिना खातून, सरकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### थ्रॉम्बोलाइसिस से बची गंभीर हार्ट अटैक रोगी की जान

**लालगंज सीएचसी की बड़ी कामयाबी**



**लालगंज (रायबरेली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को डॉक्टरों की टीम ने एक गंभीर हार्ट अटैक के मरीज की जान बचाकर बड़ी सफलता हासिल की। शहजौरा निवासी उमेश कुमार (35) तेज सीने में दर्द की शिकायत लेकर आए थे। जांच में गंभीर हृदयाघात की पुष्टि हुई। स्थिति नाजुक देखते हुए इमरजेंसी में तैनात डॉ. कुमार विमल, फार्मासिस्ट शैलेंद्र कुमार व बृजेंद्र बहादुर की टीम ने तुरंत थ्रॉम्बोलाइसिस प्रक्रिया अपनाई। इसके बाद मरीज को आराम मिलने पर रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि सीएचसी में पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया गया। प्रक्रिया के तहत दवा की मदद से मरीज की धमनियों में जमे खून के थक्के को घोलकर रक्त प्रवाह को सामान्य किया गया। उपचार के बाद मरीज की हालत में तेजी से सुधार आया। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एसजीपीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि हार्ट अटैक के मरीज को समय पर थ्रॉम्बोलाइसिस देने से जान बचाई जा सकती है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने किसी टीम के इस प्रयास की सराहना की। बताया कि एसजीपीजीआई की पहल पर स्टेमी योजना के तहत गंभीर हार्ट अटैक रोगियों के लिए दुर्लभ इंजेक्शन सीएचसी को उपलब्ध कराया गया है। जिसे किसी टीम ने सफलता पूर्वक इस्तेमाल कर युवक की जान बचाई। कहा कि यह केंद्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आमजन को भी हार्ट अटैक के लक्षण दिखने पर बिना देर किये तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बीकेटी में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन



**बीकेटी लखनऊ।** लखनऊ रविवार को नगर पंचायत बख्शी का तालाब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रुक्मिणी बिहार कॉलोनी, चकगंजा गिरी में जिला प्रचारक कोमल जी के ओजस्वी उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ। सह जिला संघ चालक राजनाथ ने स्थापना की आवश्यकता, उद्देश्य व उसकी 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए समाज व स्वयंसेवकों से अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के परम वैभव के लिए पंच परिवर्तन के अंतर्गत हम सब अपने दैनिक जीवन में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली एवं स्वदेशी को अपनाएं तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करें।

पथ संचलन कार्यक्रम रुक्मणी बिहार रैथा रोड होकर सीतापुर रोड से पुनः उसी स्थान पर समाप्त हुई कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रमुख अंजनी, जिला प्रचार प्रमुख मानवेंद्र, सह जिला संपर्क प्रमुख डॉक्टर सुधीर, नगर कार्यवाह राहुल, सह कार्यवाह पवन, सह नगर संघ चालक अजीत, नगर प्रचारक प्रियांशु सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नानाजी देशमुख की जयंती पर होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**चित्रकूट:** संयुक्त राष्ट्र के धारणीय विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख की 109वीं जयंती पर 6-7 अक्टूबर को 'सर्वोदय से अभ्युदय' के लिए एसडीजी की भूमिका पर चर्चा विषयक पांचवा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। छह अक्टूबर को शुरु होने वाले इस पांचवे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, राजस्थान के पीएचई मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, मध्यप्रदेश की नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं एमएलसी डॉ संजय पासवान, एमएलए ऊषा ठाकुर, महापौर सतना योगेश ताम्रकार, महापौर इन्दौर पुष्यमित्र भार्गव, संदीप दीक्षित, संयुक्त राष्ट्र के रेजीडेंट कोऑर्डीनेटर शोम्बी शार्प, फ्रांस के प्रमुख अर्थशास्त्री बेनेडिक्ट डे ला ब्रिएरे आदि शामिल होंगे।

## विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही ,पोल टूट कर गिर सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद पावर हाउस अंतर्गत एक बिजली का पोल टूटा हुआ है जिस पर ग्यारह हजार वोल्टेज की सप्लाई संचालित हो रही है। यह पोल कभी भी टूट कर गिर सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने टूटे पोल को बदलने की मांग की लेकिन अभी तक पोल नहीं बदला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई भी जनहानि हुई तो उसका जिम्मेदार बिजली विभाग होगा।

उपखंड अधिकारी माल के अंतर्गत रहीमाबाद, (जाला मऊ) पॉवर हाउस के अंतर्गत रुसेना मजरे मोहज्जीपुर गांव के सामने डामर रोड के किनारे एक माह पूर्व एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से हाई टेंशन लाइन पर लगा पोल ऊपर से टूट गया जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।



ग्रामीणों ने बताया इसकी शिकायत भी की लेकिन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क से गांव सहित अन्य लोग गुजरते हैं तथा स्कूली बच्चों का भी आवागमन होता है। पोल कब टूट जाए कोई भरोसा नहीं। यह बात जब ग्रामीणों ने मीडिया को बताई तो मीडिया के द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को संज्ञान में डाला गया है जिसपर अधिकारियों ने पोल को बदलने की बात तो कही लेकिन अभी तक टूटा पोल नहीं बदला गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस टूटे पोल की वजह से किसी भी तरह की कोई भी दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार पूर्ण रूप से विभाग होगा।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद बैठक जय नारायण इण्टर कालेज में हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ 05 अक्टूबर,** 2025 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की बैठक संगठन के प्रादेशिक अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में जय नारायण इण्टर कालेज, चारबाग, लखनऊ के सभागार में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधान परिषद खण्ड शिक्षक निर्वाचन पर विशेष चर्चा हुई। बैठक का संचालन महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने किया है। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आर.पी.मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में अनेक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक पदाधिकारियों ने बताया कि अधिकाशं विद्यालयों/शैक्षिक संस्थाओं में शिक्षक मतदाता पंजीकरण फार्म 19 दे दिए गए है और उन्हे वापस लेकर निर्वाचन कार्यालयों में जमा कराया जा रहा है। बैठक में निर्णय किया गया कि प्रदेश के सभी 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में शिक्षकों के वोटर फार्म सं0 19 प्रत्येक दशा में 06 नवम्बर तक भरवा कर निर्वाचन कार्यालयों में जमा करायें जाएं। शिक्षक नेताओं ने बताया कि



विधान परिषद खण्ड शिक्षक निर्वाचन में माध्यमिक विद्यालयों तथा उनसे उच्च शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक ही मतदाता बन सकते है और यह भी नियम है कि मतदाता बनने के लिए शिक्षक की तीन वर्ष की सेवा होनी चाहिए अथवा सेवानिवृत शिक्षक भी सेवानिवृत्त के पश्चात तीन वर्ष तक मतदाता बन सकते है।

बैठक में संगठन की सदस्यता की भी समीक्षा की गई तथा जनपदीय निर्वाचन आदि के सम्बन्ध मे दिनांक 06 नवम्बर, 2025 के पश्चात कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर निर्णय किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी, एम.एल.सी, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा,जगवीर किशोर जैन,पूर्व एम.एल.सी, सुभाष चंद्र शर्मा, पूर्व एम.एल.सी, डा. प्रमोद कुमार मिश्र, पूर्व एम.एल.सी, प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा.आर.पी.मिश्र, संरक्षणगण इन्द्रासन सिंह, रामेश्वर उपाध्याय, रमेश चन्द्र शर्मा, श्री कृष्ण यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपाध्यक्षगण हेमराज सिंह गौर, रेखा शर्मा, देव भाष्कर तिवारी, सुशील, प्रभाकर राय, दिनेश चन्द्र राय, समृद्धि मिश्रा, आय-व्यय निरीक्षक मन्नू लाल, सहित राज्य कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष/मंत्री, विभिन्न जनपदीय के अध्यक्ष/मंत्री आदि प्रमुख रूप से उपस्थित है!

## डीएम विशाख जी के आदेश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जांच शुरू- बच्चियों की शिकायत पर प्रशासन सख्त, सीसीटीवी डीवीआर जब्त

**● ......प्रिंसिपल पर बच्चियों को धमकाने और बाहरी लोगों के रात में स्कूल आने के आरोप; एडीएम ज्योति गौतम, एसडीएम, बीएसए सहित टीम ने स्कूल पहुंचकर की गहन जांच।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खुजौली में छात्राओं द्वारा की गई गंभीर शिकायतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शनिवार को तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विद्यालय की कुछ छात्राएं जिलाधिकारी विशाख जी. के समक्ष पहुंचीं और भावुक होकर अपनी पीड़ा सुनाई। बच्चियों ने बताया कि विद्यालय में प्रिंसिपल मैडम न केवल उन्हें मारती-डांटती हैं बल्कि रात के समय कुछ बाहरी





लोग गाड़ियों से स्कूल में आते हैं। जब छात्राएं उन्हें देखने की कोशिश करती हैं तो प्रिंसिपल उन्हें जान से मारने की धमकी देती हैं।

छात्राओं की इस गंभीर शिकायत को जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान में लिया और एसडीएम मोहनलालगंज तथा बीएसए को जांच के आदेश दिए। डीएम के निर्देश के बाद रविवार को ही प्रशासनिक टीम विद्यालय पहुंची। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) ज्योति गौतम, शिक्षा विभाग के अधिकारी, एसडीएम मोहनलालगंज और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामिल रहे। टीम ने स्कूल पहुंचकर बच्चियों से अलग-अलग बातचीत की और मौके पर मौजूद कर्मचारियों से भी जानकारी ली।

जांच के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय का सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर लिया ताकि रात में विद्यालय परिसर में आने-जाने वालों की गतिविधियों की सच्चाई सामने लाई जा सके। प्रशासन ने छात्राओं के बयान दर्ज कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की। टीम ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में बच्चियों की शिकायतें सत्य पाई गईं, तो संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि छात्राओं की सुरक्षा और विद्यालय की गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एमएलसी चुनाव को लेकर मतदाताओं के फार्म भरवाएं जाने पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट :** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव व 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक एमएलसी के मतदाता फॉर्म ज्यादा से ज्यादा भरवाकर जमा करने का काम प्रमुखता से करें। बताया कि सभी बूथों पर बी.एल.ए. की नियुक्ति का काम प्रमुखता से किया जाना है, जिसमें सभी लोग जिम्मेदारीपूर्वक काम करें, जिससे पार्टी बूथ स्तर पर मजबूत हो और 2027 की लड़ाई में अपना परचम बुलंद कर सकें। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं 2027 विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें। बताया कि इस बार भाजपा के किसी छलावे में नहीं पढ़ना है। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के काम को प्रमुखता



से कराने पर जोर दिया।

लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल ने बताया कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम करके पार्टी को मजबूत करें। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कार्यकर्ताओं के सारे काम करने का आश्वासन दिया। सांसद कृष्णा देवी पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ हर कदम पर खड़े रहने का आश्वासन दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सूरज सिंह पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभी को विधानसभा की तैयारियों पर जुट जाने का आह्वाहन किया।

जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बी.एल.ए. की नियुक्ति पर जोर देते हुए बताया कि सभी नेता अपने बूथ पर सभी मतदाताओं के नाम जुड़वाएं, जिससे वोट चोरी की संभावना ही न बने। संचालन जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, राष्ट्रीय सचिव लवलेश यादव, अश्विनी विक्की यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, उमाकांत यादव, कैलाश बौद्ध, चंदन कोटार्य, राकेश प्रजापति, हरि प्रसाद यादव, जगदीश यादव, अमर पटेल, अजय यादव, रमेश चंद्र शास्त्री, ऋतुराज वर्मा, रमा यादव, साबिर अली, संतोष कोटार्य, रामसागर यादव, हरिमोहन यादव, लोटन राम प्रजापति, राजबहादुर प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

दुर्घटना/हादसा

**मलिहाबाद।** रविवार शाम ट्रेन से सफर कर रहे यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई जिसकी पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से हुई पुलिस ने परिजनों को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। रेलवे कर्मचारियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई की महमूदनगर ढाल रेलवे क्रॉसिंग के पास पोल नंबर 1094 के पास शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुची पुलिस को डाउन लाइन पोल संख्या 1094 /12 से डेढ़ मीटर की दूरी पर शव औंधे मुंह पड़ा हुआ था। पोल से टकराने पर चेहरे का दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है सिर में चोटे आई हैं। बाएं पैर पर पर कटे का निशान है। मृतक काले रंग की टीशर्ट व लाइट ब्लू कलर की जींस की पैंट पहने हुए हैं। मृतक के पास से आधार कार्ड मिला जिसमें विजय कुमार पुत्र अरुण राम निवासी ककरहिया मुजफ्फरपुर बिहार मृतक के पास आधार कार्ड और एक जनरल टिकट भी प्राप्त हुआ है जिसमें यात्रा मुजफ्फरपुर जंक्शन से लखनऊ जंक्शन तक की टिकट है। जिसके आधार पर मृतक की पहचान कर मृतक के परिवार को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

## महिला की हत्या में शामिल दो महिलाओं समेत पांचो आरोपी गिरफ्तार

**● रूपयों के लेनदेन को लेकर महिला की कुल्हाड़ी से काटकर की गई थी हत्या**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के टटियापुर मजरे बसंतपुर कठोईया गांव में गत बृहस्पतिवार को कुल्हाड़ी लाठी डंडों से पीट-पीटकर एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके आरोप में पुलिस टीम ने हत्या में शामिल दो महिलाओं समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। आरोपियों ने मृतका से करीब एक लाख पंद्रह हजार रुपये उधार लिए थे। जिसे मृतक महिला ने अपने जेवर गहने रखकर आरोपियों को दिए थे। महिला ने जब रुपए मांगे तो आरोपियों ने देने से मना कर दिया इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कई बार विवाद हुआ। रुपए न देने पड़ें इसलिए आरोपियों ने योजना बनाकर महिला कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर नो गंभीर चोटें पाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक अधिक रक्तश्राव हो जाने के कारण महिला की मौत हो गई। महिला की हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिंहा व फॉरेंसिक टीम ने जरूरी छानबीन की। आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गई।

एक टीम प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व दूसरी टीम एसआई नितिन मलिक की अगुवाई में आरोपियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी की। प्रभारी निरीक्षक की टीम में शनिवार के रात आरोपी शिवम पुत्र अमर बहादुर ,अमर बहादुर पुत्र दयाराम को रणमऊ तिराहे के पास गिरफ्तार कर लिया जबकि गुड्डी पत्नी अमर बहादुर व धुन्नी पत्नी सदाशिव शंकर बस खेड़ा खीरो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशान पर ही पर कीर्तिपुर नहर पटरी के निकट झाड़ियों से आला कत्ल कुल्हाड़ी व डंडे बरामद कर लिए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया। वारदात के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी करने में सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जमुरवा बॉर्डर पर स्थित नदी में तैरती लाश बनी चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुरवा पर ग्राम सभा के बीच से गुजरती हुई नदी में तैरती लाश बनी चर्चा का विषय ग्रामीणों का कहना है कि यह लाश जो बरामद हुई है मुकेश कुमार पुत्र राजाराम निवासी चोखे का पुरवा उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास जोकि अपने मामा के यहां करीब बचपन से ही रहता था और उनके माता-पिता ने उनके बचपन में ही साथ छोड़ दिया था तब से वह अपने मामा के निज निवास चौकी के पूर्व में रहता था और मामा मामी ने ही उनका शादी विवाह करवाया था इस गांव के कुछ लोगों के अनुसार मिली जानकारी की मुकेश कुमार सुबह घर से निकाला था और शाम तक घर वापस नहीं लौटा लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला और करीब 3:00 बजे जम्मू राम स्थित बॉर्डर से गुजरने वाली नदी में लाश मिलने की सूचना पर पहुंचे मुकेश के



दबी जुबान ग्रामीणों का कहना है कि मिली लाश पर चोट के निशान भी है और ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कर शव को नईया नाला पुल के पास फेंका गया है तो वहीं मृत्य युवक की मोटरसाइकिल करमगंज से बरामद हुई है जिससे यह चर्चा और तेज हो गई है कि लाश जमुरावा गांव नईया नाला के पास और गाड़ी करमगंज में इससे यह साफ जाहिर होता है कि साजिश कर्ताओं ने साजिश कर हत्या को अंजाम देकर लाश को ठिकाने लगाने का काम किया वही एक बार फिर कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन कर हत्यारों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पारिवारिक जन के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश कुमार सुबह 6:00 निकला हुआ था और तब से घर नहीं गया लाश मिलने की सूचना पर पारिवारिक लोगों ने पहुंचकर पहचान की पहचान के मुताबिक मिली लाश मुकेश की ही थी जिस पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी।ग्रामीणों द्वारा मिली सूचना के अनुसार

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) का शताब्दी वर्ष- कसमंडी कला में भव्य "पथ संचलन"

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** विजयदशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर मलिहाबाद के कसमंडी कला में स्वयंसेवकों ने एक विशाल पथ संचलन निकाला जो अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति समर्पण और स्वयंसेवकों के संगठित शक्ति का अनूठा प्रदर्शन रहा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे जिनमें उमाकांत (प्रांत गोसंवर्धन प्रमुख), कोमल (जिला प्रचारक) और अभय तिवारी (जिला कार्यवाह) शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने न सिर्फ स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि कार्यक्रम को और भी अधिक



गरिमापूर्ण बना दिया।

**पाँच परिवर्तनों पर ज़ोर**

कार्यक्रम के दौरान, जिला प्रचारक कोमल ने सैकड़ों उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में पाँच महत्वपूर्ण परिवर्तनों के विषय में मार्गदर्शन किया। यह माना जाता है कि ये पाँच परिवर्तन समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए एक नई दिशा देंगे और स्वयंसेवकों को अपने कार्यक्षेत्र में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे। स्वयंसेवकों का अनुशासनबद्ध प्रदर्शन और प्रकट राष्ट्रभक्ति क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। यह भव्य आयोजन न केवल संघ के एक सदी के सफर को दर्शाता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके अटूट संकल्प को भी पुनः स्थापित करता है।

## 114 बाल श्रमिकों को चिन्हित कर 89 सेवायोजकों के विरुद्ध पंजीकृत कराएं गए वाद

**● जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** दिसम्बर 2026 तक जनपद को तक बाल श्रम मुक्त जनपद घोषित कराने के लिए शनिवार को बाल श्रम उन्मूलन के लिए गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सीडीओ ने बाल श्रम बाहुल्य क्षेत्र (हाट स्पाट) को चिन्हित किये जाने तथा इसके उपरान्त इन स्थलों में नियोजित अथवा स्वरोजगार में संलग्न बाल श्रमिकों व किशोरों के सम्बन्ध में उनके माता-पिता का नाम, निवास स्थान, परिवार का विवरण अध्ययनरत होने या न होने आदि विवरण एकत्रित अवगत कराये जाने के निर्देश दिए। जिससे उनके माता-पिता को पात्रता के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से अच्छादित कराया जा सके। साथ ही कहा कि ऐसे चिन्हित बच्चों को सुसंगत कक्षा में प्रवेशित कराकर निरन्तर उनकी ट्रैकिंग शिक्षा विभाग के माध्यम से कराएं। इसके अलावा शासन की मंशानुरूप प्रत्येक गाव को चाइल्ड फ्रेंडिली विलेज घोषित कराये जाने के लिए जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में तैनात सचिवो व पंचायत सहायकों को नोडल बनाकर ग्राम स्तर पर होने वाली विभिन्न समितियों की बैठक में बाल श्रम उन्मूलन की जागरूकता के बिन्दु पर भी चर्चा की जाए। इसके लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक ऐसा रजिस्टर तैयार किया जाए, जिसमें उस ग्राम ग्राम पंचायत से सम्बन्धित सम्भावित बाल श्रमिकों व किशोरो का विवरण मौजूद रहे। जिससे उसके शैक्षणिक एवं उसके परिवार के आर्थिक पुनर्वासन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में चिन्हित 114 बाल श्रमिको व किशोरों के अध्ययनरत होने की प्रभावी ट्रैकिंग शिक्षा विभाग से कराएं।

सहायक श्रमायुक्त आर के गुप्ता ने बताया कि बाल श्रम अधिनियम 1986 एवं 2016 के अनुसार बाल श्रम 14 वर्ष तक पूर्णतः वर्जित है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार खतरनाक श्रेणी के अन्तर्गत बाल श्रमिक नियोजित पाये जाने पर न्यूनतम 06 माह से लेकर 02 वर्ष तक के कारावास की सजा या न्यूनतम 20,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक के अर्थदण्ड या दोनो से दण्डित करने का प्रावधान है। बताया कि इसकी पुनरावृत्ति करने पर सेवायोजक के विरूद्ध एक वर्ष से लेकर तीन वर्ष तक की कारावास की सजा का भी प्रावधान है। इसके अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद में बाल श्रम उन्मूलन करने के लिए 89 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कराकर 114 चिन्हित बाल श्रमिक या किशोर नियोजित करने वाले 89 सेवायोजकों के विरूद्ध न्यायालय में वाद पंजीकृत कराया गया है।

## रोमांचक कुश्तियों को देखकर तालियां पीटने पर मजबूर हुए दर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** रामलीला समिति द्वारा मऊ में शनिवार को दंगल का आयोजन कराया गया। जिसमें पहलवानों ने शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। रामलीला समिति के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शुक्ला कैरा महराज ने बताया कि मऊ में कई दशकों से रामलीला का आयोजन कराया जाता है। साथ ही दशहरे में रावण वध के बाद विशाल दंगल का भी आयोजन होता है। इसी क्रम में शनिवार को हुए दंगल में पहलवानों ने शानदार कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। दंगल में युवा समाजसेवी अजय मिश्रा और विजय मिश्रा ने मनीष पहलवान मोहनपुर व राजू पहलवान महोबा का हाथ मिलाकर 5100 रुपये की इनामी



कुश्ती कराई। इस दौरान रोमांचक कुश्ती में महोबा के राजू पहलवान को मनीष पहलवान ने चित कर दिया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख नवल किशोर मिश्रा, मुकेश वाजपेयी, सुबोध कुमार शुक्ल, राममनोहर, प्रेम शंकर पाण्डेय, राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सादगी से शोर-शराबे तक-त्योहारों का रूपांतरण

**परंपराएँ- जीवन दर्शन से इवेंट मैनेजमेंट तक**

**संस्कृति बनाम सांस्कृतिक प्रदर्शन**




संस्कृति किसी समाज की आत्मा है, उसकी जीवंत धड़कन। यह केवल रीति-रिवाज, त्योहार या परंपराओं का बाहरी आवरण नहीं, बल्कि वह गहरा दर्शन है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है, जीवन को अर्थ और गहराई देता है। त्योहार, धर्म और परंपराएँ कभी केवल उत्सव नहीं थे; वे संवेदनाओं को जगाने, सामूहिकता को मजबूत करने और आत्मिक संतुलन स्थापित करने का माध्यम थे। लेकिन आज, इनकी आत्मा कहीं खो सी गई है। त्योहार अब 'इवेंट' बनकर रह गए हैं, जहाँ भक्ति और भावनाएँ पीछे छूटती हैं, और चमक-दमक, शोर-शराबा व दिखावा हावी हो जाता है। यह बदलाव न केवल हमारे सामाजिक व्यवहार को दर्शाता है, बल्कि हमारी संस्कृति की गहराई पर गंभीर सवाल भी खड़े करता है। पहले त्योहार सादगी में सौंदर्य और सामूहिकता में आनंद का प्रतीक थे। दीपावली में घर-आँगन की सफाई, मिट्टी के दीयों की जगमगाहट, माँ के हाथों की मिठाइयाँ और पड़ोसियों के साथ साझा हँसी–ये रस्में नहीं, बल्कि जीवन को प्रेम और एकजुटता से जीने का तरीका थीं। गणेशोत्सव में मोहल्ले के लोग मिलकर मूर्ति बनाते, भक्ति और उत्साह के साथ विसर्जन तक एकजुट रहते। नवरात्रि में मातृशक्ति की आराधना केवल पूजा नहीं थी; यह नारी सम्मान और सामाजिक एकता का उत्सव थी। ये त्योहार समाज को जोड़ने वाली डोर थे, जो आत्मिक और सामाजिक संतुलन का आधार बनाते थे। लेकिन अब यह तस्वीर बदल चुकी है। दीपावली की रोशनी अब मिट्टी के दीयों से कम, महंगी एलईडी लाइट्स और आडंबरपूर्ण सजावट से ज्यादा चमकती है। घर की सादगी भरी पूजा थीम-बेस्ड पंडालों, डिज़ाइनर दीयों और भव्य शो-पीस की चमक में गुम हो गई है। गणेशोत्सव और दुर्गा पूजा जैसे पवित्र आयोजन अब भक्ति से ज्यादा डीजे, लाउडस्पीकर और सामाजिक प्रतिष्ठा की होड़ का हिस्सा बन गए हैं। नवरात्रि, जो कभी मातृशक्ति की भक्ति और सामूहिक नृत्य का प्रतीक थी, अब टिकटों, प्रायोजकों और 'गरबा नाइट्स' के व्यावसायिक आयोजनों में सिमट रही है। यहाँ तक कि होली जैसे रंगों का त्योहार भी अब 'रेन डांस' और 'पूल पार्टी' जैसे आयोजनों में अपनी परंपरागत पहचान खो रहा है। क्या यह बदलाव समय की माँग है, या हम अपनी संस्कृति को सतही चमक में खोते जा रहे हैं? सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया है। त्योहार अब केवल परिवार के साथ आनंद लेने का अवसर नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, फेसबुक, ट्विटर/एक्स और टिकटॉक पर प्रदर्शन का मंच बन गए हैं। पूजा से पहले लोग कैमरे की सेटिंग देखते हैं, ताकि 'परफेक्ट शॉट' मिले। सजावट, परिधान, यहाँ तक कि पूजा की थाली भी अब सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' बटोरने की कसौटी पर चुनी जाती है। त्योहारों की आत्मा अब 'कंटेंट क्रिएशन' में तब्दील हो रही है। लोग दीपावली की तस्वीरें अपलोड करते हैं, गणेशोत्सव की स्टोरीज बनाते हैं, और नवरात्रि के गरबा वीडियो वायरल करने की होड़ में लगे रहते हैं। यह दिखावा अब व्यक्तिगत ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी हावी है। भव्य पंडाल, प्रायोजित 'सांस्कृतिक' शो और बड़े-बड़े आयोजन अब श्रद्धा से ज्यादा सामाजिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुके हैं। यह सब देखकर मन में एक गहरा सवाल उठता है–क्या हम अपनी संस्कृति को केवल एक चमकदार 'प्रदर्शन' तक सीमित कर रहे हैं? परंपराओं का बदलना कोई अपराध नहीं। हर युग अपने रंग-ढंग लाता है। लेकिन जब ये बदलाव श्रद्धा, भावना और आत्मिक गहराई को पीछे छोड़ दें, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। संस्कृति कोई सजावटी वस्तु नहीं; यह वह जीवंत धड़कन है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है, हमारे अस्तित्व को अर्थ देती है। यदि हम इसे केवल भव्यता और दिखावे तक सीमित कर देंगे, तो उसकी आत्मा खो जाएगी। इस दिखावे की होड़ का एक और गंभीर पहलू है–यह सामान्य व्यक्ति पर अनावश्यक दबाव डाल रही है। हर कोई चाहता है कि उसका त्योहार 'ट्रेंडी' और 'इंस्टा-वर्थी' हो। इसके लिए लोग अपनी आर्थिक स्थिति से परे खर्च करने को मजबूर हैं। महँगे कपड़े, थीम-बेस्ड सजावट और भव्य आयोजनों की चाह में कई कर्ज के बोझ तले दब रहे हैं। यह दबाव केवल आर्थिक ही नहीं, मानसिक भी है। त्योहारों का असली आनंद–जो सादगी और साझा भावनाओं में बसता था–अब 'इम्प्रेशन' और 'इंस्टेंट लाइक्स' की दौड़ में गुम हो रहा है। हालाँकि, यह कहना गलत होगा कि आधुनिकता या भव्य आयोजनों का कोई लाभ नहीं। बड़े आयोजन सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं, स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों को अवसर देते हैं, और कला-संस्कृति को नए मंच प्रदान करते हैं। लेकिन जब ये आयोजन भक्ति और भावना की जगह ले लेते हैं, तब संतुलन बिगड़ जाता है। जब पूजा की गहराई खो जाए और केवल पंडाल की भव्यता बाकी रह जाए, तब संस्कृति एक खोखला प्रदर्शन बनकर रह जाती है। हमें यह समझना होगा कि संस्कृति कोई मंचीय नाटक नहीं; यह वह जीवंत अनुभूति है, जो हमारे दिलों में बसती है। इसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जा सकता है, बशर्ते हम उसकी आत्मा को न भूलें। अगर हम दीपावली पर एलईडी लाइट्स जलाते हैं, तो मिट्टी के दीयों की लौ को भी जिंदा रखें। अगर हम गरबा नाइट्स में शामिल होते हैं, तो उसे केवल डांस पार्टी न बनाएँ, बल्कि भक्ति और सामूहिक आनंद का उत्सव बनाएँ। अगर हम सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हैं, तो उनका उद्देश्य केवल दिखावा न हो, बल्कि संस्कृति को प्रेम और सम्मान के साथ दुनिया तक पहुँचाना हो। संस्कृति तभी सजीव रहती है, जब उसे दिल से जिया जाए। अगर वह केवल मंच, सजावट और शोर तक सिमट जाए, तो उसका असली मोल खो जाएगा। त्योहार हमें जोड़ने के लिए हैं, न कि प्रतिस्पर्धा की आग में झोंकने के लिए। वे हमारे भीतर की रोशनी जगाने के लिए हैं, न कि केवल बाहरी चमक दिखाने के लिए। आज हमें संस्कृति और 'सांस्कृतिक प्रदर्शन' के बीच का अंतर समझना होगा। हमें तय करना होगा कि हम त्योहारों को जीते हैं या उन्हें केवल 'इवेंट' की तरह पेश करते हैं। यह चुनाव न केवल हमारी संस्कृति को परिभाषित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी दिखाएगा कि संस्कृति का असली मतलब क्या है–एक जीवंत अनुभूति या मात्र एक खोखला प्रदर्शन।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## धरती पर चलते तीर्थ- विहार में मोक्ष का मार्ग

**बिना स्थायित्व के स्थिरता:दिगंबर जैन साधु-साध्वियों का विहार परिवर्तनशील संसार में अडिग: दिगंबर साधु-साध्वियों का अनुशासन**



धरती पर शायद ही कोई जीवन दिगंबर जैन साधु-साध्वियों के विहार जितना कठोर, अनुशासित और आध्यात्मिक हो। जहाँ साधारण मनुष्य घर, संपत्ति और भौतिक सुखों के पीछे भागता है, वहीं दिगंबर साधु इनका पूर्ण त्याग कर निरंतर विहार में रहते हैं। नग्न, बिना किसी संग्रह के, प्रकृति के कठोर ताप सहते हुए वे आंतरिक शांति और स्थिरता के प्रतीक बनते हैं। यह जीवन अहिंसा और अपरिग्रह का जीवंत उदाहरण है, जो सिद्ध करता है कि सच्ची स्थिरता बाहरी सुखों में नहीं, बल्कि आत्मिक संयम और अनासक्ति में है। दिगंबर परंपरा में वस्त्रों का त्याग मोक्ष का प्रथम द्वार माना जाता है, जो साधु को संसार की माया से मुक्त करता है।

दिगंबर जैन विहार का सार है–निरंतर यात्रा, सजगता और जीव-करुणा। साधु-साध्वियाँ नंगे पाँव पैदल चलते हैं, चाहे धरती सूरज की तपिश से जल रही हो या बारिश की बूंदें चुभती हों। जैन आगमों के अनुसार, उनकी नग्नता–जिसमें दिशाएँ ही वस्त्र हैं–अपरिग्रह का प्रतीक है। वे लंबे समय तक कहीं नहीं रुकते, सिवाय चातुर्मास के, जब चार माह साधना और प्रवचन में बिताते हैं। यह विहार उन्हें संसार की नश्वरता की याद दिलाता है, क्योंकि दिगंबर दर्शन में आत्मा ही शाश्वत है, शरीर और बाह्य वस्तुएँ क्षणिक। परिषह (कष्ट सहन) उनके जीवन का हिस्सा है–भूख, प्यास, ठंड, गर्मी को सहते हुए वे परिषह जय प्राप्त करते हैं। 'सर्वार्थसिद्धि' ग्रंथ कहता है कि परिषह स्वाभाविक हैं, जबकि बाह्य तप इच्छा से किए जाते हैं, और दिगंबर साधु इन्हें सहजता से अपनाते हैं।

इस विहार की स्थिरता का रहस्य आत्मबल और संयम है। बिना घर-द्वार के भी वे अडिग रहते हैं, क्योंकि उनकी स्थिरता आंतरिक है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज, जिन्होंने 22 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन त्यागा और कठोर नियमों का पालन किया, ने कहा था: "सच्ची स्थिरता संग्रह में नहीं, त्याग में है। अपरिग्रह अपनाने पर संसार की हलचल मन को छू नहीं पाती।" उनका जीवन इसका प्रमाण है–नमक, चीनी, हरी सब्जियाँ, दूध-दही का त्याग; दिन में एक बार जल ग्रहण; अनियत विहार। वे न एयर कंडीशंड कमरों में रुके, न मौसमी वस्त्र अपनाए। ठंड में बिना कंबल, गर्मी में बिना छत्र, वे विहार करते रहे। मुनि प्रणम्यसागर जी ने 'अनासक्त महायोगी' में लिखा कि आचार्य विद्यासागर जी का प्रत्येक कदम आत्म-जागृति का संदेश था: "मनुष्य स्थायित्व की खोज में भटकता है, पर स्थिरता अनासक्ति से जन्म लेती है।"2024 में चंद्रगिरि तीर्थ पर सल्लेखना द्वारा समाधि तक, उनका जीवन दिगंबर विहार का आदर्श रहा।

दिगंबर जैन विहार अनुशासन और संयम की जीवंत मिसाल है। साधु का संग्रह केवल पिच्छी (सूक्ष्म जीवों की रक्षा हेतु), कमंडल और शास्त्र तक सीमित है। नींद बिना बिस्तर के, जमीन पर। 18 परिषह–भय, रोग, शीत–सहते हुए वे चारित्र की रक्षा करते हैं। तत्त्वार्थ सूत्र में वर्णित छह बाह्य तप–अनशन, रसायन, प्रभुधे–उनके दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। यह कठोरता उन्हें असाधारण बनाती है। दिगंबर दर्शन में साध्वियाँ भी समान नियमों का पालन करती हैं, हालाँकि कुछ परंपराएँ उन्हें नग्नता से अलग रखती हैं, फिर भी वे पूर्ण मोक्ष की पात्र हैं।

यह विहार केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, समाज के लिए प्रेरणा है। जब दिगंबर साधु बिना संपत्ति के संतुष्ट रह सकता है, तो गृहस्थ अपनी आवश्यकताओं को क्यों नहीं सीमित कर सकता? आचार्य विद्यासागर जी ने कहा: "अहिंसा केवल भोजन का त्याग नहीं, हर कदम पर जीव-रक्षा है। विहार सिखाता है कि करुणा से स्थिरता मिलती है।" मुनि प्रमाणसागर जी ने बल दिया: "परिवर्तनशील संसार में स्थिरता का रहस्य अनासक्ति है।" उनका जीवन बताता है कि बाहरी स्थायित्व क्षणिक है, पर आंतरिक स्थिरता शाश्वत। आज के उपभोक्तावादी युग में, जहाँ भौतिकता हावी है, दिगंबर विहार का संदेश प्रासंगिक है: सुख त्याग में है, संग्रह में नहीं।

दिगंबर साधु-साध्वियों का विहार जीवन की नश्वरता का बोध कराता है। आज का स्थान कल बदल जाएगा, आज का संबंध कल टूट सकता है। फिर मोह के बंधन क्यों? यह साधना मोह-माया से मुक्ति दिलाकर परम शांति की ओर ले जाती है। नग्न वेष में, पिच्छी हाथ में, नंगे पाँव धूल भरे रास्तों पर चलते साधु चलते-फिरते तीर्थ हैं। उनका मौन, संयम और सजगता मानवता को पुकारती है: स्थिरता के लिए स्थायित्व जरूरी नहीं। आचार्य विद्यासागर जी के शब्द हैं: "आत्मा का बोध ही सच्चा आश्रय है।" प्रमाणसागर जी ने स्पष्ट किया: "विहार में स्थिरता का रहस्य है–सब त्यागकर स्वयं को पाना।"

दिगंबर विहार का संदेश है कि शांति बाहरी खोज में नहीं, आंतरिक यात्रा में है। बाहरी स्थायित्व क्षणभंगुर, पर आंतरिक स्थिरता अनंत। साधु-साध्वियों का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सुख धन में नहीं, संयम और त्याग में है।

उनका हर कदम चीखता है–बिना स्थायित्व के भी स्थिरता संभव है। यह परंपरा हमें आत्म-निरीक्षण का अवसर देती है: क्या हम इच्छाओं को सीमित कर सकते हैं? क्या अहिंसा को जीवन का आधार बना सकते हैं? क्या मोह त्यागकर स्थिरता पा सकते हैं? यह विहार केवल साधना नहीं, एक दर्शन और क्रांति है, जो मानवता को मुक्ति का मार्ग दिखाती है। इस संदेश को अपनाकर हम संसार की अस्थिरता से अडिग रह सकते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# उतरप्रदेश और बिहार में नींव से खिसकते अनेक राजनीतिक दल

राजनीतिक दल चुनाव लड़ने के लिए बनाए जाते जाते हैं। उसका आधार एक विचार होता है। उसके लिए संगठ बनता है। जो लोगों को उस विचार के लिए प्रेरित करता है। यही नियम है। इसे उत्तर प्रदेश के चुनाव मेंभी ध्वस्त होते देखा गया था।हर दल अपनी नींव से खिसक गए हैं। मानो उसमें भूकंप आ गया हो। इसे हर पल में घट रही घटनाओं के उदाहरण से समझा जा सकता है।पहले उस दल को देखना उचित ही होगा जो उत्तर प्रदेश में पांच साल से शासन में था। वह सपा है। यह पार्टी सितंबर, 2016 से राजनीतिक भूकंप के झटके लगातार झेल रही है। वह झटका जारी है। जिसने पार्टी बनाई वह बेगाने शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तरह हो गए हैं। वे मुलायम सिंह थे। जो कब क्या बयान देकर विवाद छेड़ देते, इसे वे भी नहीं जानते थे।समाजवादी ड्रामा तीन महीने तक चला।बाप-बेटे के बीच विवादों की स्क्रिप्ट लिखी गई।लेकिन इतने समय के विरोधाभास के बाद आखिर जीत तो अखिलेश की हुई।कौन माता पिता इस दुनिया मे अपनी संतान से हारते हुए देखना चाहते है।हर अभिभावकों के मन मे एक ही इच्छा रहती है कि मैं भले ही हार जाऊ,लेकिन मेरी संतान हर कदम पर जीत की खुशियां मनाए और अंततः वही हुआ।मुलायमसिंह कोर्ट से हार गए। मान सकते हैं कि वे सदमे बहुत भारी थे। वैसे ही जैसे घर के ढेर हो जाने घर मालिक होता है। सपा के दूसरे कद्दावर नेता शिवपाल बोल पड़े थे कि चुनाव बाद नया दल बनाएंगे। इस तरह की उथल-पुथल ने अखिलेश यादव का मनोबल तोड़ दिया और वे उस कांग्रेस की गोद में जा बैठे।जोकि कांग्रेस का उतरप्रदेश में जनाधार नही था।अगर वो जिंदा नही हुई और जिंदा हो जाती तो सपा को खा जाती । बसपा का हाल उससे भी बुरा था। वह कायदे से राजनीतिक दल बनने के रास्ते पर चली ही नहीं। वह जाति और मजहब के गठजोड़ की उपज है। बीते त 12 सालों से बसपा का घर उजड़ गया है। उसके ज्यादातर नेता भाजपा में जा चुके हैं। उनमें वे भी हैं जो बसपा के जन्मजात नेता रह थे। कुछ सालों पहले की बसपा को आज पहचानना कठिन है। हाथी की चाल मन्द पड़ चली है। मायावती की कोई राजनीतिक हलचल दिखाई नही देती है। कोई भी राजनीतिक दल दो बातों से पहचाना जाता है। विचार और नेतृत्व से। बसपा इन दोनों रूपों में भी अपनी पहचान खो चुकी है। वह खुद को खोज रही है।

इस भटक़ाव में वह उत्तर प्रदेश में दलित-मुस्लिम गठजोड़ का ताना-बाना बुन रही होगी। ध्रुवीकरण पर उसकी आस टिकी है।योगी आदित्यनाथ के आने के बाद पूर्व पार्टियां सत्ता से बंधी हुई थी।आज के वर्तमान में उनके शासन को याद तक नही करते है।जंगलराज के तमगे से उपजी ये पार्टियां लोगो पर सितम ढाहने में अपना वर्चस्व स्थापित करचुकी थी। इनके शासनकाल में लखनऊ गुंडा और माफियो की शरणस्थली बन चुका था। कह सकते हैं कि2017 के पहले उत्तर प्रदेश गहरे राजनीतिक संक्रमण के दौर में था।चुनाव ने उसे तेज कर दिया है। इसके साफ-साफ दो कारण थे। पहला यह कि विधानसभा का चुनाव पिछले परिणाम से उभरी राजनीति के उस चुनाव में हर दल ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। भारी जोखिम मोल ले ली थी।दूसरा यह कि चुनाव परिणाम से हर दल बदल जाएगा। लेकिन हर दल में 'परकाया प्रवेश' हो चुका था। इर्द-गिर्द नहीं हो रहा था।2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम से जो हस्तक्षेप उत्तर प्रदेश की राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने किया, वही प्रमुख आधार हो गया था। दूसरा यह कि चुनाव उत्तर प्रदेश की सत्ता कौन संभाले, इसके लिए हो रहा था। पर यह 2019 के लोकसभा चुनाव का प्रहसन भी हो गया। इससे कोई दल बचा नहीं था। भाजपा भी नहीं। जितना असंतोष भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं मेंउस समय था उतना कभी नहीं था।क्योकि भाजपा की 2014 के पहले शुरुआती दौर था। बगावत की आवाज चारों ओर से उठ रही थी। उसे शांत करने के लिए खून पसीना एक किया जा रहा था। हर चुनाव में थोड़ा बहुत असंतोष तो होता ही है। उस बार का अकल्पनीय था। इसके कारण बहुत साफ थे। भाजपा में शामिल होने वालों की संख्या हर रिकार्ड तोड़ चुकी थी। कांग्रेस, सपा और बसपा से आए नेताओं को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था। उनकी संख्या 155 से ज्यादा थी।यानी इतने क्षेत्रों में भाजपा नेता अवसर से वंचित हो गए थे। वे बड़ी उम्मीद में थे। तब भाजपा का उम्मीदवार होना ही चुनाव जीतने की पक्की गारंटी मानी जा रही थी। भाजपा में आए हुए समूह मेंकोई गीले शिकवे नही थे।

अक्सर चुनाव में परिणाम के बाद भाजपा अपनी समीक्षा में पाती रही है कि टिकट का बंटवारा ठीक नहीं हुआ था। उससे सबक लेकर कोई कदम भाजपा नेतृत्व पहले नहीं उठाता था। तब अमित शाह ने जो उम्मीदवार चयन की प्रणाली अपनाई वह हस्तक्षेप से अछूती रही थी। उन नेताओं की नहीं चली जो टिकट की बंदरबाट के लिए बदनाम हुए। इसमें वे भी कुछ नहीं कर सके जो 'नैतिक सत्ता' का दबाव बनाकर हस्तक्षेप कर लेते थे। उतरप्रदेश में कांग्रेस सालों से हासिए पर है। अपने पुनरोदय के लिए हाथ-पांव मार रही थी। राहुल गांधी की खाट यात्रा उसी कड़ी में थी। अगर वही राह कांग्रेस ने ली होती तो वह अपने बलबूते पर चुनाव लड़ती। उसने बिहार के अनुभव से फायदा इसमें ही देखा कि सपा की सहयोगी पार्टी बन जाए। इसी तरह अजीत सिंह का लोकदल कहीं आसरे की खोज में था। उसे सहयोगी बनाने से सपा हिचक गई। क्योंकि अफसरों ने अखिलेश यादव को बताया कि अजीत सिंह के आने से -प्रतिक्रिया में मुसलमान बसपा में चले जाएंगे। हर दल की राजनीति पर सरसरी निगाह डालने से कुछ निष्कर्ष निकलते हैं। एक यह है कि इस चुनाव में हर दल ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। भारी जोखिम मोल ले ली थी। दूसरा यह कि चुनाव परिणाम से हर दल बदल जाएगा। वह नहीं रहेगा जो होता था और है। क्योंकि हर दल में 'परकाया प्रवेश' हो चुका था तीसरा यह कि हर दल में पीढ़ी और पद परिवर्तन का दृश्य है। नई पीढ़ी नेतृत्व संभालने वाली रही ।चौथा यह कि हर दल की नजर युवा मतदाता पर थी। युवा के नखरे पर राजनीति का कदम ताल तय होने जा रहा था।बिहार की यही हालत है।लालू की राजद कई वर्षो से राजनीतिक गलियारों से बाहर है।नीतीश कुमार के गठबंधन के कारण तेजस्वी कुछ समय के लिए उपमुख्यमंत्री बन गए थे।जेडीयू कई वर्षो से गठबंधन की सरकार चला रही है।बिहार में कई प्रादेशिक दल है जो जशिये पर धकेल दिए गए है।उनका नाम राजनैतिक मंच पर चुनाव के समय ही सुनने को मिलता है। उतरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने भूल की थी,वही भूल तेजस्वी यादव कांग्रेस को साथ लेकर कर रहे है।बिहार की राजनीति में तीस वर्षो से सत्ता से बाहर कांग्रेस का भविष्य एक सर्वे पर भरोसा करें तो कांग्रेस के पास आज भी बिहार में जनाधार नही है।नीतीश कुमार में चुनाव से पूर्व 75 लाख महिलाओं के खाते में दस दस हजार ट्रांसफर किये है।उससे और अधिक रकम ऋण के तौर पर देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश ने घोषणा की है।

**कांतिलाल मांडोत**

# धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत नहीं बल्कि नैतिक आस्था,लोकतंत्र का आधार स्तंम्भ



धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील आधारशिला है। यह केवल संविधान की पंक्तियों में लिखा गया शब्द भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का प्राणतत्व है। भारतीय राजनीति की आत्मा इसी से पोषित होती है। परंतु दुखद है कि आज धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कई बार केवल संवैधानिक औपचारिकताओं तक सीमित रह जाती है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेशों में साम्प्रदायिक झगड़ों की घटनाओं ने इस सिद्धांत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई है और इसके संवैधानिक अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म से विद्वेष रखना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में इसे "सर्वधर्म समभाव" कहा गया है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य है - राज्य और धर्म का परस्पर हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्ति और उसके अधिकारों को सर्वोच्च मान्यता देना। वहीं भारतीय संदर्भ में यह और अधिक व्यापक है–यह न केवल धर्म और राजनीति के पृथक्करण पर बल देता है, बल्कि समाज में विविध धार्मिक मतों के बीच सहिष्णुता, आदर और समान अवसर की स्थापना का भी उपक्रम करता है।भारत की आज़ादी के बाद से धर्मनिरपेक्षता ने लोकतंत्र को शक्ति दी है। यहां राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है; सब नागरिक कानून और व्यवस्था की दृष्टि से समान हैं। हर व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। संविधान का 42वां संशोधन (1976) इस भावना को और स्पष्ट करता है, जिसमें ÷पंथनिरपेक्ष÷ शब्द को प्रस्तावना में जोड़ा गया–अर्थात राज्य किसी विशेष मत को न अपनाएगा और न ही किसी धर्म के प्रति भेदभाव करेगा।महात्मा गांधी, मौलाना आज़ाद, नेहरू, पटेल और शास्त्री जैसे राष्ट्रपुरुषों ने धर्मनिरपेक्षता को केवल राजनीतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि नैतिक आस्था माना। स्वतंत्रता संग्राम से पहले हुए सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने भी इस मार्ग को प्रशस्त किया। यही कारण है कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति विविधता में एकता रही है–और इस एकता का मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता ही है।आज भारत विकास की सीढ़ियाँ चढ़कर एक वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम धर्मनिरपेक्षता की इस स्वस्थ परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखें। लोकतांत्रिक दलों, मीडिया, न्यायपालिका, कार्यपालिका और आम नागरिक–सभी को यह संकल्प लेना होगा कि वे इसे केवल नारों और चुनावी मुद्दों तक सीमित न रखें। क्योंकि जब-जब राजनीति ने धर्मनिरपेक्षता को अपने स्वार्थ के लिए हथियार बनाया, समाज का संतुलन बिगड़ा और आम जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा।भारतीय धर्मनिरपेक्षता हमें तर्क, विवेक और स्वतंत्रता की संस्कृति देती है। यह न केवल वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है, बल्कि हर नागरिक को आत्मसम्मान और समान अवसर का आश्वासन भी देती है। इस दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है–जो विविधता को एकता में रूपांतरित कर, भारत को विश्व के लिए आदर्श प्रतिमान बना सकती है।आज आवश्यकता है कि इस शाश्वत सिद्धांत को केवल संविधान की पंक्तियों तक सीमित न रखकर, जीवन की प्रत्येक धारा में उतारा जाए। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और भारत का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप विश्व मंच पर प्रकाश स्तंभ की भांति जगमगाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# त्योहार पर मिलावट सेहत में गिरावट का खतरा




त्योहार के समय जहां लोग एक-दूसरे का मुंह मीठा कराने के लिए मिठाइयां खरीद रहे हैं वहीं कुछ मुनाफाखोर इसमें नकली देशी घी की मिलावट कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कई कार्रवाई में 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए।करावल नगर के शिव विहार से आरोपी सफीक (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। यहां से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद की गईं।

शिव विहार फेज-7 में छापा मारकर चार आरोपियों यूसुफ मलिक (50 वर्ष), उनका बेटा मेहबूब (22 वर्ष), शाकिर (गाजियाबाद) और शाहरुख (गाजियाबाद) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 28 टिनों में 440 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य सामान जब्त किया गया।

पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया।

निजी स्वार्थो से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। इसी के पिछले लगभग 3 सप्ताह के उदाहरण निम्न में दर्ज हैं 15 सितम्बर को 'दिल्ली' की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर बृजेश को गिरफ्तार किया जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है।

23 सितम्बर को 'जयपुर' (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने ' चांदपोल बाजार' स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितम्बर को ही 'जयपुर' (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने 'मालवीय नगर' में एक 'पिकअप वैन' को जब्त कर उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया। 26 सितम्बर को 'बुलंदशहर' (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 'सोन पापड़ी' के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली 'सोन पापड़ी' जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितम्बर को 'निजामपुर' (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनाई जा रही थीं। 28 सितम्बर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर 'अलवर' (राजस्थान) से 'जयपुर' ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया 29 सितम्बर को राजस्थान के 'बानसूर' और 'कोटपूतली' में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया।

30 सितम्बर को 'गुरुग्राम' (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सी.एम. फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैम्पल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30सितम्बरको 'कोटपूतली' (राजस्थान) के 'विराटनगर' में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो 'सिंथेटिक पनीर' बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया। 1 अक्तूबर, 2025 को 'ग्वालियर' (मध्य प्रदेश) में 'सिरोल' की पुलिस ने एक पिकअप वैन को रोक कर उसमें भोपाल में सप्लाई करने के लिए ले जाया जा रहा लगभग 800 किलो मिलावटी मावा जब्त करके पिकअप वैन के ड्राइवर को गिरफ्तार किया। और अब 2 अक्तूबर को 'नई दिल्ली' में पुलिस ने मिलावटी घी बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार करके उनके अवैध कारखानों से 1600 किलो मिलावटी घी जब्त किया।

2 अक्तूबर को ही 'बरनाला' (पंजाब) के 'धनौला' में खाद्य आपूर्ति विभाग ने एक गोदाम से बड़ी मात्रा में नकली पनीर जब्त किया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने वालों पर सख्ती की जाए और इसमें होने वाली सजा को 7 वर्ष से बढ़ा कर उम्र कैद किया जाए। प्रश्न यह भी है कि त्यौहारों के समय ही सरकार हरकत में क्यों आती है, हमेशा क्यों नहीं ?सरकार को स्वास्थ्य की चिंता है लेकिन मिलावट खोरों और मशीनरी के गठजोड़ ने लोगों के स्वास्थ्य से अधिक अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## अखिलेश को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित



**गोलाबाजार गोरखपुर-** सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित होने वाले दीक्षान्तोत्सव के पूर्व आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चुनौतियां एवं संभावनाएं विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्रों के प्रस्तुतीकरण में सर्वोत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुतिकरण के लिए गोला तहसील क्षेत्र के पतरा गांव निवासी व सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय सन्यासी संस्कृत महाविद्यालय में प्रवक्ता (साहित्य) डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा व संगोष्ठी की संयोजक बीएड विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाखा शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस तरह की प्रतिभाओं से ही हमारे विश्वविद्यालय का गौरव है और इसी तरह जीवन में आने वाली चुनौतियों से न घबराते हुए आगे बढ़ते रहना है। इसके साथ ही आने वाले दीक्षांत समारोह में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना है। इस उपलब्धि पर अखिलेश के माता पिता परीक्षा नियंत्रक प्रो सुधाकर मिश्र प्रोफेसर हीरक कांत चक्रवर्ती छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो शैलेश मिश्रा अधीक्षक उपेन्द्र द्विवेदी सहित सभी अध्यापकों व विश्वविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## वामा वेलनेस कैंप में पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने कराई जाँच



**देवरिया, 5 अक्टूबर।** पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर रविवार को पुलिस लाइन में वामा सारथी की जनपद इकाई और डा. लाल पैथ लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में वामा वेलनेस कैंप का आयोजन हुआ।

कैंप में न्यूनतम दरों पर ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, लिवर, किडनी, थायराइड आदि की जांच की गई। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने जांच कराई। द्वकार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविर पुलिस बल के स्वास्थ्य संरक्षण में अत्यंत उपयोगी हैं। आयोजन की सफलता में पुलिस लाइन स्टाफ व डा. लाल पैथ लैब्स टीम का विशेष योगदान रहा।

## जनपदीय पुलिस ने किया श्रमदान




**देवरिया, 5 अक्टूबर।** पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को जनपद पुलिस द्वारा सभी थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में वृहद श्रमदान किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने परिसर की सफाई, वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग, अभिलेखों और संसाधनों को क्रमवार सहेजने के साथ पेड़-पौधों की निराई-छंटाई कर परिसर को सुसज्जित रूप प्रदान किया। पुलिसकर्मियों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**देवरिया, 5 अक्टूबर।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग़ोला बाजार- मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से 63 वर्षीय व्यक्ति ने की छेड़खानी, विरोध करने पर पिता को पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला बाज़ार गोरखपुर-** जिले के गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां गांव के ही एक 63 वर्षीय व्यक्ति ने घर में घुसकर 19 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से छेड़खानी की। युवती के शोर मचाने पर जब उसके पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें बुरी तरह पीट दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता की मां ने गोला थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डायनामाइट न्यूज रिपोर्टर को प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की अपरान्ह पीड़िता की मां किसी परिजन के घर गई थीं। घर पर उनके पति सो रहे थे और बगल के कमरे में उनकी 19 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी विश्राम कर रही थी। इसी दौरान गांव का ही 63 वर्षीय व्यक्ति मौका पाकर घर में घुस गया और युवती के साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा। युवती ने जब शोर मचाया तो पिता नींद से जागे और बेटी के कमरे में पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी को आपत्तिजनक हरकत करते देखा। पिता के विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी गाली-गलौज करते हुए धमकी देता हुआ वहां से फरार हो गया। घटना के बाद परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। महिला की तहरीर पर गोला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74 (महिला की मर्यादा भंग करने का अपराध), 115(2) (गंभीर मारपीट का प्रयास), 352 (हमला या बल प्रयोग), 351(3) (अश्लील हरकत), एवं 333 (गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और पीड़िता व उसके परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस जघन्य घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और लोगों ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है।

# देवभूमि न्यास स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 7 को




**देवरिया।** मानवता की सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देवभूमि न्यास द्वारा आगामी 7 अक्टूबर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। न्यास मंडल के सदस्य अरुण मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर न्यू कॉलोनी, चकिया रोड स्थित लाइफ चैरिटेबल ब्लड सेंटर में आयोजित होगा। श्री मिश्र ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में योगदान दें।

# बीती रात 15 वर्षीय किशोर मंगल देव की गोली मारकर हत्या कर दी गई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवनियापुर खुर्द स्थित बंधुकपुरवा में बीती रात 15 वर्षीय किशोर मंगल देव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगल देव रमाशंकर उर्फ रमई के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पिता रामशंकर ने बताया कि उनका बेटा गांधी चबूतरा के पास एक होटल में काम करता था। शनिवार शाम को दुकान मालिक उसे घर से बुलाकर होटल पर काम करने के लिए ले गए थे। शाम करीब 6-30 बजे उन्हें घटना की जानकारी मिली।

पीड़ित के अनुसार, होटल पर काम करने को लेकर आरोपी रंजिश रखता था। इसी वजह से उसने मंगल देव को बुलाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के महादेव कला निवासी संदीप मिश्रा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक मंगल देव दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनका छोटा भाई साजन 10 साल का है और पढ़ाई कर रहा है। मंगल देव की मां रजवंती पैरालाइज्ड हैं, जबकि पिता रमाशंकर मजदूरी करते हैं।

# ख़जनी- शान्ति मय माहौल मां दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन सम्पन्न

**● मां दुर्गा की सभी मूर्तियां सकुशल विसर्जित करने में प्रतिमा संस्थापक एवं पुलिस बल का सराहनी योगदान रहा थाना अध्यक्ष खजनी अनूप सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर** नवरात्रि व दशहरे के अवसर पर खजनी थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिनका विसर्जन कार्यक्रम बृहस्पतिवार से उनवल जरलही छताई ढढौना आमी नदी पुल से किया किया थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह से पुछने पर बताये कि थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर लगभग 197 मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित हुई थी। पहले दिन बृहस्पतिवार को पैतालीस प्रतिमा का विसर्जन हुआ दूसरे दिन शुक्रवार को एक सौ चौआलीस हुआ अलग-अलग जगह की प्रतिमा का विसर्जन हुआ और विसर्जन के तीसरे दिन शनिवार को लगभग आठ प्रतिमा का विसर्जन छताई, उनवल जरलही, ढढौना नदी पुल पडरीयां से किया गया।सभी प्रतिमा का विसर्जन पुलिस के निगरानी में शांतिपूर्वक किया गया। विसर्जन शांति पूर्वक कराने के लिए थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह ने सभी प्रतिमा संचालको एवं पुलिस बल ने लगन से सहयोग किये, सभी लोग बधाई के पात्र हैं खजनी थाने के पुलिस बल के साथ उनवल चौकी इंचार्ज राजीव कुमार तिवारी, उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव,उप निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरक्षक ओम प्रकाश बिन्द, महुआ डाबर चौकी उप निरीक्षक अभिषेक सिंह, उप निरीक्षक सचिन सिंह,उप निरक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल जगन्नाथ प्रसाद,हेड कांस्टेबल अनिल चौधरी, कांस्टेबल सचिन कुमार, कांस्टेबल वरूण कुमार पाण्डेय, कॉन्स्टेबल रविन्द्र यादव, दीपक गौड़ कांस्टेबल आकाश, कांस्टेबल अशोक यादव, कांस्टेबल राहुल गुप्ता, कांस्टेबल, कांस्टेबल हिरण यादव, कांस्टेबल बृजेश यादव ,एवं पी ए सी वल के साथ विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे।

# ग़ोला बाजार- दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए पैरेंट्स काउंसलिंग मीटिंग का आयोजन, समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर, (गोलाबाजार)** समग्र शिक्षा अभियान के तहत शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र गोला में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए पैरेंट्स काउंसलिंग मीटिंग टू का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों में अपने बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय के निर्देशन में की गई। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं हैं, जरूरत है उन्हें सही दिशा और अवसर देने की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठाएं।

बैठक में बताया गया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण, विशेष शिक्षण सामग्री, छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं आवागमन सुविधा जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। अभिभावकों को यह भी बताया गया कि समाज में इन बच्चों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। कार्यक्रम के दौरान स्पेशल एजुकेटर देवी प्रसाद, रामविलास यादव, नेहा सिंह, गुलाम, प्रदीप मिश्रा, संतोष यादव, राजेश, कुलदीप, राजन, अमीर हसन, आशुतोष व उपेंद्रनाथ तिवारी सहित कई शिक्षकों और विशेषज्ञों ने दिव्यांग बच्चों के समुचित विकास और शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस मौके पर कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक रामलाल यादव और चंदा देवी ने अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग और शिक्षक का मार्गदर्शन ही इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।

# गोरखपुर- गीडा थाने के हत्या केस में आरोपी मोहम्मद हुसैन उर्फ गनी को आजीवन कारावास- पुलिस की प्रभावी पैरवी से मिला न्याय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर,** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ÷ऑपरेशन कनविक्शन÷ अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2023 में थाना गीडा क्षेत्र में दर्ज हुए हत्या के सनसनीखेज मुकदमे में अदालत ने सख्त फैसला सुनाते हुए आरोपी मोहम्मद हुसैन उर्फ गनी पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी जामिया नगर मदरसा के पास, थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को अपराध का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 40,000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

यह फैसला मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश भ्र0 नि0 अधि0 कोर्ट सं0-04, जनपद गोरखपुर ने सुनाया। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहियों से यह स्पष्ट सिद्ध हुआ कि अभियुक्त ने जघन्य अपराध को अंजाम दिया था। अदालत ने यह भी माना कि विवेचक और पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं साक्ष्य पूरी तरह से अपराध को सिद्ध करने में सक्षम रहे। इस मामले में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में विवेचक उपनिरीक्षक मदन मोहन मिश्र, थाने के पैरोकार व मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी ने अहम भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और सटीक विवेचना के परिणामस्वरूप यह मामला न्यायालय में ठोस तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे अपराधी को सजा दिलाई जा सकी।

वहीं, इस मुकदमे की पैरवी में अपर जिला सरकारी अधिवक्ता (ADGC) श्री अतुल कुमार शुक्ल व श्री धर्मेंद्र कुमार दूबे का अमूल्य योगदान रहा, जिनकी कानूनी दक्षता और मजबूत तर्कों ने न्यायालय को आरोपी के दोष सिद्ध करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने इस सफलता पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि "ऑपरेशन कनविक्शन" का उद्देश्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि उन्हें न्यायालय से दोषसिद्ध कराना है, ताकि समाज में अपराधियों के मन में कानून का भय कायम हो सके। इस निर्णय से पुलिस व न्यायिक व्यवस्था में आमजन का विश्वास और मजबूत हुआ है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि आगे भी ऐसे मामलों में ठोस विवेचना व साक्ष्यों के आधार पर त्वरित न्याय दिलाने के प्रयास जारी रहेंगे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**● महिलाओं को बताए आत्मरक्षा के गुर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया, 5 अक्टूबर।** महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को भटनी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष बी.बी. राजभर ने किया। उनके साथ एसआई श्रवण कुमार शुक्ला, आलोक सिंह पटेल, महिला हेड कांस्टेबल प्रतिभा भारती, शिवेंद्र चौधरी, गुड्डू यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स्टेशन पर उपस्थित महिलाओं, युवतियों और छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए और मिशन शक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन 1090, 112 और 181 नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। थानाध्यक्ष बी.बी. राजभर ने महिलाओं से कहा कि किसी भी उत्पीड़न या आपराधिक घटना की स्थिति में निर्भय होकर तुरंत इन नंबरों पर कॉल करें और पुलिस की मदद प्राप्त करें।

महिला हेड कांस्टेबल प्रतिभा भारती ने कहा कि "आत्मरक्षा केवल शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक सजगता का भी प्रतीक है।" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने जीआरपी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करते हैं।

# गोरखपुर में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

**● गुलरिहा पुलिस की बड़ी कामयाबी, होटल निर्माणाधीन बिल्डिंग से की थी चोरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में चलाए जा रहे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के विशेष अभियान के तहत गुलरिहा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य का सामान बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रविवार को थाना क्षेत्र के ही दो अभियुक्तों – मनीष यादव पुत्र दरबारी यादव निवासी अक्तियारपुर थाना चितबड़ागांव जनपद बलिया और संदीप कुमार पुत्र सदावृक्ष प्रसाद निवासी गाजीनगर टकरोही इंद्रानगर लखनऊ (स्थायी पता ग्राम भक्सा थाना सहजनवा, गोरखपुर) – को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से चोरी की गई चार ॥ष्ठ टीवी, तीन गैस चूल्हे, एक रेगुलेटर, पाइप तथा 5990 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, घटना का खुलासा तब हुआ जब 5 अक्टूबर को स्थानीय निवासी ने सूचना दी कि रेडियन्ट होटल की निर्माणाधीन नई बिल्डिंग के स्टोर रूम से टीवी और गैस चूल्हे चोरी हो गए हैं। सूचना पर थाना गुलरिहा में मुकदमा संख्या 899/25 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने होटल की बिल्डिंग में रखे सामान की चोरी करने की बात स्वीकार की।

बरामद सामान के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक आयुष द्विवेदी, उपनिरीक्षक आदर्श पांडेय, हेड कांस्टेबल अमरनाथ यादव, कांस्टेबल मनोज कुमार और अशोक यादव शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने गुलरिहा पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गुलरिहा पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

# संचारी रोगों की समाप्ति को जागरूकता जरूरी

**● सीडीओ ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया, 5 अक्टूबर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ रविवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम के पूर्वी गेट से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संचारी रोगों के खात्मे के लिए जनभागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। लोग यदि स्वच्छता और सावधानी अपनाएं तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। उन्होंने अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डा. हरेंद्र, डा. आर.पी. यादव, डा. कार्तिक पाण्डेय, डा. अश्विनी पाण्डेय, डीएमओ सी.पी. मिश्रा, डीसीपीएम राजेश कुमार गुप्ता, सहयोगी संस्था सीफार के प्रतिनिधि, सीवीओ डा. ए.के. वैश्य, रविजीत बहादुर सिंह, उपेंद्र तिवारी, सफाई निरीक्षक श्रद्धानंद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौसेना को मिलेगा पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज 'आन्द्रोत', समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय नौसेना अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज आन्द्रोत को शामिल होगा. सोमवार को विशाखापत्तनम में एक भव्य समारोह में नौसेना में इसे शामिल किया जाएगा. स्वदेशी तकनीक से निर्मित यह जहाज न केवल भारतीय समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा.

आन्द्रोत को कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ तैयार किया गया है. इसके डिजाइन और निर्माण में आधुनिक तकनीकों और स्वदेशी समाधानों का उपयोग किया गया है, जो नौसेना की स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है.

**व्यापक विकास रणनीति का हिस्सा**

नौसेना ने एक बयान में कहा था कि आन्द्रोत का नौसेना में शामिल होना भारतीय नौसेना की क्षमता वृद्धि और स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रगति का प्रतीक है. यह कदम व्यापक विकास रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत हाल के महीनों में कई अत्याधुनिक युद्धपोतों को नौसेना बेड़े में शामिल किया गया है

**ये जहाज पहले ही हो चुके शामिल**

इससे पहले हाल के महीनों में अर्नाला, निस्तार, उदयगिरि और नीलगिरि जैसे उन्नत जहाजों को भी नौसेना में शामिल किया गया था. आन्द्रोत की तैनाती के साथ भारतीय नौसेना अब और अधिक सतर्कता तथा प्रभावी ढंग से समुद्री खतरों का सामना करने में सक्षम होगी.

**मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को मिली नई गति**

नौसेना ने कहा कि यह कदम देश की समुद्री सुरक्षा संरचना को सशक्त बनाने में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी का स्पष्ट उदाहरण है. 'आन्द्रोत' के नौसेना में शामिल होने से भारत की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत योजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुली अवहेलना



देश का सर्वोच्च न्यायालय स्पष्ट रूप से आदेश दे चुका है कि जल संरक्षण के लिए तालाबों को उनके मूल स्वरूप में बनाए रखना अनिवार्य है। यदि किसी ने तालाब पर कब्जा कर निर्माण किया है तो उसे ध्वस्त कर तालाब को पुनः जीवित किया जाए। इसके बावजूद तहसील गोला और ब्लाक बांकेगंज के अधिकारी कोर्ट के आदेशों की खुली अवहेलना कर रहे हैं।

### सवाल खड़े करता है प्रशासनिक रवैया

सरकार की सख्त मंशा के बावजूद धर्म विशेष के प्रभावशाली लोगों के दबाव में अधिकारी कार्यवाही से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र के एक कद्दावर नेता इन अवैध कब्जेदारों की पैरवी करते हैं और बदले में मोटी रकम वसूलते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बार-बार कह चुके हैं कि अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह किसी भी धर्म या वर्ग से जुड़ा हो। फिर भी यहां के अफसर सरकार की नीति और सुप्रीम कोर्ट के आदेश दोनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### 9 से 16 नवंबर तक महारानी सूरत कुमारी की स्मृति में खेला जाएगा फुटबॉल टूर्नामेंट

**प्रदेश की दो दर्जन फुटबॉल टीमो को दिया गया न्योता**

**सिंगाही खीरी।** महारानी सुरथ कुमारी की स्मृति में 9 नवम्बर से 16 नवम्बर तक कस्बे के फुटबाल मैदान पर महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देने के लिए रविवार को महामंत्री के निजी निवास पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। महामंत्री शिखर तिवारी ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इससे लगभग 250 खिलाड़ी और उनके कोच भी होंगे। टूर्नामेंट में दो दर्जन से अधिक प्रदेश की टीमों को खेलने का न्यौता दिया गया है। महामंत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51हजार व उपविजेता टीम को 31हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त टूर्नामेंट में पुरस्कार ट्रैक सूट, आकर्षक ट्रॉफी प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिए जाएंगे। 9 नवम्बर को 1 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन निघासन भाजपा विधायक शशांक वर्मा करेंगे। फाइनल टूर्नामेंट पूर्व गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी मुख्यातिथि के द्वारा किया जाएगा। कार्यवाहक महामंत्री ने बताया कि इस फुटबाल टूर्नामेंट मे लखनऊ स्पोर्टस कालेज, फैजाबाद हॉस्टल, बनारस हास्टल, बरेली हास्टल, यूपी पुलिस, फाल्कन एफसी, सहारा स्टेट लखनऊ, गोरखपुर रेलवे, बहराइच, नानपारा, की टीमों को बुलाया गया है। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए शुभारंभ तथा फाइनल के अलावा खेल के मैदान में लोगों को बैठाने आदि अलग अलग समितियों को बनाकर लोगों को जिम्मेदारी दी गई है।

### सोरांव पुलिस टीम द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार




**ब्यूरो प्रयागराज।** ए0सी0जे0एम0 कक्ष सं0-09 इलाहाबाद द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित 1. मु0नं0-2392/2006 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मियादीन पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम मलाक चौधरी थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 2. मु0नं0-157/06 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारन्टी अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शोभनाथ दूबे निवासी ग्राम दान्दूपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 3. मु0नं0-1929/05 धारा-323/504/325 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वारण्टी मनी पुत्र रामधन यादव निवासी ग्राम भदरी थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज व 4.मु0नं0-2357/2016 धारा-308/323 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारन्टी अभियुक्त सुभाषबाबू पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम सरायदीना थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत क्रमशः उनके निवास ग्राम मलाक चौधरी, दांदूपुर, भदरी व सरायदीना के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# विद्यालय में अव्यवस्थाओं का बोलबाला, छात्रों की शिकायतों ने खोली पोल

**●बेलभरिया कंपोजिट परिषदीय विद्यालय में लापरवाही और भ्रष्टाचार की खुली कहानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** हरैया सतघरवा जनपद के हरैया सतघरवा विकासखंड के बेलभरिया स्थित परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय में अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं का बोलबाला है। विद्यालय में व्याप्त गंदगी, घटिया मध्यान्ह भोजन (स्छ्रूरू), शिक्षकों की लापरवाही और छात्रों से जबरन श्रम कराए जाने की शिकायतों ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों और ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। परिसर में जगह-जगह कूड़ा फैला रहता है, जिससे दुर्गंध और संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। छात्रों ने बताया कि विद्यालय के शौचालय लंबे समय से गंदे पड़े हैं, जिससे उन्हें सड़क पार कर दूसरे स्थानों पर जाने को मजबूर होना पड़ता है।

**मध्यान्ह भोजन योजना में धांधली**

शिकायत में यह भी कहा गया है कि मध्यान्ह भोजन योजना (MDM) में भारी गड़बड़ी की जा रही है। मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं परोसा जाता और गुणवत्ता बेहद खराब है। 18 सितंबर 2025 को "हरी सब्जी युक्त दाल" की जगह "चावल और आलू-कद्दू की सब्जी" परोसी गई, जबकि यह मेन्यू में शामिल नहीं थी। इससे पहले 15 और 16 सितंबर को विद्यालय में स्छ्रूतैयार ही नहीं हुआ, लेकिन रिकॉर्ड में बच्चों की उपस्थिति और भोजन वितरण दर्ज कर दिया गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि खाद्यान्न की हेराफेरी और रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है।

**कम्पोजिट ग्रांट और उपस्थिति में भी गड़बड़ी**

कम्पोजिट ग्रांट की लाखों रुपए धनराशि का भी कोई सही उपयोग नहीं किया गया है। विद्यालय में किसी योजना के तहत कोई विकास कार्य नहीं हुआ, फिर भी लाखों रुपए की धनराशि खर्च दिखाकर कागजी कार्यवाही पूरी कर दी गई। छात्रों की वास्तविक संख्या से अधिक उपस्थिति दर्ज की जाती है, ताकि सरकारी लाभों का अनुचित उपयोग किया जा सके।

**शिक्षकों की लापरवाही और छात्रों से जबरन श्रम**

छात्रों ने बताया कि उनसे सफाई और अन्य श्रम कार्य जबरन कराए जाते हैं। वहीं शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाने में उदासीन हैं और निरीक्षण की आशंका होने पर बच्चों पर झूठ बोलने का दबाव बनाया जाता है।

**अभिभावकों में आक्रोश, जांच की मांग**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि यह पूरा खेल खंड शिक्षा अधिकारी और कुछ उच्चाधिकारियों की मिलीभगत से संभव हो रहा है, जो हर शिकायत को दबाने का प्रयास करते हैं। अभिभावकों ने मांग की है कि बेलभरिया विद्यालय की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत परिवार परामर्श केंद्र में चार पारिवारिक विवादों का हुआ सफल निस्तारण

**●महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लक्ष्य की ओर सार्थक कदम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तुत कुल चार पारिवारिक विवादों का आपसी समझौते के माध्यम से सफल निस्तारण किया गया। परिवार परामर्श केंद्र की पहल पर पति-पत्नी एवं परिजनों के बीच सुलह-समझौता कराया गया। दोनों पक्षों ने एकमत होकर कहा कि अब उनके बीच किसी प्रकार का मनमुटाव नहीं रह गया है और वे प्रेमपूर्वक एक साथ अपने जीवन की नई शुरुआत करेंगे। परामर्शदाताओं द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गई कि वे अपने बड़ों का सम्मान करें और आपसी सहयोग व समझदारी से पारिवारिक जीवन को आगे बढ़ाएं।

पारिवारिक विवादों के निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, वंदना मिश्रा, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव, म0कां0 पूजा एवं ज्योति का सराहनीय योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावलियाँ —**

रूबीना बानो बनाम कासिम (थाना हरैया)

पप्पू बनाम रागिनी (थाना को0 गैसड़ी)

रहीमुन्निशा बनाम जाकिर हुसैन (थाना श्रीदत्तगंज)

राकेश बनाम खुशबू (थाना हरैया)

मिशन शक्ति अभियान के तहत बलरामपुर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार जनजागरूकता व सहयोगात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# धान के लिए बारिश बनी आफत, पछेती खेती को फायदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** शुक्रवार व शनिवार से हो रही लगातार बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश से धान को फसल हो भारी नुकसान पहुंचने का अंदेशा है। जिले में करीब 18 फीसदी धान की फसल बारिश से प्रभावित हुई है। हालांकि पछेती फसल के लिए बारिश फायदेमंद है। मौसम विभाग के अनुसार बीते दो दिनों में जिले में औसतन 25 से 35 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक बारिश बनकटवा में 9 मिमी, हरैया सतघरवा में 7 मिमी और रेहरा बाजार 5.5 मिमी दर्ज की गई। जिले में एक लाख किसानों ने 1,12,249 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की है। बारिश से तीनों तहसील सदर, उतरौला और तुलसीपुर की फसलें प्रभावित हुई हैं। ललिया के किसान ललित मोहन तिवारी ने कहा कि हमारे खेत में धान कटाई के लिए तैयार था, लेकिन बारिश से फसल गिर गई। अब कटाई मुश्किल हो गई है। पानी भरा रहा या और बारिश हुई तो भारी नुकसान होगा। महराजगंज तराई में लालपुर लैयबुडी के किसान सेठी मोर्या ने कहा कि बारिश से धान की बालियां काली पड़ गई हैं, मंडी में दाम कम मिलेंगे। सब्जी के किसानों को भी नुकसान हुआ है। वहीं पछ्ती करने वाले किसान सुन्दर कर्ताराम ब्रजेश ने कहा कि सुगंधित धान की फसल में बाली अभी पकी नहीं थी। इस बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ी है, उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है। आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया कि इस बारिश से किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

**2022 में हुई थी सर्वाधिक बारिश**

अक्तूबर 2022 में रिकॉर्ड बारिश हुई थी। उस समय धान व गन्ने की करीब डेढ़ लाख हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी। 75 हजार किसानों को नुकसान हुआ था। आपदा विभाग के मुताबिक उस वर्ष एक हजार मिली मीटर बारिश हुई थी। जितनी बारिश पूरे वर्षाकाल में हुई थी उतनी बारिश पांच अक्तूबर से 10 अक्तूबर के बीच हुई थी। 450 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे, जिसमें 354 गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए थे, चार लाख आबादी प्रभावित हुई थी। 2022 की तरह 2017 और 2014 में बारिश हुई थी। 2023 व 2024 सामान्य बारिश हुई।

**बारिश और बाढ़ से नुकसान में तय है राहत राशि**

आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया कि बारिश और बाढ़ से फसल के नुकसान की राशि तय है। किसी भी किसान को एक हजार से कम सहायता राशि नहीं दी जाती है। इसके अलावा एक हेक्टेयर यानी 12.5 बीघे धान की फसल के नुकसान पर 8500 रुपये अनुदान दिया जाता है। इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग की रिपोर्ट पर अनुदान दिया जाता है।

**पकी बालियों को होगा नुकसान**

जिन खेतों में बालियां पक चुकी हैं, उनमें नुकसान हुआ है। फसल गिरने से दाने जमने और सड़न की आशंका रहती है। यदि गिरी हुई फसल को 1-2 दिन के भीतर काटा नहीं गया, तो उपज घटेगी और चावल नहीं बनेगा। वहीं, जिन फसलों की बाली अभी पकी नहीं है, उनमें बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ी है। ऐसे किसानों के लिए बारिश फायदेमंद है।

**डॉ. सियाराम कनौजिया, कृषि वैज्ञानिक**

**क्षति का कराया जाएगा आंकलन**

जिले की बलरामपुर, तुलसीपुर और उतरौला क्षेत्रों में विभागीय टीमें फसल क्षति का सर्वे कर रही हैं। रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित किसानों को राहत या मुआवजा दिया जाएगा। गिरी हुई फसल को तुरंत न काटें।

पहले खेत का पानी निकल जाने दें, ताकि दानों में सड़न न बढ़े और उपज कम न हो। फसल का बीमा है तो नुकसान का दावा कर सकते हैं।

# डीएम ने किया संचारी रोग नियंत्रणअभियान का शभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** रविवार को कलेक्ट्रेट से "संचारी रोग नियंत्रण अभियान" का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया संग अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जागरूकता सबसे कारगर हथियार है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और विभागीय टीमों से अपील की कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को मच्छरों से बचाव, सफाई, और इलाज से जुड़ी जरूरी जानकारी दें।

डीएम ने कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है। सभी विभाग परस्पर समन्वय बनाकर काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में न पड़े। संचारी रोग के लक्षण दिखते ही सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्तूबर तक चलेगा, जबकि 'घर-घर दस्तक अभियान' 11 अक्तूबर से शुरू होगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहयोगी विभाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। टीमें सफाई, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव और संभावित मरीजों की पहचान पर विशेष ध्यान देंगी। इस दौरान डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसपी मिश्र, डीपीएम अनिल यादव, एसएमओ डॉ विकास, जिला मलेरिया अधिकारी हरीशंकर, ईओ संजय कुमार, डिप्टी सीवीओ डॉ अल्का सिंह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा, बिना मान्यता के चल रहा इंग्लिश मीडियम स्कूल

**●अधिकारियों की अनदेखी से फूला अवैध कब्जेदार का हौसला**

**●धर्म विशेष के प्रधान ने पाट दिया तालाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को भ्रष्टाचार और अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए लगातार सख्त निर्देश जारी कर रही है, वहीं लखीमपुर खीरी जनपद की गोला तहसील और बांकेगंज ब्लॉक क्षेत्र में अफसरों की कार्यशैली सरकार की मंशा को खुली चुनौती देती नजर आ रही है। रोशन नगर गांव में एक दबंग रियाजत अली ने प्रधान रहते ग्राम समाज के तालाब की भूमि गाटा संख्या 612 के कुछ भाग पर कब्जा कर उसे पाट दिया। जब लेखपाल ने इसका विरोध किया तो दबाव डालकर उसे चुप करा दिया गया। बावजूद इसके लेखपाल ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी, जिस पर मुकदमा चला और तहसीलदार न्यायालय ने बेदखली का आदेश भी जारी किया। परंतु अफसरों की मिलीभगत के चलते वह आदेश केवल फाइलों तक सीमित रह गया। रियाजत अली ने न केवल कब्जा बरकरार रखा बल्कि तालाब की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। शिकायतें कई बार हुई, लेकिन हर बार अधिकारियों ने मामले को अनसुना कर दिया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब रियाजत अली की पत्नी प्रधान बनीं। उन्होंने उसी कब्जाई जमीन पर बिना किसी मान्यता के "जमालुद्दीन इंग्लिश मीडियम स्कूल" (जेडी इंग्लिश मीडियम स्कूल)खोल दिया। न तो विद्यालय की कोई वैध स्वीकृति ली गई और न ही मान्यता प्राप्त की गई। बताया जा रहा है कि विद्यालय संचालक मनमाने ढंग से फीस वसूलकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। जब शिकायत हुई तो खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो उन्होंने बोर्ड देखकर पहले तो असंतोष व्यक्त किया, लेकिन बाद में मोटी रकम लेकर सलाह दी कि बोर्ड हटा लें और गुप्त रूप से स्कूल चलाते रहें। इस तरह अवैध स्कूल का संचालन आज भी खुलेआम जारी है, जबकि किसी अधिकारी ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

# याचिका समिति ने लखीमपुर खीरी का किया दौरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विधान परिषद की याचिका समिति ने अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद लखीमपुर खीरी का दौरा किया। समिति सभापति अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्य अनूप गुप्ता और उमेश द्विवेदी खीरी पहुंचे। समिति के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित बैठक में सभापति अशोक अग्रवाल ने जनपद से संबंधित विभिन्न प्रेषित संदर्भों की गहन समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में समिति के निर्देश पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और अपने-अपने विभागों से संबंधित याचिकाओं की स्थिति से समिति को अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति अशोक अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा प्रेषित संदर्भ और याचिकाओं का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए और उसकी सूचना समिति को समय पर भेजी जाए।

याचिका समिति द्वारा भेजे गए विभिन्न संदर्भों के त्वरित निस्तारण के लिए जिले में एक विशेष सेल का गठन किया जाए, जिससे प्रकरणों की निगरानी और अनुपालन प्रभावी हो सके। जिले के अफसरो ने हर संदर्भ पर अच्छी तरह से जवाब दिए हैं। जो लंबित संदर्भ है, उनका यथाशीघ्र विस्तारण करें। जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया। बैठक में समिति के सदस्यों अनूप गुप्ता और उमेश द्विवेदी ने भी विभागवार प्रस्तुतिकरण के दौरान कई बिंदुओं पर प्रश्न भी किए और अधिकारियों से उनका पक्ष भी जाना। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान एवं फॉलोअप की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में पीडी एसएन चौरसिया ने समिति को आश्वस्त किया कि उनके सभी निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। जनहित से जुड़ी प्रत्येक याचिका पर प्रशासन संवेदनशीलता से कार्य कर रहा है। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी संकल्प शर्मा ने समिति के सभापति और सदस्यों को इस प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी एसडीएम सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0-मितौली में 'स्वावलंबन कैंप' मेगा इवेंट-महिलाओं की भीड़

**● डीएम-एसपी ने दिया सशक्तिकरण का संदेश, पूर्व सांसद बोले, नारी प्रगति ही समाज की शक्ति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार को तहसील मितौली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मेगा इवेंट 'स्वावलंबन कैंप' का आयोजन हुआ। कैंप में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महिलापरक योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर आवेदन भी प्राप्त किए। कार्यक्रम का संयोजन एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया।इस "स्वावलंबन मेगा इवेंट" कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, ब्लॉक प्रमुख (बेहजम) बीना राज, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद लगाए स्टालों का अवलोकन किया। पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं पांच छह माह के शिशुओं का खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया। योजनाओं के लाभार्थियों को मिली किट, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित इसके बाद मंच से डीएम, एसपी और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर और प्रमुख बीना राज ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्ध महिला पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के करीब 100 लाभार्थियों को "मिशन शक्ति सीएसआर किट" प्रदान की। लाभ पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसी के साथ पांच बेहतर कामकाज करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया।

# थाना छावनी पुलिस व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना छावनी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में दिनांक 29.09.2025 को हुए खतमसराय स्थित फ्लिपकार्ट एजेन्सी के वेयरहाऊस से हुई चोरी/नकबजनी की सूचना पर थाना छावनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-236/25 धारा- 305(A), 331(4) BNS का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 05.10.2025 को थानाध्यक्ष छावनी मय पुलिस टीम द्वारा दबिश व नाकाबन्दी करते हुए संदलपुर चकमार्ग पर समय करीब 10.34 बजे सुबह अभियुक्त 1. विपुल सिंह पुत्र सत्यनारायन सिंह उम्र करीब 23 वर्ष ग्राम गौरियानैन, थाना छावनी जनपद बस्ती को पकड़ लिया गया, जिसके पास से चोरी गये 4,29850 (चार लाख उनतीस हजार आठ सौ पचास रूपये चोरी का) की बरामदगी की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना छावनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 236/2025 धारा 305(A), 331(4) BNS में धारा 317(2) की बढोत्तरी कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा टीम को 25000 रूपये इनाम राशि की घोषणा की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण विपुल सिंह पुत्र सत्यनारायन सिंह ग्राम गौरियानैन, थाना छावनी, जनपद बस्ती उम्र करीब 23 वर्ष कोसंदलपुर चकमार्ग पर, दिनांक 05.10.2025, समय करीब 10.34 बजे सुबह ।

**बरामदगी का विवरण**

4,29850 चार लाख उन्तीश हजार आठ सौ पचास रूपये चोरी का 02 अदद एन्ड्राइड मोबाइल, 200 रूस्वयं का ।पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि फ्लिपकार्ट आफिस खतम सराय में मै पहले नौकरी करता था। मुझको यह जानकारी थी कि इस कम्पनी में कहा रुपया रखा जाता है तथा उस कम्पनी की एक चाभी भी मेरे पास थी। उसके बाद हमने वहा से नौकरी छोड़ दिया था। मुझे वहा का सभी स्थानो की जानकारी थी। मैं दिनांक 29.09.2025 की रात को हम खतमसराय चौराहा एनटेक्स ट्रांसपोर्टेशन सर्विश लिमिटेड का सटर खोलकर वहा से लाकर में रखा 4,29,850 (चार लाख उन्तीश हजार आठ सौ पचास रुपये) 03.00 बजे रात्रि करीब चुरा लिया था जिसे मै ग्राम संदलपुर आकाश सिंह के धान के खेत में हरे पन्नी में छिपाकर रख दिया हूँ। अभियुक्त की निशानदेही पर मौके पर जाकर मेढ़ के किनारे छिपाया हुआ रुपया कुल 4,29,850 (चार लाख उन्तीश हजार आठ सौ पचास रुपये) बरामद किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस थानाध्यक्ष छावनी जनार्दन प्रसाद, जनपद बस्ती । प्रभारी सर्विलांस सेल शेषनाथ यादव जनपद बस्ती। उ0नि0 शशिशेखर सिंह थाना छावनी जनपद बस्ती हे0का0 विक्रान्त यादव, हे0का0 राधेश्याम, का0 अखिलेश सिंह, थाना छावनी जनपद बस्ती।हे0का0 दिनेश यादव, का0 संतोष यादव, का0 दीपक सर्विलांस सेल बस्ती।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू, जागरूकता रैली निकाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु अध्यक्ष आरती देवी एवं सभासदों द्वारा रविवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। साथ ही नगर पंचायत कपिलवस्तु कार्यालय से जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।यह अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार और संचारी रोगों से बचाव हेतु अपने घरों में दरवाजे एवं खिड़कियों पर जाली लगाये, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छर रोधी उपाय अपनाये, अनुपयोगी वस्तुओ में पानी इकट्ठा न होने दें, पानी की टंकी ढककर रखें, पूरी बांह वाले कपड़े पहने, घरों व कार्य स्थल के आस-पास पानी न जमा होने दे, कूलर, गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखायें, गड्ढो में जहां पानी इकट्ठा हो उसको बन्द कर दें, नालियों में जल भराव रोके व उनकी नियमित सफाई करें, खुले में शौच न करें तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करें। इस अवसर पर सभासद जावेद आलम , अब्दुल अली, कमरुद्दीन , राजकुमार,वीरू कन्नौजिया, रामविलास,दिलीप,अजीजुर्रहमान लिपिक सूरज प्रताप सिंह, सुनील रावत, शनि पटेल, निहाल अहमद , सूर्य प्रताप सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### टैबलेट पाकर खिल उठे संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के चेहरे

**चित्रकूटः** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत शनिवार को जिले के श्री संकट मोचन संस्कृत महाविद्यालय छीबों में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को विकास की मु य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। सरकार द्वारा विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराकर तकनीकी रूप से समृद्ध करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। कहा कि युवाओं के हाईटेक बनने से विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य भानू प्रकाश गर्ग ने कहा कि सरकार युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार कर रही है। कहा कि तकनीकी ज्ञान से समृद्ध युवा ही देश और प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। कहा कि हाईटेक युवा ही विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकता हैं। कहा कि युवा सरकार द्वारा प्रदत्त उपकरणों का ज्ञान वृद्धि में प्रयोग करें। तकनीकी उपकरणों का सही प्रयोग व्यक्ति को विकास और समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकता है। जबकि गलत प्रयोग व्यक्ति के भविष्य को तबाह कर सकता है। उन्होंने युवाओं से तकनीकी ज्ञान का प्रयोग देश व समाज हित में करने की सलाह दी। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थी विकास पाण्डेय, अनुराग सिंह, आशुतोष, गंभीर द्विवेदी, कमलाकांत, खुशी सिंह, माधुरी देवी, परमानंद, सत्य प्रकाश, शशिकांत त्रिपाठी, शुभम पाण्डेय, सूरज कुमार, त्रिदेव मिश्रा, विवेक पाण्डेय आदि को टैबलेट का वितरण कया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

### स पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई समस्याएं

**चित्रकूटः** आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के लिए शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में स पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उच्चाधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा निस्तारण के लिए स बन्धितों को निर्देशित किया। तहसील सभागार मानिकपुर में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में स पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएम ने निस्तारण रजिस्टर का निरीक्षण कर निस्तारण आ या को देखा तथा स बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के स बन्ध में कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। साथ ही राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुए भूमि स बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराएं।

### गौशालाओं में हरे चारे की आपूर्ति के नाम पर हुआ घोटाला

जिला मु यालय निवासी नीरज, धर्मेन्द्र मिश्रा आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि सदर ब्लाक की ग्राम पंचायतों में अपनी तैनाती के दौरान सचिव मान सिंह ने बड़े पैमाने पर घोटाले किए है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हालहीं में गौशालाओं में चूनी-चोकर, हरे चारे व पशु आहार आदि की आपूर्ति के मामले में भी घपला किया गया है। ग्राम पंचायत इटखरी, पड़री, मैनहाई माफी, दुबारी, कर्वी माफी, बरवारा आदि में घपला किया गया है। साथ ही कालूपुर पाही में तैनात सचिव ने ठेकेदारों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत की धनराशि का बंदरबाट किया है। इन ग्राम पंचायतों के ठेकेदारों द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराए जाने पर सचिवों की कारगुजारी उजागर हो जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सालय पहुंचकर वहां पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**●चिकित्सालय में अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं हो, इसके लिए मेडिकल कॉलेज को उच्चीकृत करने के साथ ही बढ़ाए जाएंगे संसाधन। उपमुख्य मंत्री।**

**●अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों के साथ चिकित्सक व अन्य स्टाफ करें अच्छा व्यवहार- उपमुख्यमंत्री।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक रविवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं एवं लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। स्वरूप रानी के ट्रामा सेंटर पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीजों से बातचीत करते हुए उनके स्वास्थ्य के बारे एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में भर्ती होने वाले या ओपीडी में दिखाने के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। प्रधानाचार्य को स्वरूपरानी अस्पताल के परिसर में बरसात के कारण जो रास्ते एवं सड़के क्षतिग्रस्त तथा खराब हो गई हैं, उनको ठीक कराए जाने के लिए कहा है, जिससे कि अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रामा सेंटर में प्रथम तल पर निरीक्षण के दौरान वहां पर अतिरिक्त फैन व एग्जास्ट फैन लगाए जाने के लिए कहा है साथ ही उन्होंने अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए कहा है। मीडिया से मुखातिब होते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यहां पर लोगों को स्वास्थ्य की अच्छी से अच्छी सुविधा प्राप्त हो सके, इसके लिए मेडिकल कॉलेज को और उच्चीकृत किया जाएगा। बेड की और संख्या बढ़ाई जाएगी तथा यहां पर और संसाधन बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाकर बेहतर से बेहतर चिकित्सा का केंद्र बनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रधानाचार्य वीके पांडे, सीएमएस, अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पांडे, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय सहित संबंधित चिकित्सकगण उपस्थित रहे।


## नागरिक सुरक्षा कोर गठन हेतु जनपदवासियों से सिविल डिफेन्स सर्विस के सदस्यता हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**●कलेक्ट्रेट कार्यालय में न्याय सहायक पटल से 15 अक्टूबर 2025 तक आवेदन करें प्राप्त व जमा**

**इच्छुक महिला-पुरूष व्यक्ति/समाजसेवी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप फार्म (अ) व घोषणा पत्र के साथ 15 अक्टूबर तक करें जमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही /** नागरिक सुरक्षा निदेशालय, उ0प्र0 के पत्र के द्वारा जनपद भदोही के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा कोर की स्थापना की जानी है। नागरिक सुरक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना के क्रम में जारी नागरिक सुरक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यालय-ज्ञाप के अनुकम में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन करते हुए हुए जनपद भदोही में नागरिक सुरक्षा कोर की स्थापना की जानी है। नागरिक सुरक्षा विनियम,1968 के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा संगठन के कार्यों को परिभाषित किया गया है, जिसमें प्रशिक्षण, अभ्यास / प्रदर्शन एवं हवाई हमले से जन-धन की सुरक्षा, शांतिकाल में नागरिक सुरक्षा नगर की नागरिक आबादी की भावी युद्ध तथा उससे उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको हेतु माकड्रिल प्रदर्शन/अभ्यासों का आयोजन करना, आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा योजना बनाना इत्यादि शामिल है। उल्लेखनीय है कि नागरिक सुरक्षा संगठन एक स्वयंसेवी संगठन है। संगठन के स्वयंसेवक / अवैतनिक पदाकारी निष्काम भावना से प्रेरित होकर संगठन से जुड़ते हैं तथा उनके द्वारा उक्त कार्यों के साथ-साथ विभिन्न त्यौहारों, मेलों एवं प्राकृतिक आपदा यथा-बाढ़, भूकम्प व अन्य जनकल्याणकारी कार्यों एवं प्रशासन द्वारा संचालित किये जाने वाले विभिन्न अभियानों में भी निरन्तर सक्रिय सहयोग किया जाता है। अतः उपरोक्तानुसार नागरिक सुरक्षा कोर के गठन करने हेतु जनपद भदोही के नागरिकों से सिविल डिफेन्स सर्विस के सदस्यता की



भर्ती हेतु आवेदन पत्र निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं-यह सेवा पूर्ण रूप से अवैतनिक होगी। ऐसे समाजसेवी जो निस्काम भावना से समाज सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हों। अधिकतम् उम्र 60 वर्ष से अधिक न हो। ऐसे इच्छुक महिला-पुरूष व्यक्ति / समाजसेवी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप फार्म (अ) एवं घोषणा पत्र के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में न्याय सहायक पटल से प्राप्त कर निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र उसी पटल पर दिनांक 15 अक्टूबर 2025 तक जमा कर सकते हैं। विशेष जानकारी उप जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञानपुर/उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर भदोही शिव प्रकाश (मो0-9454416835) से प्राप्त कर सकते हैं।

## आपका स्वास्थ्य अनमोल धन है - राम श्रंगार चौधरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा आरंभ होकर कांजी हाउस, आजाद नगर, गोपुर होते हुए सारीपुर पहुंची । वहां पहुँचने पर सारीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम श्रृंगार चौधरी एडवोकेट बड़ी संख्या मे अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रधान प्रतिनिधि राम श्रृंगार चौधरी एडवोकेट ने कहा कि आपका स्वास्थ्य अनमोल धन है। ब्रह्म मुहूर्त में उठे आधे घंटे का योग व्यायाम कोई कसरत खेलकूद अवश्य करें। आसपास के कार्य साइकिल से या पैदल करें। अगर आप अपने स्वास्थ्य को सही नहीं रखते हैं तो बीमार पड़ेंगे और आपकी सारी जमा पूंजी इलाज में खर्च हो जाएगी। प्रधान प्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में



शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर सारीपुर, लोहरा, माधोपुर, चक दफ्तर बंद, लालानगर, कोइलरा के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए अमवा मे इसका समापन हुआ । साइकिल यात्रा में मुस्ताक अंसारी, सरफराज अहमद, मनोज यादव, जगदीश यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, महमूद आलम, साक्षी गौतम, अबरार हाश्मी, कमलेश कश्यप, फरियाद अली, प्रमोद मौर्या, सुंदरम चौधरी, कार्तिक सुनील, बनारसी बिंद, इमरान अहमद, महेंद्र यादव, फैज आलम, आजाद चौधरी, विराट चौधरी, गोपाल चौधरी, अबू हुरैरा, फैज शेख, हिमांशु चौधरी समेत आदि रहे।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के क्रम में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**●बालिकाओं,महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में अपना बचाव करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण**

**●बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण विषयों पर किया गया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही /** सशक्त नारी,समृद्ध प्रदेश हेतु "मिशन शक्ति" अभियान के पाँचवें चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के क्रम में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के लिए लोगो को जागरूक किया गया तथा बताया गया कि आप स्वयं की सुरक्षा छात्राओं को पर्सनल सेफ्टी के टिप्स देने के साथ.साथ विभागीय योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया।

बालिकाओं को बताया गया कि कैसे वो विपरीत परिस्थितियों में अपना बचाव कर सकती हैं । महिला कल्याण विभाग की योजनाओं को बताया गया, साथ ही कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना ,वन स्टॉप सेंटर ,टॉल फ्री नंबर1098.112.1076.181.102.108. आदि की जानकारी दी गई। दूर दराज से आई हुयी महिलाएं को कन्या सुमंगला योजना को ऑन लाइन करने के लिए जागरूक किया गया। सशक्तिकरण का संदेश गतिशीलता और सुरक्षा का महत्व समझाया गया। इस मौके पर वार्ड/ब्लॉक एंव ग्राम स्तर पर बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण विषयों पर महिलाओं और बच्चों कों जागरूक किया गया।

विद्यालयों मे भी उक्त विषय पर विशेष रूप से न्यूनतम 3 सत्रों का आयोजन किया गया। कोई महिला या बच्चा विभिन्न नकारात्मक परिस्थितियों में अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा कैसे करें इस पर विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से सत्रों का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन से राजकुमार गुप्ता,ममता सिंह,रेशमा भारती, प्रियंका गुप्ता, आनन्द कुमार मौर्या, आलोक दूबे एवं शिक्षिका व काफी संख्या में छात्रायें उपस्थित रहीं।

## रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर में स्वास्थ्य कल्याण परीक्षण हेतु वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के बहुमूल्य जीवन को प्राथमिकता देते हुए कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण वामा सारथी के तहत आयोजित जांच शिविर से पुलिस कर्मियों के मनोबल और परिवार के समग्र विकास में मिलती है सहायता वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा तय "वामा वेलनेस कैम्प" का आयोजन आज दिनांकः 05 अक्टूबर, 2025 (समयः प्रातः 06:30 बजे से 11:30 बजे तक) को डॉ0 लाल पैथ लैब (डायग्नोस्टिक और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता संस्था) की सहभागिता से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (केवल पुलिस परिवारजनों के लिए) पुलिस लाइन्स ज्ञानपुर में आसानी से स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण बाजार मूल्य से विशेष निम्न





दर पर उपलब्ध कराया गया। अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानपुर में "वामा सारथी"(बामा वैलनेस से संबंधित) नामक संगठन ने एक सफल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच की गई। इस आयोजन में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच जिसमें हृदय, दंत, नेत्र, बाल रोग, त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, बीपी और शुगर संबंधित कुल 73 पुलिसकर्मी एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया। यह पहल पुलिस परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। इससे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करती है। यह उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करती है। इस तरह के आयोजन से पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ता है, और उनके परिवार के समग्र विकास में सहायता मिलती है।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आवास आवंटन

**●नःशुल्क खतौनी,वरासत, कुम्हारी कला आवंटन प्रमाण पत्र का हुआ वितरण**

**वरासत में महिलाओं का नाम अंकित कराकर निःशुल्क खतौनी प्रदान की गई, मिला संपत्ति में बराबरी का अधिकार और सुरक्षा -डीएम**

**मिशन शक्ति 5 में सुरक्षित आवास पट्टों से महिलाओं को मिले नए अवसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही /** महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन पर आधारित मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन पर केन्द्रित तथा स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार, विकसित भारत का आधार के कार्यक्रम के अन्तर्गत के अंतर्गत जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह द्वारा तहसील औराई में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पात्र महिलाओं को 09 महिलाओं को आवास आवटंन,16 महिला लाभार्थी को आबादी भूमि का स्वामित्व प्रमाण पत्र घरौनी,08 महिलाओं को भूमि का स्वामित्व अभिलेख वरासत खतौनी प्रमाण पत्र,02 महिलाओं को कुम्हारी कला आवंटन प्रमाण पत्र का वितरण उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में वरासत में महिलाओं का नाम अंकित कराकर निःशुल्क खतौनी भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें संपत्ति में बराबरी का अधिकार और सुरक्षा मिलेगी। द्वय अधिकारियों ने कहा कि आवासीय पट्टों से महिलाओं को सुरक्षित आवास मिलेगा, मत्स्य पट्टों से रोजगार एवं आय के नए अवसर उपलब्ध होंगे और खतौनी वितरण से वे संपत्ति अधिकार में सशक्त बनेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने शासन एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## शिवरामपुर ग्राम पंचायत में सचिव मान सिंह ने कर दिया सरकारी धन का बंदरबांट

**● उखड़वा ले गया इण्टरलॉकिंग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** सदर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवरामपुर में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अटल भूजल जल योजना के अंतर्गत कराए गए काम को ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलीभगत कर धन का बंदरबांट करने की नीयत से मनमानी तरीके से ध्वस्त करा दिया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मु य विकास अधिकारी से की थी। सीडीओ ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। सीडीओ के निर्देश पर गठित जांच समिति ने शनिवार को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोप सत्य साबित हुए। जांच में पाया गया कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से काम को ध्वस्त कराया गया है, जिसकी जांच रिपोर्ट मु य विकास अधिकारी को प्रेषित की गई है। सूचना के आधार पर विकासखंड कर्वी की खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी, अटल भू जल योजना के नोडल अधिकारी सौरभ एवं अवर अभियंता प्रशांत शुक्ला ने शनिवार को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था क्षेत्र पंचायत से वित्तीय वर्ष 2022-23 में शिवरामपुर ग्राम पंचायत के पट्टा तालाब में 23.46 लाख की लागत से इनलेट, आउटलेट, घाट, रैंप, इंटरलॉकिंग खड़ंजा, रेलिंग एवं बेंच का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाए थे कि ग्राम प्रधान प्रियंका जायसवाल व सचिव मान सिंह ने सरकारी धन का बंदरबाट करने की नीयत से बीते दिन समस्त कार्य को ध्वस्त करकर सामग्री को गौशाला में डंप करा दिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया किस सचिव मान सिंह जिन ग्राम पंचायतों में काम कर रहे है, वहां भारी भ्रष्टाचार किया गया है। यदि सचिव मान सिंह के भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए, तो एक बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। जिस पर सीडीओ अमृतपाल कौर ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल जांच कराने के निर्देश दिए थे। शनिवार को स्थलीय निरीक्षण में ग्राम प्रधान और सचिव के कार्यों की जांच के बाद रिपोर्ट सीडीओ को भेजी गई है।

## हत्या कांड का बलरामपुर पुलिस ने किया खुलासा

**● प्रेम संबंधों के विवाद में युवक ने की थी महिला की हत्या, आलाकत्ल चाकू सहित गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** बलरामपुर पुलिस ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू भी बरामद किया है। मामला 30 सितंबर 2025 का है, जब शहनवाज निवासी मोहल्ला पुरैनिया तालाब ने थाना कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मोहल्ला निमकौनी निवासी शफीक पुत्र रशीद ने पुरानी रंजिश के चलते उसके घर में घुसकर उसकी पत्नी नजमी उर्फ नरगिस की चाकू से हत्या कर दी। इस पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 0251/2025 धारा 103(1), 333, 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को झारखंडी मंदिर बस स्टॉप मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में शफीक ने बताया कि मृतका से उसका पिछले 12 वर्षों से प्रेम संबंध था। अप्रैल माह में उसने दोनों का निजी वीडियो वायरल कर दिया था, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मृतका ने बात करना बंद कर दिया। इसी नाराजगी में शफीक ने घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी और खुद को भी घायल करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी शफीक पुत्र रशीद निवासी मोहल्ला निमकौनी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, उ0नि0 दिग्विजय यादव, हे0का0 मुक्तेश्वर यादव, का0 अर्पित मिश्रा तथा म0का0 अमिता सिंह शामिल रहे।

## साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूटः** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह अक्टूबर के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा विभिन्न शैक्षिक संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साइबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइबर जागरूकता अभियान के तहत आमजनमानस व विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड न बर, पिन न बर, सीवीवी व ओटीवी न बर, एसएमएस आदि न बताए। एटीएम का प्रयोग अकेले करने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप पर कभी भी न देने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड व नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न कराएं। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करने, किसी प्रकार का रिमोट एप जैसे टीमविवर, ऐनी डेक्स आदि किसी के कहने पर मोबाइल में इनस्टॉल न करने, सोशल नेटवर्किंग साइटस पर अपनी निजी जानकारी शेयर न करने तथा पुलिस व साइबर अधिकारी के नाम की काल आने पर तथा किसी भी प्रकार के आरोप लगाकर पैसो की मांग करने पर पैसे न देने व न घबराने को कहा।

साथ ही साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं 1930 पर कॉल करने, नजदीकी पुलिस स्टेशन व साइबर अपराध पोर्टल पर भी रिपोर्ट करने को कहा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नाइट शिफ्ट की ड्यूटी कर घर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत




**प्रयागराज(नैनी)** औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत बीती रात एक सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह अपनी बाइक से नाइट शिफ्ट की ड्यूटी कर घर लौट रहा था, कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर परिजनों को बताया। मृतक की पहचान कृष्ण मुरारी यादव (40वर्ष) निवासी कौंधियारा के रूप में हुई है। कृष्ण मुरारी पुत्र जयकरन यादव कैथा गांव के निवासी थे। वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित पारले-जी बिस्किट कंपनी में काम करते थे। शनिवार रात को अपनी ड्यूटी कर बाइक से घर जा रहे थे। जैसे ही वह मिर्जापुर राजमार्ग आईटीआई कंपनी और रज्जू भैया विश्वविद्यालय के पास पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दिया और मौके से भाग गया। हादसे के बाद वह सड़क पर सीने के बल गिरे, और उनका सिर फट गया था, जिससे सड़क लाल हो गई। मौके पर पहुंचे कुछ राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

### दीपावली 20 को; काशी विद्वत परिषद का निर्णय

**ब्यूरो प्रयागराज।** इस बार दीपावली की तिथि को लेकर कंफ्यूजन की स्थिति है. कुछ लोग 20 अक्टूबर तो कुछ 21 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार मनाने की सलाह दे रहे हैं. ऐसे में दीपावली कब मनाई जाएगी, इस पर काशी विद्वत परिषद ने स्पष्ट किया है कि दीपावली का त्योहार 20 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। काशी विद्वत परिषद के ज्योतिष प्रकोष्ठ के मंत्री और काशी हिंदू विश्वविद्यालय ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर विनय कुमार पांडेय बताते हैं कि सनातन धर्म की व्रत-पर्व आदि के निर्धारण गणितीय मानकों के आधार पर होता है. ऐसी स्थिति 2024 में भी बनी थी, जिस पर शास्त्र सम्मत निर्णय श्री काशी विद्वत परिषद ने लिया था. बताया कि दीपावली को लेकर इस बार भी कुछ ऐसे ही स्थिति बन रही है. 2025 को दीपावली कब मनाई जाए, इसे लेकर भ्रम की स्थिति कुछ लोगों ने पैदा की है. गणितीय अध्ययन के बाद यह स्पष्ट किया गया है कि 20 अक्टूबर 2025 को ही दीपावली मनाना नियोजित होगा। विनय पांडेय कहते हैं कि कुछ लोगों ने 20 अक्टूबर तो कुछ ने 21 अक्टूबर को दीपावली अपने पंचांग में लिखी है, जो भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है. इस देखते हुए ही काशी विद्वत परिषद के धर्मशास्त्र एवं ज्योतिष प्रकोष्ठ की ऑनलाइन बैठक में निर्णय लिया गया है कि 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जाएगी। पूर्ण प्रदोष काल व्यापिनी तिथि 20 अक्टूबर को ही प्राप्त हो रही है, जबकि 21 अक्टूबर को तीन प्रहर से अधिक अमावस्या और साढ़े तीन प्रहर से अधिक वृद्धि गामिनी प्रतिपदा के होते हुए भी नटव्रत के पारण का फल प्राप्त नहीं हो रहा है. इसलिए विभिन्न धर्म शास्त्रीय सिद्धांतों का अनुपालन करते हुए सर्वसम्मति से 20 अक्टूबर को ही पूरे देश में दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया है।

### थाना सरायइनायत मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा पति-पत्नी के आपसी विवाद में काउंसलिंग कर विवाद का निस्तारण कराया गया




**ब्यूरो प्रयागराज ।** "मिशन शक्ति फेज-5.0" अभियान के तहत आज दिनांक- 05.10.2025 को उ0नि0 अनीता यादव(प्रभारी महिला शक्ति केन्द्र), उ0नि0 अवधेश तिवारी, उ0नि0 संजय सिंह, म0का0 वर्तिका सिंह, म0का0 अनुराधा साहनी के द्वारा आवेदिका विद्या पाल पत्नी अनिल कुमार पाल निवासिनी ग्राम अन्दावा पाल नगर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अपने पति के साथ आपसी घरेलू विवाद छोटी छोटी बातों को लेकर पारिवारिक विवाद के सम्बंध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों पति-पत्नी के दाम्पत्य जीवन व उनके भविष्य को मद्देनजर रखते हुए आवेदिका व उसके पति की काउन्सलिंग कर उनका आपसी समझौता कराया गया तथा पीड़िता को राजीखुशी से उसके पति के साथ उसके ससुराल रूखसत किया गया ।

# बिहार कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने रखी पांच मांगें, एसआईआर पर उठाए सवाल, घुसपैठियों की मांगी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार कांग्रेस ने राज्य के दौरे पर आए निर्वाचन आयोग के सामने पांच मांगें रखी हैं। इसी के साथ ही कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने हटाए गए नामों और नए जोड़े गए नामों सहित लिस्ट से बाहर किए गए घुसपैठियों की भी जानकारी आयोग से मांगी है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि एसआईआर को लेकर बिहार की धरती पर आए चुनाव आयोग का हमारी पार्टी स्वागत करती है। लेकिन जिस तरह से नेता विपक्ष राहुल गांधी ने न केवल वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बल्कि अलग-अलग मंचों पर वोटर लिस्ट की गड़बड़ियों को उजागर किया है, उसका जवाब चुनाव आयोग को देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से हमारे पांच सवाल हैं। चुनाव आयोग से पहला सवाल करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि 30 तारीख को जो सूची जारी की गई, उसमें पलायन किए गए लोगों के कितने नाम काटे गए। इसकी सूचीबद्ध जानकारी दी जाए। दूसरे सवाल के माध्यम से पूछा गया कि सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से 21 लाख 53 हजार नाम नए जोड़े गए हैं, उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही उसमें मतदाताओं की उम्र की जानकारी भी होनी चाहिए, क्योंकि ऐसे कई मामले देखने को मिले हैं जिनमें 70-75 साल के लोगों के नाम जोड़े गए हैं। तीसरे सवाल में कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग इस बात की भी जानकारी दे कि नई सूची में महिलाओं के कितने नाम काटे और जुड़े हैं। इसके साथ ही सूची से नाम कटने के कारण भी बताए जाएं। चौथे सवाल में कांग्रेस ने पूछा कि जिनकी मृत्यु हो गई है, उनकी सूची भी नाम के साथ उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग ने गंभीरता के साथ कहा था कि एसआईआर घुसपैठियों को रोकने की कवायद है, लेकिन आयोग ने अभी तक घुसपैठियों के नाम नहीं दर्ज किए हैं। पांचवीं मांग करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी बताए कि अभी तक कितने घुसपैठियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही महिला, अकीला बानो, के दो अलग-अलग एपिक नंबर हैं। वहीं, एक दूसरा व्यक्ति, सुधांशु कुमार, का भी लिस्ट में ऐसा ही हाल है।

फिर यह कैसा मतदाता गहन पुनरीक्षण है? कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साक्ष्य के साथ वोट चोरी को दिखाया। उस सवाल का जवाब आज तक नहीं आया। चुनाव आयोग के प्रति देशवासियों की विश्वसनीयता टूट चुकी है।

# सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को करेगा सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ़ उनकी पत्नी डॉ. गीतांजली अंगमो द्वारा दायर हेबियस कार्पस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। जस्टिस अरविंद कुमार और एन.वी. अंजरिया की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। याचिका में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम यानी एनएसए के तहत वांगचुक की 'अवैध और मनमानी' हिरासत को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उनकी तत्काल रिहाई, स्वास्थ्य जाँच और दवाओं की व्यवस्था की मांग की गई है। लद्दाख में राज्य के दर्जे और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुई हिंसक झड़पों के बाद वांगचुक को गिरफ़्तार किया गया है और उन पर 'षड्यंत्र रचने' का आरोप लगाया गया है। लद्दाख में 24 सितंबर को लेह में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हिंसक हो गया था। अनशन के दौरान कुछ लोगों की हालत बिगड़ने पर युवा भड़क गए थे और सड़कों पर निकल आए थे। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के कार्यालय पर हंगामा हुआ था और इस दौरान बवाल तब बढ़ गया था जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी कार्यालय में आग लगा दी थी। पुलिस ने बल का प्रयोग किया, पथराव हुआ, आंसू गैस के गोले चले और गोलियाँ भी चलीं। इसमें चार युवाओं की मौत हो गई थी और कई युवा और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मांग थी- लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देना और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करना। यह अनुसूची आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्तता देती है। झड़पों में चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, जबकि 90 से अधिक लोग घायल हुए। पुलिस फायरिंग में हुई इन मौतों ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया। हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख यानी एचआईएएल के संस्थापक सोनम वांगचुक ने 10 सितंबर से अनशन शुरू किया था। हिंसा भड़कने पर उन्होंने अनशन तोड़ दिया था। 26 सितंबर को लेह पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और एनएसए के तहत जोधपुर सेंट्रल जेल स्थानांतरित कर दिया। प्रशासन का आरोप है कि वांगचुक के भड़काऊ के भाषणों, नेपाली आंदोलनों और अरब स्प्रिंग का ज़िक्र करने वाले वीडियो ने हिंसा भड़काई। एक प्रेस रिलीज में कहा गया, 'उनके भाषणों से 24 सितंबर को संस्थानों, वाहनों को आग लगाई गई और पुलिस पर हमला हुआ, जिससे चार मौतें हुईं।' साथ ही, उन्हें पाकिस्तानी खुफिया एजेंट से संपर्क का भी आरोप लगाया गया, जिसे परिवार ने 'झूठा प्रोपेगेंडा' बताया।

# साहित्यकार काजल कुमारी को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**● 30 चयनित लोगों में बिहार की काजल कुमारी को बिहार गौरव डॉ राजेंद्र प्रसाद सम्मान से सम्मानित किया गया ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** बिहार की ये सबसे कम उम्र की लेखिका हैं। काजल कुमारी को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। बिहार के पटना में आयोजित एक साहित्य सम्मान समारोह में 30 चयनित लोगों में बिहार की काजल कुमारी को बिहार गौरव डॉ राजेंद्र प्रसाद सम्मान से सम्मानित किया गया। काव्य हिंदुस्तान साहित्य समूह जो कि भारत के महान विभूतियों को उनकी विशेष और अद्भुत प्रतिभाओं के लिए सम्मानित करती आ रहीं हैं जिसकी स्थापिका रेखा शर्मा और इनके टीम द्वारा पूरे भारत से 30 लोगों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया । जिसमें बिहार की शान काजल कुमारी को भी विशेष स्थान प्रदान कर बिहार गौरव सम्मान तथा डॉ राजेंद्र प्रसाद सम्मान से सम्मानित किया गया हैं । उल्लेखनीय बात यह है कि पूरे बिहार की ये सबसे कम उम्र की लेखिका हैं।सुश्री काजल कुमारी बिहार के पटना की रहने वाली हैं और इन्होंने बहुत ही कम उम्र में वो सारे कार्य किए हैं, जो कि आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इन्होंने खेल के क्षेत्र में 2020 में कराटे में यह डिस्टिक लेवल पर टॉप करके बिहार का मान बढ़ाई हैं। सन् 2022 में ने कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अपनी खूबसूरती से मिस पटना का ताज अपने नाम किया। इन्होंने साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। मात्र 20 वर्ष की उम्र में 9 पुस्तक सहित 3 उपन्यास लिखी हैं। इनकी रचनाएं देश विदेश की पत्र पत्रिकाओं में भी प्रकाशित होती रहती हैं।

**साहित्य के क्षेत्र में इन्हें 500 से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं**

ज्योतिष के क्षेत्र में इन्होंने इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं जो कि लोग 50 साल की उम्र में भी हासिल नहीं कर पाते हैं। इन्होंने ज्योतिष को एक अलौकिक दिव्य ज्ञान बताया हैं तथा ये पटना की टॉप 10 ज्योतिषी की श्रेणी में आती हैं। काजल आज अवॉर्ड लेते हुए भावुक स्वर में कहा मैं आज जो कुछ भी हूं अपने माता पिता के आशीर्वाद से हूं और मां सरस्वती की कृपया दृष्टि से हूं। मैं आप लोगों का आभार व्यक्त करती हूं कि आपने इस सम्मान का पात्र बनाया मुझे और इस मंच पर सम्मानित किया हैं।

# नहर निर्माण संकल्प अभियान से गूंजा ग्राम सभा धरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** रविवार को बारा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा धरा में किसानों के चेहरे पर उम्मीद की नई किरण जगी। पंचायत भवन में आयोजित "नहर निर्माण संकल्प अभियान" की बैठक में ग्रामीणों ने एक सुर में ठान लिया कि अब उनकी धरती सूखी नहीं रहेगी। खेतों में फिर हरियाली लाने के लिए पूरा गांव एकजुट होकर आंदोलन खड़ा करेगा। इस बैठक की अध्यक्षता दिनेश त्रिपाठी ने की जबकि संचालन ग्राम प्रधान मनोज मिश्रा ने किया। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव की करीब 2000 बीघे उपजाऊ भूमि सिंचाई के अभाव में बंजर हो चुकी है। नाले की सफाई और गहराई न होने से टेल हिस्से तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि जब तक धरा से असवा होते हुए परवेजाबाद नाले की गहराई और मरम्मत नहीं कराई जाती तथा परवेजाबाद गांव में फाटक नहीं लगाया जाता, तब तक किसानों को पानी के लिए आसमान की ओर ही देखना पड़ेगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि इस नाले की सफाई और पुनर्निर्माण को प्राथमिकता में शामिल किया जाए, ताकि खेतों में पानी पहुंच सके और गांव फिर से फसल उत्पादन में अग्रणी बन सके। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि "यह सिर्फ पानी का नहीं, बल्कि किसान के जीवन और अस्तित्व का सवाल है।" उन्होंने बताया कि पहले इसी नाले के सहारे गांव की आधी से ज्यादा खेती सींची जाती थी, लेकिन वर्षों से रखरखाव न होने के कारण नाला जर्जर हो चुका है और टेल हिस्से तक पानी नहीं पहुंचता। अब गांव के लोग खुद श्रमदान कर नाला साफ करने की योजना भी बना रहे हैं। इस मौके पर बालराम शुक्ल, आलोक शुक्ल, मीडिया प्रभारी विजय शुक्ल, सतीश तिवारी (भेलावं), ग्राम प्रधान नीरज पांडे (धरा), शंकर लाल प्रजापति, आशुतोष द्विवेदी, तेज बली पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और नौजवान उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से तय किया कि गांव के विकास और किसानों की सिंचाई व्यवस्था के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि वे जिलाधिकारी प्रयागराज से पुनः मिलकर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। नाले की सफाई, गहराई और फाटक निर्माण को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा और जरूरत पड़ी तो सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। ग्राम प्रधान मनोज मिश्रा ने कहा कि "यह गांव की लड़ाई है, किसी व्यक्ति की नहीं। जब तक खेतों में पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।" वहीं दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि "नहर निर्माण संकल्प अभियान किसानों की उम्मीदों को फिर से सींचने की पहल है, हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हर खेत में पानी नहीं पहुंचेगा।"बैठक में उत्साह और एकजुटता का माहौल देखने लायक था। ग्रामीणों ने हाथ उठाकर एक स्वर में संकल्प लिया"अबकी बार नहर बहाएंगे, खेतों में हरियाली लौटाएंगे!"

# शंकरगढ़ राजघराने में 34 वर्षों से दशहरे पर नजराना पेश करने की भव्य परंपरा बरकरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** धर्म नगरी प्रयागराज यमुनापार तहसील बाराक्षेत्र में पहाड़ियों व नदियों के बीच बसे शंकरगढ़ (कसौटा)राजघराना आज भी दशहरे पर होने वाले भव्य और ऐतिहासिक परंपरा को 34 पीढ़ियों के बाद भी बरकरार रखा है। शंकरगढ़ क्षेत्र के लोगों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। आपको बता दें कि रीवा राजघराने का एक परिवार शंकरगढ़ है, जिसका पुराना नाम कसौटा था। ये रीवा राजघराने के पट्टीदार हैं। मध्य प्रदेश बनने से पहले इसे विंध्य प्रदेश के नाम से जाना जाता था, जिसकी राजधानी रीवा थी। देश आजाद होने के बाद 1 नवंबर 1956 में मध्य प्रदेश को पूर्ण राज्य की मान्यता मिल गई। शंकरगढ़ राजपरिवार बघेल राजपूत हैं, जो महाराजा व्याघ्रदेव के वंशज हैं और यहीं से बघेल राजपूतों की उत्पत्ति हुई। वैसे तो ये लोग सोलंकी राजपूत हैं, क्योंकि महाराजा व्याघ्रदेव और महाराजा सोलंकदेव दो भाई थे, जो गुजरात से हैं, लेकिन महाराजा व्याघ्रदेव शंकरगढ़ आ गए और विंध्यप्रदेश को अपनी राजधानी बना लिया। इन्हीं के नाम पर बघेल राजपूतों की उत्पत्ति हुई, जो महाराजा व्याघ्रदेव के वंशज हैं। ऐसा माना जाता है कि 36 पीढ़ियों पहले जब रीवा राजघराने में बंटवारा हुआ, तो कंधारदेव को शंकरगढ़ (कसौटा) के 365 गांव मिले, जिन्हें कसौटा कहा जाता है। राजा कंधारदेव ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में टोंस नदी के किनारे देवरा गांव में अपना राज्य स्थापित किया, जो आगे चलकर कसौटा राज्य के नाम से मशहूर हुआ। आज भी शंकरगढ़ राजपरिवार कोषिद बघेल राजपूत लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों में बसे हैं। ये खानदान दशहरे पर शंकरगढ़ राजभवन में इकट्ठा होते हैं। इस समय राजघराने के 34 वें राजा, महाराज महेन्द्र प्रताप सिंह राजगद्दी पर बैठते हैं और इनके पुत्र युवराज शिवेन्द्र प्रताप सिंह 35 वीं पीढ़ी हैं और इनके प्रपौत्र व्यंबकेश्वर प्रताप सिंह भंवर साहब हैं, जो 36वीं पीढ़ी कही जाएगी। रात में महाराजा महेन्द्र प्रताप सिंह राजसी परिधान में राज सिंहासन पर विराजते हैं और 365 गांवों से आए हुए प्रजाओं को दर्शन देते हैं। दशहरे के दिन ही शुभ मुहूर्त में महाराजा महेन्द्र प्रताप सिंह अपने कुलदेवता और पूर्वजों की पूजा करते हैं। इसके बाद शस्त्र पूजन किया जाता है और इसी दिन राजभवन आम लोगों के लिए खुला रहता है। खास बात यह है कि आज भी शंकरगढ़ (कसौटा) की जनता इन्हें अपना राजा मानती है और पुरानी परंपराओं की तरह ही राजा का अभिवादन करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार से शुरू होता है, फिर महाराजा महेन्द्र प्रताप सिंह का उद्बोधन होता है। इसके बाद आई हुई जनता अपने चहेते राजा को नजराना पेश करती है।

# शादी करने का भरोसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करने वाला आरोपी शिकंजे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में शादी का झांसा देकर किशोरी से करीब दो साल तक शारीरिक शोषण करने और घर में जबरन घुसकर बलात्कार करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक विकास कुमार पुत्र गिरीश चन्द्र बिंद लगातार मोबाइल पर बातचीत करता रहा और शादी करने का भरोसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। लंबे समय तक बहकावे में रखकर जब किशोरी ने शादी करने की बात कही तो आरोपी ने साफ मना कर दिया। इससे पीड़िता ने सम्बन्ध खत्म कर उसका दिया हुआ मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़िता के मुताबिक, बीते 23 सितम्बर की रात लगभग एक बजे आरोपी उसके घर में घुस आया और उसका मुँह दबाकर जबरन दुराचार किया।शोर मचाने पर उसके माता-पिता और भाई पहुंचे तो आरोपी जान से मरवाने की धमकी देते हुए भाग गया। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया जा चुका है, और मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है। घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की मनमानी से महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं।

कई सामाजिक कार्यकर्ताओं व महिला कार्यकर्ताओं ने भी आरोपी को कठोर कार्रवाई करने तथा मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग किया है। पीड़िता मानसिक रूप से आहत है और उसका परिवार भी सदमे में है। परिजनों को अब समाज में अपनी बेइज्जती का भय भी सता रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह किया कि पीड़िता को न्याय दिलाने के साथ ही सुरक्षा भी उपलब्ध कराई जाए।

# पति ने पत्नी,सास पर शिकायत दर्ज कराई, घर छोड़कर जाने,धमकी देने और गहने ले जाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी और सास के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। नागौर (राजस्थान) निवासी हनुमान प्रसाद ने कौंधियारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी गहने और छोटे बेटे के साथ मायके चली गई है और अब किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ रहने लगी है और उसने सास पर धमकी देने का आरोप लगाया है। हनुमान प्रसाद की शादी 3 जून 2017 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार ग्राम देवरा, थाना कौंधियारा की वंदना देवी से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं और वे दोनों राजस्थान में रहते थे। करीब एक महीने पहले वंदना देवी अपने छोटे बेटे किसन (6वर्ष)और सारे गहने लेकर अपने मायके गई थी और तब से वह वहीं रह रही है। आरोप है कि उसकी सास शांति देवी ने उन्हें पत्नी से बात कराने में भी टालमटोल करती रहती है।25 सितम्बर को सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) के माध्यम से जानकारी मिली कि उसकी पत्नी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ रह रही है। जब हनुमान प्रसाद ने पत्नी से बात करने की कोशिश की, तो सास ने धमकी देकर कहा कि अब बुलाने आने पर तुम्हें जान से मरवा देगी। इस घटना के बाद हनुमान प्रसाद ने उचित कार्रवाई करने और पारिवारिक पुनर्मिलन या कानूनी संरक्षण प्रदान करने की मांग किया है। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिली है, जांच पड़ताल कराई जा रही है और सम्बंधित पक्षों से पूछताछ की जाएगी, तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि इसे पंचायत स्तर पर सुलझाना चाहिए था, जबकि कुछ लोग हनुमान प्रसाद के ही पक्ष में हैं। उनका कहना है कि पत्नी का सारे गहने लेकर जाना, और बात न करना,अन्याय है। वंदना देवी के परिवार वालों ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है।

# मिठाई कारोबारी की सड़क हादसे में मौत

**● शव गंगोत्री नगर चौकी के पास मिला।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनानगर (करछना) एक मिठाई कारोबारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के बाद खून से लथपथ शव गंगोत्री नगर चौकी के नजदीक पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर उसे अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित पूरा फतेह मोहम्मद निवासी राजकुमार कुशवाहा (45वर्ष) पुत्र स्व रामदुलारे कुशवाहा मिठाई की दुकान चलाते थे। तीन भाइयों में वह दूसरे नंबर पर थे। बड़े भाई मनीष कुशवाहा उर्फ बच्चा भी दुकान चलाते हैं, जबकि छोटा भाई दिलीप राजकुमार के साथ ही मिठाई की दुकान पर रहते थे। राजकुमार की दो बेटियां वर्षा कुशवाहा (20वर्ष)और अंशी कुशवाहा (15वर्ष) व बेटा आकाश कुशवाहा (18वर्ष) का है। राजकुमार की मौत से पत्नी सुषमा और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजकुमार अपनी दुकान से रात 12 बजे के आसपास अपने बच्चों को नैनी दशहरे के मेले की रोशनी दिखाने को लेकर निकले थे। वहां से वापस लौटकर डांडी का दशहरा देखने बुलेट मोटरसाइकिल से निकले। रात करीब तीन बजे तक वह घर नहीं लौटे तो घरवाले परेशान होकर खोजबीन करने लगे, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, उनका फोन भी नहीं उठ रहा था। इसके बाद छोटा भाई दिलीप एग्रिकल्चर चौकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने हादसे की जानकारी दी और पूछा कि बुलेट मोटरसाइकिल से थे। जानकारी होने पर पुलिस ने बताया कि शव राजकुमार का ही है, और पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।

# करंट की चपेट मे आने से युवक की हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोरांव प्रयागराज।** कोरांव तहसील क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की बिजली के करंट लगने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार हनुमान मिश्र पुत्र हरे कृष्ण मिश्र उम्र 25 वर्ष निजी निवास कोरांव अपने घर मे ही रहते थे रविवार के दिन लगभग शाम 3 बजे के आस पास घर की बिजली का फाल्ट बनाते समय बिजली करंट लग गया जिससे वह जमीन पर बेसूध होकर गिर पड़ा आस पास के लोगो ने अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मृतक दो भाइयों में से छोटा था अभी तक शादी नही हुई थी मौत की खबर घरवालों को हुई तो पूरे परिवार मे मातम छा गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कोरांव थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी गई सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश वर्मा अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# एसडीएम बारा तथा विधायक ने बाढ़ प्रभावितों को दिए राहत चेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा विधायक डॉ वाचस्पति व उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने बाढ़ प्रभावितों को मुआवजे का चेक वितरित किया। इस दौरान सैकड़ों किसानों, ग्रामीणों व प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी रही। विधायक बारा ने कहा कि सरकार हर बाढ़ प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और किसी को भी राहत से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने और बचे हुए लाभार्थियों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश दिए। डॉ वाचस्पति ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और आपदा राहत फंड जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को निरन्तर आर्थिक सहायता देने की भी बात कही। कार्यक्रम के दौरान ग्राम कैथा,मनौरी और गंगापुर के कई किसानों ने अपनी धान और सब्जियों की फसलों को भी बाढ़ से पूरी तरह बर्बाद होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब मुआवजा मिल जाने से नई फसल की तैयारी करना आसान हो जाएगा। किसानों ने राहत मिलने पर सरकार का आभार जताया है। उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने बताया कि जिन किसानों की फसल रिपोर्ट लंबित है, उनके लिए एक विशेष सर्वे टीम बनाई गई है, जो एक सप्ताह के भीतर सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट दे देगी। तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने स्पष्ट कहा कि राहत वितरण में किसी तरह की मनमानी बरदाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आवास क्षति वाले परिवारों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अंत में विधायक डॉ वाचस्पति व अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर कहा है शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर किसान और हर परिवार जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौट आए। ग्रामीणों ने स्थाई समाधान के लिए तटबंधों को मजबूत करने और जलनिकासी को भी सुधारने की आवश्यकता बताई।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदन महतो बने जेएलकेएम के केंद्रीय युवा मोर्चा के महासचिव



**रांची, झारखंडः-** झारखंड की राजनीति में युवाओं की भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अपने केंद्रीय युवा मोर्चा का पुनर्गठन किया है। इस क्रम में चंदन महतो को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें केंद्रीय युवा मोर्चा के महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले चंदन महतो पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री के रूप में कार्यरत थे और संगठन को सक्रिय बनाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में स्पष्ट किया गया है कि युवा मोर्चा को नई दिशा देने के लिए चंदन महतो जैसे ऊर्जावान और जमीनी नेता की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। नियुक्ति के बाद चंदन महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नीतियों और सिद्धांतों का पालन करते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में जेएलकेएम के युवा मोर्चा को नई ऊर्जा और गति मिलेगी।

### कांग्रेस एससी सेल अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने नवमनोनीत जिला अध्यक्ष जेपी पटेल को दी बधाई

**बरही-**कांग्रेस पार्टी के एससी सेल बरही प्रखंड अध्यक्ष सह बिहार चेनारी विधानसभा के चुनाव प्रभारी कार्तिक पासवान ने हजारीबाग जिले के नवमनोनीत कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेपी पटेल को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक योग्य और कर्मठ नेता पर भरोसा जताकर जिले की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया है। कार्तिक पासवान ने अपने बयान में कहा कि जेपी पटेल एक जुझारू, संघर्षशील और संगठन को मजबूत करने वाले नेता हैं। उनके नेतृत्व में हजारीबाग जिला कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा आम जनता की समस्याओं को पार्टी मंच से मजबूती के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जेपी पटेल संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने में सफल रहेंगे और कांग्रेस की विचारधारा को और मजबूती देंगे। बरही प्रखंड कांग्रेस एससी सेल अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और दलित वर्ग की आवाज बुलंद करती रही है। जेपी पटेल के नेतृत्व में जिला स्तर पर भी इन वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता (फुटबॉल) के लिए साहेबगंज से 09 खिलाड़ी रांची रवाना



**साहेबगंज, झारखंडः-** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची द्वारा संचालित आवासीय एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त पदों हेतु आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता से चयनित फुटबॉल खेल विधा के कुल 09 बालक खिलाड़ी शनिवार को बस द्वारा रांची रवाना हुए। ये सभी खिलाड़ी 6 से 7 अक्टूबर तक होटवार, रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता (फुटबॉल) में हिस्सा लेंगे। रवानगी के अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, जिम ट्रेनर गौरव झा समेत अन्य उपस्थित थे।

**फुटबॉल (बालक) खिलाड़ी —**

10 से 14 वर्ष वर्ग- ब्लेसिंग टुडू, मुनकुच हांसदा, सैमुएल हेंब्रम, बड़ा लालू किस्कू, रोहित मुर्मू, जेवियर सोरेन 16 से 22 वर्ष वर्ग- सानू हेंब्रम, इश्तियाक शेख।

# कांग्रेस पार्टी ने गोरियाकरमा पंचायत में पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा, नवमनोनित जिलाध्यक्ष जेपी पटेल हुए शामिल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरही-** बरही प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा पंचायत में रविवार को कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष और पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के नवमनोनीत जिला अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए जहां कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नवमनोनित जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर बीजेपी को फायदा पहुंचाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में चुनाव पूर्व किए गए एसआईआर के जरिए बीजेपी विरोधी लगभग 65 लाख मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियां न केवल विरोध कर रही हैं बल्कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। उन्होंने पंचायत अध्यक्षों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट चोरी रोकने के लिए अभी से कांग्रेस के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) तैयार कर लें। श्री पटेल ने बताया कि संगठन सृजन 2025 के तहत कांग्रेस ने बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन में बड़ा बदलाव किया है। यही कारण है कि अब सीडब्ल्यूसी सदस्य और प्रदेश प्रभारियों को पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत करने का जिम्मा सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष जेपी पटेल ने कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग की इस वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने मतदाताओं के बीच हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर इस अभियान के दस्तावेज पार्टी नेतृत्व को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर गौरियाकरमा पंचायत के पांच बूथों के बीएलए को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए और उन्हें बूथ लिस्ट उपलब्ध कराई गई। श्री पटेल ने कहा कि जल्द ही सभी पंचायत पदाधिकारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन राबिदास, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, पूर्व प्रमुख गिरधारीलाल यादव, पंचायत अध्यक्ष विजय रविदास, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, महासचिव मोहम्मद कयूम, मुरली रविदास, केदार पासवान, यासिर खान, इरफान अंसारी, सुरेंद्र कुमार, मनोज पांडे, मोती महतो, सूरज विश्वकर्मा, अशोक कुशवाहा, हीरामन पंडित, उदय राणा, लखन यादव, रामचंद्र चौधरी, राधेश्याम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शरद पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम पाथरोल में भजन संध्या और महाआरती का आयोजन आज



**पाथरोल, करों, देवघर, झारखंडः-** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज सोमवार को संकट मोचन धाम पाथरोल में भव्य भजन संध्या, बाबा का महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में हर पूर्णिमा की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं के सहयोग से शाम 8 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके उपरांत रात 9 बजे बाबा की महाआरती संपन्न होगी और प्रसाद के रूप में खीर-खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भक्ति भाव से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक के नेतृत्व में की जा रही है। उन्होंने बताया कि इच्छुक भक्त किसी भी प्रकार के सहयोग या जानकारी के लिए उनसे मोबाइल नंबर 09934531724 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सरकार की अनदेखी से तंग ग्रामीणों ने खुद बनाई सड़क



### ●चंदा और श्रमदान से ग्रामीणों ने दिखाया आत्मनिर्भरता का उदाहरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मधुपुर प्रखंड के उदयपुर पंचायत अंतर्गत दोरही गाँव के ग्रामीणों ने वर्षों की उपेक्षा और प्रशासनिक अनदेखी से तंग आकर खुद अपने गाँव की सड़क का निर्माण किया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस गाँव की सड़क नहीं बन सकी थी। यह सड़क मधुपुर शहर से जुड़ने का एकमात्र मार्ग है। बरसात के दिनों में यह पगडंडी नाले में तब्दील हो जाती थी, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता था। कई बार राहगीर फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार गोड्डा लोकसभा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे और मधुपुर विधानसभा के विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा – "चुनाव के समय नेता आते हैं, वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद गांव की ओर झांकते तक नहीं।" स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने गाँव पहुँचकर सड़क निर्माण का वादा किया था। वहीं, दो वर्ष पूर्व दुधानी गाँव में उप स्वास्थ्य केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री हफीजुल हसन ने भी दोरही गाँव की सड़क निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बावजूद कार्य आरंभ नहीं हुआ। बरसात और लगातार अनदेखी से परेशान ग्रामीणों ने इस बार खुद ही चंदा इकट्ठा कर पगडंडी पर मिट्टी और मोरम डालकर सड़क निर्माण का कार्य पूरा किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह कदम न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़ा करता है। मौके पर प्रदीप राणा, अविनाश राणा, अनूप राणा, शिबू राणा, बबलू यादव, बोस राणा, पवन राणा, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने झारखंड के सभी जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रांची, झारखंडः-** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने झारखंड प्रदेश में संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य की सभी 25 जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस सूची में रांची महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कुमार राजा को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि रांची ग्रामीण की कमान सोमनाथ मुंडा को दी गई है। यह नियुक्तियाँ अखिल भारतीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत की गई हैं। पार्टी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल (सांसद) द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने व्यापक समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों से विचार-विमर्श कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन रिपोर्टों पर गहन चर्चा के बाद, वरिष्ठ नेताओं और पर्यवेक्षकों के साथ विमर्श कर अंतिम सूची तैयार की गई। जारी सूची के अनुसार झारखंड के विभिन्न जिलों में निम्नलिखित नेताओं को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जिनमें बोकारो से जवाहर लाल मेहता, चतरा से चंद्रदेव गोप, देवघर से मुकुंद दास, धनबाद से संतोष कुमार सिंह, दुमका से स्टीफन मरांडी, पूर्वी सिंहभूम से परविंदर सिंह, गढ़वा से ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी, गिरिडीह से सतीश केडिया, गोड्डा से मोहम्मद याह्या सिद्दीकी, गुमला से रजनील तिग्गा, हजारीबाग से जेपी पटेल, जामताड़ा से दीपिका बेसरा, खूंटी से रवी मिश्रा, कोडरमा से प्रकाश राजक, लातेहार से कमेश्वर यादव, लोहरदगा से सुखैर भगत, पाकुड़ से शंकर सरकार, पलामू से बिमला कुमारी, रामगढ़ से ममता देवी, रांची महानगर से कुमार राजा, रांची ग्रामीण से सोमनाथ मुंडा, साहिबगंज से बरकतुल्लाह खान, सरायकेला-खरसावां से राज बगेची, सिमडेगा से भूषण बारा, पश्चिमी सिंहभूम से रंजन बॉयपॉय नियुक्त किए गए। कांग्रेस ने कहा कि इन नियुक्तियों से राज्य में संगठनात्मक मजबूती आएगी और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ और अधिक सुदृढ़ होगी। यह निर्णय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत लिए गए महत्वपूर्ण कदमों में से एक है, जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले पार्टी को प्रत्येक जिले में सक्रिय और संगठित रूप से तैयार करना है।

## टीलमनी देवी की सूरत से घर वापसी, विधायक प्रतिनिधि और फाउंडेशन की पहल से संभव

### ●सूरत में 69 दिनों तक हेल्प ड्राइव फाउंडेशन ने निभाई जिम्मेदारी

### ●घर पहुँचते ही बेटी लक्ष्मी फूट-फूटकर रो पड़ी, खुशी की लहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चंदवा, झारखण्डः-** चंदवा प्रखंड के कुसुमटोली गांव में उस समय भावनात्मक दृश्य देखने को मिला जब तीन माह से लापता टीलमनी देवी अपने घर सकुशल लौटीं।टीलमनी देवी बुधन मुंडा की पत्नी हैं और मानसिक रूप से थोड़ी विक्षिप्त हैं। लगभग तीन महीने पहले वह रात में बिना बताए घर से निकल गई थीं और भटकते-भटकते गुजरात के सूरत जा पहुचीं। परिवारजन महीनों तक उनकी तलाश में भटकते रहे। अंततः हेल्प ड्राइव फाउंडेशन, सूरत और चंदवा के विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज के प्रयासों से उनकी घर वापसी संभव हो पाई।

**सूरत में 69 दिनों तक फाउंडेशन ने निभाई जिम्मेदारी**

सूरत स्थित मां आस्था सामाजिक सेवा संस्थान आश्रय गृह, अलथन में हेल्प ड्राइव फाउंडेशन ने टीलमनी देवी को लगभग 69 दिनों तक अपने संरक्षण में रखा। फाउंडेशन के संचालक तरुण मिश्रा और सहयोगी निक्की ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए महिला को न केवल रहने और खाने की सुविधा दी बल्कि उनके परिवार तक पहूंचने के हर संभव प्रयास किए। इस दौरान उन्होंने चंदवा के विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज से संपर्क स्थापित किया। आदर्श रवि राज ने सूरत फाउंडेशन से लगातार संवाद बनाए रखा और महिला की पहचान की पुष्टि कर उनकी घर वापसी की प्रक्रिया शुरू कराई।

**वायरल वीडियो से हुई पहचान, कुर्मी आंदोलन से देरी पर भी नहीं रुकी कोशिशें**

18 सितंबर 2025 को सोशल मीडिया पर सूरत से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक महिला भटकती नजर आई। अंकित कुमार गोलू ने वीडियो देखकर पहचान की कि वह टीलमनी देवी हैं। उन्होंने तुरंत जानकारी आदर्श रवि राज को दी। इसके बाद रवि राज ने लातेहार विधायक प्रकाश राम और चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद को अवगत कराते हुए महिला को लाने की दिशा में पहल की। 20 सितंबर को टिकट बुक हुआ, लेकिन कुर्मी समाज के रेल रोको आंदोलन के कारण परिजन उस दिन सूरत नहीं जा सके। बावजूद इसके कोशिश जारी रही। अंततः 27 सितंबर को परिजन रवाना हुए और 29 सितंबर की सुबह सूरत पहूंचे। हेल्प ड्राइव फाउंडेशन की



सहायता से टीलमनी देवी को सूरत से पटना, फिर वहां से टोरी और फिर चंदवा लाया गया।

**घर पहुंचते ही बेटी लक्ष्मी फूट-फूटकर रो पड़ी, खुशी की लहर**

घर लौटने के बाद का दृश्य बेहद भावुक था। जैसे ही टीलमनी देवी ने अपनी बेटी लक्ष्मी को देखा, दोनों की आंखों से आँसू झरने लगे। गांव में चारों ओर खुशी की लहर दौड़ गई। लोग महिला को देखने पहुँचे और उनके सुरक्षित लौटने पर राहत महसूस की। इस मौके पर युवा भारत संगठन के सौरभ कुमार बिट्टू, धर्मेंद्र भारती, अक्षय यादव, आकाश कुमार, अंकित कुमार और अनु साहू उपस्थित थे। सभी ने परिवार को आगे भी हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने हेल्प ड्राइव फाउंडेशन की सदस्य से महिला की फोन पर बात कराई। फाउंडेशन की सदस्य को देखते ही टीलमनी देवी मुस्कुराने लगीं और धन्यवाद व्यक्त किया।

# आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी के तहत संपन्न हुई 17वीं जिला कुश्ती प्रतियोगिता, 85 पहलवानों ने लिया हिस्सा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**देवघर, झारखंडः-** देवघर जिला कुश्ती संघ की ओर से आयोजित "आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी - 17वीं देवघर जिला कुश्ती प्रतियोगिता 2025" का भव्य आयोजन रविवार को तिवारी चौक स्थित होटल डेफोडिल गार्डन में हुआ। प्रतियोगिता में जिले के सभी दस प्रखंडों से 85 पहलवानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य उर्फ भैया जी ने दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ किया। उद्घाटन के साथ ही "जय बजरंग बली" और "भारत माता की जय" के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने अपने संबोधन में कहा कि देवघर के युवाओं में अपार प्रतिभा है। यदि उन्हें सही दिशा और संसाधन मिलें तो वे राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ मैदान में उतरें। देवघर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन ने बताया कि जिले में कुश्ती की समृद्ध परंपरा रही है। पिछले सत्रह वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन कर युवा खिलाड़ियों को मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। संघ के महासचिव संजीव कुमार झा ने कहा कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के मुकाबले कराए गए। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में देवघर का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसका आयोजन पलामू में होगा। संजीव झा ने यह भी कहा कि पारंपरिक खेल कुश्ती को आधुनिक प्रशिक्षण और पोषण सुविधाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है, और संघ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। बच्चों, युवाओं और खेल प्रेमियों ने अपने पसंदीदा पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन स्थल को झंडों, पोस्टरों और बैनरों से सजाया गया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर सुप्रीती सिंह, लोकनाथ केशरी, राजीव सिंह, अभिजीत सिंह, कौशल सिंह, नीलेश सिंह, विक्की रमानी, घनश्याम राणा, दशरथ महथा, कुमार अंशु, आशीष पांडे, राहुल कुमार, रोहित राउत, मिट्ठू सिंह, विद्या सिंह, माही देव, यश राज गुप्ता, रौनक सिंहा, राकेश कुमार, प्रमोद यादव, गौतम राय और मनीष यादव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

अंत में अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजन समिति और प्रायोजकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस प्रकार "आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी - 17वीं देवघर जिला कुश्ती प्रतियोगिता 2025" उत्साह, खेल भावना और सामूहिक सहयोग का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## जवनपुर पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी-धोती का हुआ वितरण, ग्रामीणों के खिले चेहरे

### ●बेली महिला मंडल की पहल से जरूरतमंदों तक पहुंची सरकार की योजना, जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के जवनपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम जवनपुर में रविवार को बेली महिला मंडल की ओर से झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। इस मौके पर पूरे गांव में खुशी का माहौल देखा गया। लाभुक महिलाओं ने साड़ी और पुरुषों ने धोती पाकर राज्य सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में मुखिया जानकी यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ साव, उपमुखिया प्रतिनिधि मो. मतीन, पूर्व पंचायत सदस्य मो. वहाब, राजेश चौधरी, जुगल साव, रंजीत प्रजापति, सुबोध प्रजापति, कामेश्वर साव, तुलसी यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।

मुखिया जानकी यादव ने मौके पर कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर ग्रामीणों को राहत देने का प्रयास कर रही है और पंचायत स्तर पर इस योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाया जा रहा है, बेली महिला मंडल द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। यह मंडल समाज सेवा के कार्यों में लगातार आगे रहता है और सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही आगे कहां हमारे पंचायत में पारदर्शी तरीके से वितरण किया गया है ताकि किसी भी गरीब परिवार



को वंचित न रहना पड़े। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। कई लाभुकों ने बताया कि पहले उन्हें जानकारी नहीं थी कि साड़ी-धोती योजना गांव तक पहुंच चुकी है, लेकिन बेली महिला मंडल और जनप्रतिनिधियों की पहल से अब उन्हें इसका लाभ मिला है। इस कार्यक्रम ने गांव में एकता और सहयोग की मिसाल पेश की। पुरुष, महिलाएं, युवा सभी ने मिलकर वितरण कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन बेली महिला मंडल की सदस्यों ने किया।

# कागज महंगा हुआ तो कैसे सस्ती होगी कॉपी-जितेंद्र चतुर्वेदी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्टेशनरी व्यापारी जितेंद्र चतुर्वेदी ने कागज पर जीएसटी को लेकर सवाल खड़ा किया है उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉपी पर जीएसटी शून्य कर दिया है, लेकिन कागज पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% कर दिया है। इससे छोटे कॉपी निर्माताओं की लागत बढ़ जाएगी और वे नुकसान में जा...शिक्षा को बढ़ावा देने और मध्यम वर्गीय परिवार को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने जीएसटी 2.0 में कॉपी पर टैक्स शून्य कर दिया है। यानी कॉपी पर अब टैक्स नहीं लगेगा। लेकिन दूसरी ओर कागज पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दी गई है। इससे कागज व्यापारियों और कॉपी निर्माताओं के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। उनका कहना है कि जब कच्चा माल यानी कागज महंगे दाम पर मिलेगा, तो भले ही कॉपी टैक्स फ्री हो, लेकिन उसकी कीमत कम होने के बजाय बढ़ जाएगी। प्रयाग कागज कॉपी व्यवसायी कल्याण समिति ने इस पर नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है। कि कॉपी को शून्य प्रतिशत जीएसटी स्लैब में रखने के बावजूद कागज महंगा करने से शिक्षा सामग्री की लागत स्वतः बढ़ जाएगी। इससे नोटबुक, किताबें और उत्तर पुस्तिकाएं लगभग छह प्रतिशत तक महंगी हो जाएंगी। 22 सितंबर से लागू नए नियम में कागज का एचएसएन कोड (4802) एक ही होते हुए भी दो अलग-अलग दरों पर टैक्स निर्धारित कर दिया गया है। अनकोटेड पेपर पर 18 प्रतिशत जीएसटी है, जबकि उसी कागज से बनी कॉपी और नोटबुक पर शून्य प्रतिशत। ऐसे में कॉपी निर्माताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रिवर्स करना होगा और अन्य सामग्री पर भी इनपुट क्लेम नहीं मिल पाएगा। इससे कुटीर एवं लघु उद्योग पर गहरा असर पड़ेगा। व्यापारियों का कहना है कि बड़े उद्योगपति सीधे मिल से कागज खरीदकर शून्य प्रतिशत जीएसटी का फायदा उठा सकते हैं, लेकिन छोटे व्यापारी और कुटीर उद्योग इससे वंचित रहेंगे। उन्हें ट्रेडर्स से ही कागज खरीदना पड़ता है, जो अब 18 प्रतिशत जीएसटी पर मिलेगा। ऐसे में उनकी लागत बढ़ जाएगी और छोटे स्तर पर कॉपी बनाने वाले उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। व्यापारियों ने अपना दर्द बयां किया। बताया कि कागज का व्यापार करने वाले छोटे लघु उद्योग के तहत काम करते हैं। उनके पास इतना पैसा नहीं होता कि वे सीधे मिल से पेपर खरीद सके। कॉपी का काम करने वाले व्यापारी ट्रेडर्स से कागज लेते हैं। अब ट्रेडर्स को शून्य प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत जीएसटी पर कागज मिलेगा तो, वे उसी जीएसटी दर पर माल बेचेंगे। फिर कॉपी तैयार होने के बाद अगर जीएसटी शून्य प्रतिशत पर देना होगा तो दाम स्वतः बढ़ जाएंगे। ऐसे में सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा है। छोटे और कुटिर उद्योग वाले व्यापारी खत्म हो जाएंगे। क्योंकि वे सस्ता कॉपी नहीं बेच पाएंगे। कागज-कॉपी कारोबारी बोले एचएसएन कोड 4802 पर दो अलग-अलग दरें लागू कर दी गई हैं। इससे कागज व्यापारियों के लिए विकट स्थिति हो गई है। कागज लेने के बाद व्यापारियों को यह बताना मुश्किल होगा कि उसका इस्तेमाल कहां और कैसे किया। कागज कॉपी ट्रेडर्स 18 प्रतिशत जीएसटी पर कागज खरीदेंगे और कॉपी बनाने वालों को शून्य प्रतिशत पर देना होगा, यह संभव नहीं है छोटे व्यापारी हर बार मिल से खरीदारी नहीं कर सकते। 18 प्रतिशत पर कागज खरीदने के बाद कॉपी सस्ती कैसे बिकेगी? सरकार को इस पर विचार करना होगा। - सरकार कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन दे रही है, लेकिन यह निर्णय छोटे उद्योगों को बर्बाद कर देगा। छोटे व्यापारी सीधे मिल से माल नहीं खरीद पाएंगे। हम ट्रेडर्स से कागज खरीदते हैं। अगर हमें 18 प्रतिशत जीएसटी चुकानी पड़ी तो शून्य प्रतिशत पर कॉपी बेचना नामुमकिन होगा। इस तरह से तो ट्रेडर्स बर्बाद हो जाएगा।

कागज के एक ही कोड पर दो दरें लागू कर दी गई हैं। छोटे व्यापारियों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है। इसके कारण अभी व्यापारी असमंजस की स्थिति में है। जब कॉपी का कच्चा माल ही महंगा होगा, तो कॉपी भी महंगी बिकेगी। सरकार को इसे लेकर सोचना होगा। इस नियम से सिर्फ उद्योगपतियों को ही फायदा होगा। यह फैसला केवल बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाएगा, छोटे कुटीर उद्योग खत्म हो जाएंगे। उनके पास ऐसा कोई साधन नहीं है कि मिल से सीधे माल मंगाकर कॉपी बनाएं।

# चुनावी माहौल में बजट का तड़का, पंचायतों को 20 करोड़ की सौगात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच शासन ने पंचायतों के लिए खजाना खोल दिया है। जिले को 20 करोड़ 39 लाख 38 हजार 890 रुपये का बजट जारी हुआ है। चुनावी माहौल में आई इस सौगात से पंचायत प्रतिनिधियों के चेहरे खिल गए हैं। प्रधानों से लेकर ब्लॉक प्रमुखों और जिला पंचायत अध्यक्ष तक बजट आवंटन को लेकर गदगद हैं। चुनाव से पहले यह वित्तीय तड़का न सिर्फ विकास की उम्मीदें बढ़ा रहा है, बल्कि सियासी रंग को भी और गाढ़ा कर रहा है। शासन से जारी बजट में अकेले जिला पंचायत को तीन करोड़ चार लाख 73 हजार 906 रुपये मिले हैं। वहीं, जिले के नौ ब्लॉकों को तीन करोड़ पांच लाख 76 हजार 952 रुपये का आवंटन किया गया है। सबसे बड़ा हिस्सा 793 ग्राम पंचायतों को मिला है, जिन्हें कुल 14 करोड़ 28 लाख 88 हजार 32 रुपये का बजट बांटा गया है। पंचायतीराज विभाग ने यह बजट 15वें वित्त आयोग के बुनियादी अनुदान मद से जारी किया है। आबादी के हिसाब से पंचायतों और ब्लॉकों को इसका हिस्सा दिया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति की अनुमति के बाद वित्तीय नियमों के तहत पंचायतों को धनराशि आवंटित होगी। बजट का खर्च केवल विकास कार्यों पर किया जाएगा और विभागीय अधिकारी इसकी निगरानी करेंगे।

**चुनाव से पहले 'विकास का चारा'**

राजनीतिक हलकों में बजट जारी होने को चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में सियासत का बड़ा आधार पंचायतें ही होती हैं। ऐसे में चुनाव से पहले बजट का जारी होना राजनीतिक रंग को और गाढ़ा करेगा। विकास कार्यों की रफ्तार तेज कर के मतदाताओं को सीधे साधने की कोशिश मानी जा रही है। गांव-गांव में बजट की चर्चा जोरों पर है। प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि




लंबे समय से रुके हुए विकास कार्य अब रफ्तार पकड़ेंगे।

**ब्लॉकों से 50 लाख तो पंचायतों को पांच लाख तक मिलेंगे**

15वें वित्त आयोग से मिले बजट का बंटवारा भले ही आबादी के हिसाब से आवंटित किया जाना है, लेकिन पंचायतीराज विभाग के जानकार सेवानिवृत्त एडीओ पंचायत राम प्रताप शुक्ल कहते हैं कि ब्लॉकों को 50 लाख रुपये और पंचायतों को अधिकतम पांच लाख तक का बजट मिलना तय है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा स्वच्छता, 14 वें वित्त, पंचम वित्त और मनरेगा का बजट भी पंचायतों के पास होता है। आपस में बजट का कनवर्जन करके महत्वपूर्ण कार्य हो सकते हैं।

# चारों भाइयों का मिलन देख छलक पड़े आंसू

- 21 लाग और अखाड़े ने आकर्षक हैरतअंगेज करतब दिखाए
- कड़ी सुरक्षा में खेतासराय का ऐतिहासिक भरत मिलाप सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महिलाओं ने की पुष्प वर्षा**

खेतासराय(जौनपुर)। शोभा यात्रा के दौरान घर की छतों पर खड़ी महिलाओं ने पुष्प वर्षा की। भ्रमण के दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रभु भगवान श्री रामचंद्र, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न समेत रथ पर सवार सभी लोगों की आरती उतार कर उनकी पूजा अर्चना करने के बाद उन्हें जलपान कराया। अंत में रामलीला समिति के अध्यक्ष रूपेश गुप्ता मोनू ने सभी का आभार प्रकट किया।



**खेतासराय(जौनपुर)।** कस्बे का ऐतिहासिक भरत मिलाप रविवार को आकर्षक झांकियों के बीच पुलिस के सख्त पहरे में सम्पन्न हुआ। 14 वर्ष के वनवास के बाद चार भाइयों का मिलन हुआ तो उपस्थित भक्त जनों की आंखें नम हो गईं। बनवास से लौटे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के अयोध्या आगमन पर पूरा क़स्बा प्रफुल्लित हो उठा। नगर को विद्युत के आकर्षक झालरों, रंग बिरंगी रोशनी से सजावट देखते ही बन रही थी। 21 आकर्षक झांकियां निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।

मौके पर भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न 14 वर्ष के बनवास के बाद आपस में गले मिले तो लोगों की आँखे नम हो गईं। इसके पहले नगर के गोला बाजार से भगवान श्री रामचंद्र की शोभा यात्रा आकर्षक ढंग से बैंड बाजे के साथ मध्य रात्रि में निकाली गई। जिसमें खेतासराय दुर्गा पूजा की अनेक समिति की दुर्गा प्रतिमाएं भी साथ-साथ चल रही थी। प्रतिमाओं के पीछे विभिन्न स्थानों से आई आकर्षक झांकियां भी साथ- साथ चल रही थी। पुष्पक विमान रूपी राम रथ जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, सीता, लक्ष्मण विराजमान थे। यह शोभा यात्रा सम्पूर्ण नगर भ्रमण करते हुए भोर में गोला बाजार के पास संपन्न हुई दुर्गेश्वरी अखाड़ा के कलाकारों ने बल्लम, कटारी और लाठी से अपने प्रतिभा का दिखाया। आकर्षक प्रदर्शन करने वाले झांकियों को पुरुस्कृत किए।

थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज़ से जिले से अतिरिक्त सुरक्षा बल बुलाया गया था। सीओ अजीत सिंह की कार्यक्रम में पैनी नज़र रही।

# जगदीशपुर रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू, दो साल में बनेगा जाममुक्त जौनपुर

- मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने किया भूमि पूजन, बोले- समय से पहले पूरा होगा पुल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** नगरवासियों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। लंबे समय से प्रतीक्षित जगदीशपुर रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की शुरुआत रविवार को हुई। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री गिरीशचंद्र यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन के साथ कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने कहा कि यह फ्लाईओवर नगर की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान साबित होगा। उन्होंने बताया कि परियोजना को दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। "कार्यदायी संस्था से मेरी बात हो चुकी है, प्रयास रहेगा कि पुल तय समय से पहले तैयार हो जाए," उन्होंने कहा।

यह फ्लाईओवर जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग (किमी 826/3-4) पर प्रस्तावित है, जो सीआरआईएफ (Central Road and Infrastructure Fund) योजना के तहत निर्मित होगा। सेतु की कुल लंबाई 765.05 मीटर होगी, जिसमें 76.10 मीटर रेल पोर्शन का निर्माण किया जाएगा। परियोजना की स्वीकृत लागत 10889.13 लाख तथा प्राप्त आवंटन 7895.20 लाख है। निर्माण कार्य जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वक्ताओं ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बन जाने से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। वर्तमान में जगदीशपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन भारी वाहनों के कारण लंबा जाम लगता है, जिससे लोगों को असुविधा और समय की हानि उठानी पड़ती है। ओवरब्रिज बनने से वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुगम होगा। इससे न केवल जौनपुर नगर बल्कि आजमगढ़, शाहगंज, बदलापुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

फ्लाईओवर निर्माण से ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, प्रदूषण में कमी आएगी और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य केदारनाथ सिंह, मनीष श्रीवास्तव, पूर्व नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, आशीष गुप्ता, मंत्री जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार जायसवाल, प्रतिनिधि अजय सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नातिया मुशायरे में गोता लगाते रहे शायर, सुबह कब हुई पता नही चला..

**राष्ट्रीय उलेमा कार्उसिल का मनाया गया 17 वां स्थापना दिवस**



**खेतासराय(जौनपुर)।** सदर विधानसभा के मानीकला में राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल ने 17 व स्थापना दिवस के मौक़े पर नातिया कलाम की महफ़िल सजाई। शनिवार की सांयकाल आयोजित एक दर्जन कवियों ने अपने रचनाएं परस्तुति की। एक से बढ़कर अनेक कई नातिया शेरों ने ऐसा जादू बिखेरा की श्रोता वाह-वाह करते रहे। कब भोर हो गई उन्हें भनक तक नही चला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मोअज्जम अली ने आवाज़ दी तो असद माहुली, शरिक इनामी, अरबाज जौनपुरी, इमरान जौनपुरी, हुजैफा और तारिक ने गज़ल, शायरी और हास्य व्यंग की रचनाएं परस्तुति दी। रात भर श्रोता दाद देते रहे। उनकी रचनाओं पर जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के राष्ट्रीय प्रवक्ता तल्हा रशादी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत किए। उन्होंने अपने भाषण में संगठन के 17 वर्षों के इतिहास पर प्रकाश डाला। कहा कि हमारा उदय ही मजलूमों के आंसुओं के लिए सँघर्ष करना और न्याय दिलाना है। कार्यक्रम की देखरेख नियामत अंसारी जौनपुरी ने की। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ। इस अवसर पर यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष नुरुल हुदा, अंसार अहमद, अध्यक्ष शाहिद अली, मसूद सिद्दीकी जिला महासचिव, मौलाना मातीउद्दीन, फ़ैज़ी नोमानी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जमीन के नाम पर 1.90 लाख लेकर किया धोखा, फिर दूसरों से बेच दी जमीन- दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कटघरा निवासी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला, चौकी प्रभारी को मिली जांच**

**जौनपुर।** जमीन के सौदे के नाम पर रुपए लेकर बैनामा न करने और बाद में उसी जमीन को कई बार बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रौजा अर्जन से जुड़ा है। मोहल्ला कटघरा निवासी मिर्जा जावेद सुल्तान पुत्र स्व. सुल्तान राजा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि रौजा अर्जन निवासी अब्दुल बातिन और उनकी बहन अफसाना ने उनसे जमीन बेचने के नाम पर पहले 1,00,000 लेकर मुवाहिद (समझौता) किया था। बाद में उन्होंने 90,000 और मांगे, जो शिकायतकर्ता ने दे दिए। इस तरह कुल 1,90,000 की रकम आरोपियों को दी गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने बार-बार बैनामा करने का आश्वासन दिया लेकिन हर बार टालमटोल करते रहे। जब उन्हें लिखित नोटिस भेजा गया, तब भी उन्होंने बैनामा करने से साफ इंकार कर दिया। मामला यहीं नहीं रुका। मिर्जा सुल्तान को बाद में जानकारी हुई कि आरोपियों ने उसी जमीन का वर्ष 2024 में दो लाख रुपये में दूसरा मुवाहिद, और फिर वर्ष 2025 में सात लाख रुपये में तीसरा मुवाहिद पाँच अन्य लोगों के साथ कर लिया है। घटना की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अब्दुल बातिन और अफसाना के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच चौकी प्रभारी पुरानी बाजार को सौंपी गई है।

## मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बर्डपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर न 2 के टोला भगवानपुर में सदर विधायक श्याम धनी राही ने करन मेडिकल स्टोर का फीता काट कर उद्घाटन किया। सदर विधायक श्याम धनी राही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की जनता को गांव में मेडिकल स्टोर के खुलने से काफी राहत मिलेगी। अब लोगों को दूर जाकर दवाइयां लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि गांव के पास ही मेडिकल स्टोर खुल गया है। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य सब्लू सहानी, विनय वर्मा, रामशरण, रामकरन, फूलचंद जायसवाल, सौरभ पांडे,विजय मिश्रा सहित गांव की तमाम महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग मौजूद रहे।

# कोतवाली पुलिस ने फर्जी पत्रकार मोहम्मद उस्मान और मयंक श्रीवास्तव के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो फर्जी पत्रकार मोहम्मद उस्मान और मयंक श्रीवास्तव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धाराओं 115(2), 352, 77 और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों युवकों पर आरोप है कि उन्होंने लेबर रूम और महिला प्रसूति वार्ड में घुसकर मरीजों की निजता भंग की और सरकारी योजनाओं को विफल करने का प्रयास किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एम. के. गुप्ता के अनुसार, दोनों युवक 01 अक्टूबर 2025 को अस्पताल परिसर में मौजूद सैनिक गार्ड और महिला स्टाफ को धक्का देकर प्रसूति वार्ड में घुस गए। उन्होंने भर्ती महिला मरीज को बहला-फुसलाकर बयान लिया और बिना सूचना दिए बाहर ले गए। इसके बाद उनका रिकॉर्ड किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे धार्मिक उन्माद फैलाने और महिला सशक्तिकरण की सरकार की मंशा को प्रभावित करने की कोशिश की गई।

**इस मामले में आरोपी युवकों पर संभावित धाराएं लगाई गई हैं-**

BNS 115(2) - स्वैच्छिक चोट पहुंचाना (1 वर्ष जेल/10,000 जुर्माना, जमानती)

BNS 352 - जानबूझकर अपमान और सार्वजनिक शांति भंग करना (2 वर्ष जेल, जुर्माना, जमानती)

BNS 77 - गुप्त रूप से वीडियो/फोटो बनाना (Voyeurism, 1-3 वर्ष जेल, जुर्माना, पहली बार जमानती, पुनरावृत्ति में नॉन-बेल)

BNS 132 - सरकारी अधिकारियों के कर्तव्यों में बाधा डालना (2 वर्ष जेल, जुर्माना, नॉन-बेल)

कानून विशेषज्ञों के अनुसार, ये धाराएं महिला सुरक्षा, मरीजों की निजता और सरकारी कार्यों की सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी हैं। "BNS, 2023 की ये धाराएं अपराधियों के लिए स्पष्ट चेतावनी हैं। गंभीर मामलों में पुलिस




अब तत्काल गिरफ्तारी कर सकती है मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पत्र में कहा कि अस्पताल स्टाफ इस घटना से काफी चिंतित है। यह घटना अस्पताल की मर्यादा, मरीजों की सुरक्षा और धार्मिक शांति को प्रभावित करती है। उचित और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।"

मोहम्मद उस्मान और मयंक श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज मुकदमा BNS, 2023 की 115(2), 352, 77 और 132 धाराओं के तहत किया गया है। पुलिस और प्रशासन अब सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए जांच में जुटे हैं।

# मिशन शक्ति- महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में रामपुर पुलिस की सराहनीय पहल

- प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार की देखरेख में लगातार चल रहा जागरूकता अभियान, महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रामपुर जौनपुर।** प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना "मिशन शक्ति" के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में रामपुर थाना क्षेत्र में लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम गांव-गांव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनों की जानकारी दे रही है। इस विशेष अभियान के दौरान महिला कांस्टेबल प्रियम सिंह ने उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि महिलाएं अपने अधिकारों को पहचानें, आवाज उठाएं और किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार स्वयं महिला पुलिस कर्मियों के साथ विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं से संवाद कर रहे हैं। वे न केवल जानकारी दे रहे हैं, बल्कि महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर समाधान करने का भी प्रयास कर रहे हैं।

**महिलाओं को मिल रहा अधिकारों का ज्ञान**

कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल प्रियम सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को कानूनी और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी, बाल विवाह जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाते हुए कहा कि अब समय है महिलाएं खुद को कमजोर न समझें, बल्कि अपने अधिकारों की रक्षा स्वयं करें।

**रामपुर प्रभारी निरीक्षक की पहल बन रही मिसाल**

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का अभियान है। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं ताकि गांव की हर महिला तक जागरूकता का संदेश पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अब सिर्फ कानून-व्यवस्था की रखवाली नहीं कर रही, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की भूमिका भी निभा रही है।

**महिलाओं का बढ़ रहा आत्मविश्वास**

मिशन शक्ति कार्यक्रम के चलते महिलाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता तेजी से बढ़ी है। अब महिलाएं खुलकर अपनी बातें रख रही हैं, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठा रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

गांव की कई महिलाओं ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान उनके लिए प्रेरणादायक है। अब वे अपने अधिकारों को बेहतर समझने लगी हैं और किसी भी अन्याय के खिलाफ डटकर खड़ी होने का साहस पा रही हैं।

मिशन शक्ति कार्यक्रम ने महिलाओं में सशक्तिकरण की नई चेतना जगाई है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार और उनकी टीम के इस प्रयास की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। यह अभियान न सिर्फ कानून की जानकारी दे रहा है, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल भी तैयार कर रहा है।

# विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

- गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को कराया गया अभ्यास
- दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में रविवार को 29 वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को पूर्वाभ्यास कराया।दीक्षांत समारोह सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य के रूप में रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के प्रेसीडेंट डिवाइस एंड सेल्स श्री सुनील दत्त होंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगी।

पूर्वाभ्यास में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की भूमिका का निर्वहन व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि की भूमिका प्रो. अजय प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका में प्रो. सौरभ पाल एवं डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम में क्षण- प्रतिक्षण के अनुरूप गतिविधियाँ की गईं। उपाधिधारकों को दीक्षांत समारोह से जुड़े दिशा निर्देश दिए गये।दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 79 विद्यार्थियों को 80 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। स्वर्ण पदक पाने वाले मेधावियों में स्नातक में 15 छात्राएं एवं 9 छात्र हैं, वहीं परास्नातक स्तर में 23 छात्र एवं 32 छात्राएं शामिल है। दीक्षांत समारोह में 445 शोधार्थियों को पी.एचडी. और दो को डीलिट की उपाधि प्रदान की जाएगी।

पूर्वाभ्यास की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कुलसचिव केश लाल ने किया। इसमें विद्या परिषद और कार्य परिषद के सदस्य शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने संचालन एवं प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने संयोजन किया। इस अवसर वित्त अधिकारी आत्म प्रकाश धर द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राम नारायण, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. राकेश यादव, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. रसिकेश, डा. सुनील कुमार, उपकुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, डा. लक्ष्मी मौर्य, रमेश यादव, श्याम श्रीवास्तव, इंद्रेश गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

10 बजे शुरू होगा दीक्षांत समारोह

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में 10 बजे से शुरू होगा। सुबह 10.05 बजे कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल का विश्वविद्यालय परिसर स्थित हेलीपैड पर आगमन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण कुलाधिपति जी के साथ संगोष्ठी भवन पहुंचेंगे। दीक्षांत समारोह में कुलपति दीक्षोपदेश देंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा क्लिक करके डिजीलॉकर में उपाधियों एवं अंकपत्रों का अपलोड किया जाएगा। इसके बाद विशिष्टता प्राप्त मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। इस बार दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के विजेता पूर्व माध्यमिक विद्यालय जफरपुर जौनपुर के कक्षा आठ के छात्र अर्जुन का दहेज प्रथा पर भाषण होगा। मुख्य अतिथि श्री सुनील दत्त को कुलाधिपति द्वारा डी.एस.सी. की मानद उपाधि दी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव तथा आँगनबाड़ी केन्द्रों की आपसी प्रतियोगिता तथा खेलों में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। कुलाधिपति जी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को स्वास्थ्य किट दिया जाएगा। राजभवन द्वारा प्राप्त पुस्तकें प्राथमिक शिक्षकों को दी जाएगी।

# मड़ियाहूं में श्रीराम की राजगद्दी का भव्य मंचन- जयघोष से गुंजायमान हुआ गोला बाजार

- श्रद्धा और संस्कृति का संगम बना रामलीला मैदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जौनपुर मड़ियाहूं।** गोला बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान शनिवार की रात भक्ति, त्याग और विजय के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जब भगवान श्रीराम की राजगद्दी का भव्य मंचन किया गया। श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भरत द्वारा श्रीराम को अयोध्या की राजगद्दी सौंपने की लीला का सजीव और भावनात्मक चित्रण किया गया। यह वही ऐतिहासिक प्रसंग है जो त्याग, मर्यादा और धर्मनिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान पूरा मैदान "जय श्रीराम" के उद्घोषों से गूंज उठा। दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों के मधुर स्वर से वातावरण राममय हो उठा। नगरवासियों ने अयोध्या लौटे भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का स्वागत दीपोत्सव की तरह उल्लासपूर्वक किया।

श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष नागेश निगम के नेतृत्व में मंचन का सफल संचालन हुआ। इस अवसर पर समिति के कार्यकर्ताओं, रथ यात्रा में सहयोग देने वाले बनवासियों, पुलिसकर्मियों तथा पत्रकारों को मंच से सम्मानित किया गया। भक्तिमय और



सांस्कृतिक माहौल से सराबोर यह आयोजन नगरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। उपस्थित जनसमूह ने न केवल लीलाओं का रसास्वादन किया, बल्कि रामराज्य के आदर्शों से प्रेरणा भी ली। श्रीराम की राजगद्दी के इस भव्य आयोजन ने मड़ियाहूं को भक्ति, संस्कृति और सौहार्द की ज्योति से आलोकित कर दिया।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उप्र)

Email:connectpuregistrar@gmail.com
Fax (05452)252344, 252244
Web:WWW.vbspu.ac.in





29वां दीक्षांत समारोह, 6 अक्टूबर, 2025

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 29वां दीक्षांत समारोह दिनांक-6 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में पूर्वाह्न 10:00 बजे से आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश समारोह की अध्यक्षता करेंगी। मुख्य अतिथि, श्री सुनील दत्त, प्रेसिडेंट रिलायंस जिओ इन्फोकॉम लिमिटेड, मुंबई, विशिष्ट अतिथि श्री योगेंद्र उपाध्याय, मा. मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उ.प्र. सरकार एवं श्रीमती रजनी तिवारी, मा. राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य, प्राध्यापक, परिषदों के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारी एवं संबंधित जन दिनांक 6-10-2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे विश्वविद्यालय के 29 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित हैं। निमंत्रण पत्र अलग से प्रेषित किए गए हैं। पीएचडी उपाधि धारकों तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। सर्व संबंधित को निमंत्रण पत्र/सूचना पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

कुल सचिव

## संक्षिप्त खबरें

### शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल के छात्रों का आईसीआईसीआई बैंक दौरा



**कानपुर/घाटमपुर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर के मार्गदर्शन में शिक्षक वरुण दुबे एवं काउंसलिंग शिक्षिका रफत के सहयोग से कक्षा दसवीं तथा ग्यारहवीं और बारहवीं वाणिज्य के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक का दौरा किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बैंकिंग व्यवस्था, डिजिटल लेन-देन, खातों के प्रकार, ऋण प्रक्रिया तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें आधुनिक वित्तीय प्रणाली से परिचित कराना था। बैंक अधिकारियों ने छात्रों के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें सुरक्षित लेन-देन के उपाय भी बताए। यह दौरा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का आगमन 08 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 08 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में दर्शन-पूजन करेंगी। पूर्वान्ह 11.30 बजे निरीक्षण भवन लालगंज आयेंगी। महिला आयोग की सदस्य पोषण पंचायत कार्यक्रम के अन्तर्गत दोपहर 12.15 बजे जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा निर्धारित स्थल पर आंगनबाड़ी निरीक्षण, अन्न प्रासन्न एवं गोद भराई कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।दोपहर 12.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में महिलाओं एवं आशा कार्यकर्ती के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।अपरान्ह 1.30 बजे लालगंज ब्लाक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को प्रशस्ति पत्र व सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 3 बजे कोतवाली लालगंज में महिला हेल्पडेस्क एवं सीसीटीवी कन्ट्रोम रूम का निरीक्षण करेंगी। अपरान्ह 4 बजे निरीक्षण भवन लालगंज आयेंगी।

### भीम आर्मी ने मनाया जोगेंद्र नाथ मंडल का परिनिर्वाण दिवस

**चित्रकूट:** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा रविवार को जिला कार्यालय में जोगेंद्र नाथ मंडल का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोगेंद्र नाथ मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने जोगेंद्र नाथ मंडल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, बताया कि वह पाकिस्तान के प्रमुख जनकों में से एक थे, जिन्होंने बाद में भारत लौटकर डॉ बीआर अंबेडकर की रिपब्लिकन पार्टी में शामिल होकर समाज उत्थान के लिए काम किया। उनका निधन पांच अक्टूबर 1968 को हुआ था। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी जागेश्वर यादव, विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, भीम आर्मी नगर अध्यक्ष रामनाथ वर्मा, ब्लॉक संयोजक कवी देवशरण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मो अब्दुल खालिद, रमाशंकर चक्रवर्ती, राजेश सोनकर आदि मौजूद रहे।

### पत्रिका का वितरण कर दिया भक्ति और ज्ञान का संदेश

**चित्रकूट:** भारत की सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली ऋषि प्रसाद पत्रिका का रविवार को आम जनमानस के बीच वितरण किया गया। बताया गया कि यह पत्रिका वेदांत, ज्ञान, भक्ति व वैराग्य से परिपूर्ण एक आलौकिक शास्त्र है। व्यवस्थापक सुभाष चन्द्र साहू ने बताया कि इस पत्रिका के माध्यम से संत आशाराम बापू के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि पत्रिका में वेदांत, ज्ञान, भक्ति व वैराग्य के साथ आगामी पर्व, अंतर्राष्ट्रीय समाचार, सांस्कृतिक गौरव, एकादशी माहात्म्य, संत आशाराम बापू के जीवन प्रसंग, संतो की वाणी, संस्कृति विज्ञान, विद्यार्थी संस्कार, तत्व दर्शन, शास्त्र दर्पण, वीर पुरुषों की गाथा, भक्तों के अनुभव आदि का प्रकाशन किया जाता है। जिसे पढ़कर आम जनमानस अपने आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत कर सकते है। इस दौरान संतोष भाई, वृंदावन भाई, मनोज केशरवानी, राधेश्याम केशरवानी, अशोक भाई आदि मौजूद रहे।

# कानपुर के नरवल क्षेत्र में महिला की हत्या में चार आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर/घाटमपुर** नरवल पुलिस ने बकरी का चारा खाने पर महिला की हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, इन चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है, एसीपी ने बताया कि महिला की बकरी ने पड़ोसी की बकरी का चारा खा लिया,था, इससे आक्रोशित पड़ोसी ने महिला को बेरहमी से पीटा और सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि नरवल थाना क्षेत्र के नरौरा गांव में किसान राम औतार रैदास और उनके ठीक बगल में महेश का घर है, दोनों परिवारों के यहां बकरियां पली हुई हैं, बीतें गुरुवार को रामौतार की बकरियों ने महेश के घर के बाहर बकरियों का चारा खा लिया,महेश और उसके परिवार के लोगों ने पड़ोसी रामौतार की बकरियों ने महेश की बकरियों का चारा खा लिया,इस बात को लेकर रामौतार की पत्नी को महेश और उसके परिवार के लोगों ने मारपीट कर दी, इससे आक्रोशित रामौतार ने नरवल थाने में महेश और महेश की पत्नी, बेटों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी, पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने की बजाय बकरी के चारा को लेकर हुए विवाद के चलते टरका दिया,उधर आरोपियों के हौसले और बुलंद हो गए,थाने में शिकायत से गुस्साएं महेश और उसकी पत्नी व बेटों ने मारपीट करने के साथ ही कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, हमले में रामौतार की पत्नी सनी गंभीर रूप से घायल हो गई, परिवार के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरानबीती शाम सनी की मौत हो गई, इसके बाद मृतक के बेटे सूरज,की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी महेश,के बेटे सत्यम,उसकी बेटी विजय लक्ष्मी,बेटा अनुराग, गुड़िया,व लक्ष्मी नारायण के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की हैं,नरवल थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पाल ने बताया कि इस मामले में हमला करने वाला पड़ोसी महेश,सत्यम,बेटी विजय लक्ष्मी,और पत्नी नीलम को गिरफ्तार कर लिया है, थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार दोपहर को चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## राष्ट्रीय शर्करा संस्थान 7 अक्टूबर को मनाएगा 90वां स्थापना दिवस

- राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की निदेशक प्रो. सीमा परोहा ने संस्थान मे आयोजित प्रेस वार्ता मे बताया की स्थापना दिवस मे मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी होंगे तथा कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हस्तियां भी होंगी शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** भारत की शुगर टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग की रीढ़ माने जाने वाला राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (NSI), कानपुर आगामी 7 अक्टूबर 2025 को अपना 90वां स्थापना दिवस एक ऐतिहासिक समारोह के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार के माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रमुख अतिथि गण- देवेंद्र सिंह "भोले", क्षेत्रीय सांसद, लक्ष्मीनारायण चौधरी, गन्ना मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, संजीव चोपड़ा, सचिव, भारत सरकार, अश्वनी श्रीवास्तव संयुक्त सचिव (शुगर, DSVO, Movement) DFPD, रवि शनाकार संयुक्त सचिव (PD, BP, NFSA and S& R) DFPD राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की नींव 1920 के दशक में स्थापित इंपीरियल इंस्टीट्यूट ऑफ शुगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी है। इसकी औपचारिक स्थापना अक्टूबर 1936 में कानपुर में हुई थी। वर्ष 1963 में यह वर्तमान कल्याणपुर परिसर में स्थानांतरित हुआ। आज NSI केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी शैक्षणिक एवं अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए विख्यात है। इसके पूर्व छात्र (Alumni) थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरीशस, केन्या, युगांडा, ब्राज़ील, फिजी सहित कई देशों में शीर्ष पदों पर कार्यरत हैं, जो भारत की तकनीकी क्षमता का परचम लहरा रहे हैं। समारोह में देशभर से आए प्रगतिशील किसानों और संस्थान के विकास में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान संस्थान की ओर से उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक होगा। 90वां स्थापना दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों का स्मरण ही नहीं है, बल्कि आने वाले समय में अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग के नए संकल्प का भी अवसर होगा।

## दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं के गायक बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु 25 अक्टूबर तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा,ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' से सम्मानित किया जाता है,जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रूपये 5 लाख की धनराशि एवं अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है। कलाकार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिये। कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि को भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिये। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा। बेगम अख्तर पुरस्कार का उद्देश्य दादरा, ठुमरी एवं गजल के क्षेत्र में विशेष प्रतिभावान विशिष्ट गायक को जिसने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्ट आयाम स्थापित किया हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया हो, को सम्मानित करना है। बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ से प्राप्त कर सकते है। बेगम अख्तर पुरस्कार के लिये आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर 25 अक्टूबर तक निदेशक संस्कृति निदेशालय उ0प्र0 जवाहर भवन नवम तल लखनऊ के कार्यालय में जमा किये जा सकते है।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है- भजन लाल

- प्रतापगढ़ से शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल अधिवेशन में की भागीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय अध्यक्ष अशोक राय ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा राजस्थान के केशव विद्यापीठ जामडोली जयपुर में रविवार से 9 वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भव्य समारोह के बीच किया। उद्घाटन सत्र में बेल्हा की आरएसएम टीम के दर्जन भर शिक्षकों की उपस्थिति रही। सीएम भजन लाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है और एबीआरएसएम इस दिशा में निर्णायक योगदान दे रहा है। राजस्थान के डिप्टी सीएम डा. प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य मंत्रियों की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने अधिवेशन की रूपरेखा संग आभार व्यक्त किया। बेल्हा की टीम जिला से अध्यक्ष अशोक राय, महामंत्री जय प्रकाश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष डा. राजश्री पाण्डेय, जिला मंत्री अरुण कुमार द्विवेदी, संयुक्त मंत्री सत्येंद्र कुमार शुक्ल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडेय, भागवत प्रसाद केसरवानी, अखिलेश प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार मिश्र एवं दिनेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार त्रिपाठी ने प्रतिभाग किया।

## ज्ञान के आदान-प्रदान से नवाचार को मिलता है बढ़ावा- बीके शर्मा

- डॉयट में दो दिवसीय नालेज शेयरिंग कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डॉयट) शिवरामपुर में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य बीके शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें जनपद स्तर पर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और डायट स्तर से चयनित नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेस को ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शित कर नॉलेज को शेयर किया गया।


कार्यक्रम में डॉयट प्राचार्य ने बताया कि नॉलेज शेयरिंग एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसमें किसी व्यक्ति या समूह से दूसरे व्यक्ति या समूह को ज्ञान, जानकारी, अनुभव और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान किया जाता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे सीखने का आदान-प्रदान होता है। संगठनों में ज्ञान साझा करने से कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ती है और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। वरिष्ठ प्रवक्ता नीलम यादव ने बताया कि नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, रुचिकर एवं समझ आधारित बनाता है। यह उपस्थिति एवं ठहराव को शत-प्रतिशत करता है तथा ड्रॉप आउट को कम कर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण बनाता है। कहा कि सभी लोग नवाचार करते हुए ज्ञानवर्धन के लिए एक-दूसरे से शेयर करें तथा जनपद स्तर की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण बनाएं तथा प्रदेश स्तर पर जनपद का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागिता प्रमाण पत्र के वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉयट प्रवक्ता मोहित कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर राज्य पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक राजकुमार शर्मा, दयाशंकर सिंह, शशिभूषण त्रिपाठी, डॉयट प्रवक्ता, प्रशिक्षु आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

## प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक भरत मिलाप सकुशल संपन्न

- दे गया भाईचारे सद्भावना व आस्था का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक भरत मिलाप एक बार फिर ऐतिहासिक रहा। शाम से ही राम भक्तों का रेला उमड़ पड़ा था। रात में जब राम दल पर प्रभु श्री राम,लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी के साथ रथ पर सवार होकर निकले। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने आरती- पूजन कर भरत मिलाप की चौकियां व दलों का शुभारंभ किया। पूरा शहर रंगीन लाइटों से प्रकाशमय था। विद्युत लाइटों को देखने के लिए लाखों राम भक्तों का रेला नगर में उमड़ पड़ा था। चौकियों का प्रदर्शन पूरी रात चलता रहा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।प्रशासन व पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही।जिससे लाखों की भीड़ ने भरत मिलाप की लाइट, चौकियों का भरपूर आनंद लिया।सुबह भरत चौक पर प्रभु श्री राम भरत से मिलने पर उपस्थित राम भक्तों की आंखें नम हो गईं। ऐतिहासिक भरत मिलाप में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने प्रभु सहित चारों भाइयों की विधि विधान से पूजन कर आरती उतारी। श्री रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने अंगवस्त्र व मां बेल्हा देवी का चित्र देकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा, उप जिलाधिकारी सदर नैसी सिंह, उप जिलाधिकारी रानीगंज, उप जिलाधिकारी लालगंज, उप जिलाधिकारी पट्टी, उप जिलाधिकारी कुंडा, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी व सीओ रानीगंज, सीओ पट्टी, सीओ लालगंज, सीओ कुंडा, सीओ सदर, सीओ लाइन, शहर कोतवाल यातायात प्रभारी, ईओ नगर पालिका, एसडीओ विद्युत, जेई विद्युत,अग्नि शमन अधिकारी, चौकी प्रभारी मकन्दूगंज आदि अधिकारियों ने आरती की। श्री रामलीला समिति ने सभी को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।आरती करने वालों में अतिथिगण के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य,जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, विभाग प्रचारक ओमप्रकाश जी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश प्रताप दिन्नू ,मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजेंद्र केसरवानी, पंकज शुक्ला, सुरेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, प्रदीप हौंडा, राजेश उमरवैश्य, दीपेन्द्र एडवोकेट, गुड्डू सिंह भैया, विवेक यादव, राजू शर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, तेजस गुप्ता, छेदीलाल, देवानंद, परमानंद मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, अनिल केसरवानी,रोहित राज उपस्थित रहे। श्री रामलीला समिति के संरक्षक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने ऐतिहासिक भरत मिलाप दशहरा व 15 दिनों तक निकाली गई दैनिक शोभायात्रा सकुशल संपन्न होने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन, मीडिया परिवार एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।ऐतिहासिक भरत मिलाप में सभी धर्म के लोगों ने सहभागिता कर सद्भावना, भाईचारे, आस्था का प्रतीक बनकर एक बार फिर गंगा जमुनी तहजीब कायम की।कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप केसरवानी, मनीष केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, संजय जैन, दीपेश एडवोकेट, प्रहलाद खंडेलवाल, निहाल सिंह, अनुराग सिंह, रोहित उमरवैश्य, रोहित राज, ज्ञानेंद्र मिश्रा, राजू शर्मा, संतोष कुमार, अभिषेक गौतम, छेदीलाल, देवानंद, विवेक यादव, वेंकटेश अग्रवाल, गंगू शर्मा, पंकज शुक्ला, शिवम खंडेलवाल, अवनीश, रोहित, तेजस गुप्ता, बंटी नेता, विष्णु सोनी, नंदू ,अभिषेक कश्यप, मारुत सोनी, सारस्द सिंह, राहुल सोनी, राजू शर्मा,धर्मेंद्र चौरसिया, दीपेंद्र कुमार मिश्र, राकेश सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, हर्षवर्धन सिंह, हर्ष ठाकुर, आकाश रावत, रोहित पांडे, अजय कसौधन,अतिरेक कश्यप, अभिषेक कश्यप, आकाश कनौजिया, रोहित, अनुराग सिंह, अजय मिश्रा, अभिनव उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** जनपद में 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित किये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ रविवार को जिला चिकित्सालय परिसर से एक जन-जागरूकता रैली निकालकर किया गया। रैली को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए0एन0 राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली घंटाघर, बाबागंज, पंजाबी मार्केट होते हुए पुनः जिला चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के पूर्व जिला चिकित्सालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य जनों को संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। अभियान के अंतर्गत नगर पालिका, नगर पंचायत व पंचायतीराज विभाग द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में नालियों की सफाई, जल निकासी एवं झाड़ियों की कटाई जैसे कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा। वहीं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर विभिन्न रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान करेंगी और उन्हें उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजेंगी। साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) भेजा जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा सूकरपालकों की पहचान कर उन्हें अन्य आजीविका विकल्प अपनाने और स्वस्थ तरीके से आबादी से दूर सूकर पालन हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य विभाग भी संचारी रोग नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों को क्रियान्वित करेंगे। यह अभियान जन-जागरूकता बढ़ाने और संचारी रोगों की रोकथाम में सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सिद्धार्थनगर- सांसद खेल महोत्सव 2025 आयोजन समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 आयोजन समिति की बैठक सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में सांसद आवास पर रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन आयोजन समिति के सचिव व कार्यक्रम समन्वयक डॉ अरुण कुमार प्रजापति ने की। सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आप सभी की गरिमा मई उपस्थिति में सकुशल संपन्न हुआ। 29 अगस्त से 2 अक्टूबर तक खिलाड़ियों युवाओं एवं सभी वर्गों के खेल प्रेमियों का रजिस्ट्रेशन भी संपन्न हो चुका है।

लोकसभा डुमरियागंज में 132817 खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का रजिस्ट्रेशन सकुशल संपन्न हो चुका है। यह संख्या पूरे उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जनपद सिद्धार्थनगर में सांसद खेल महोत्सव आयोजन की जागरूकता हेतु सभी विकास खंड में 10 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन दौड़ करने का उद्देश्य जनपद के सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में सांसद खेल महोत्सव से जोड़ने से है।

लोकसभा डुमरियागंज सिद्धार्थनगर में खेल कैलेंडर तैयार कर लिया गया है जिसमें ग्राम स्तर से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक 1 नवम्बर 2025 से 7 नवंबर 2025 तक 8 खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वॉलीबॉल, भरोत्तोलन, जूडो, कबड्डी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, बैडमिंटन और कुश्ती खेल सम्मिलित है। इसके पश्चात ब्लॉक स्तर पर 8 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक सभी विकास खंडो में खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों का आयोजन तीन ग्रुपों में किया जाएगा। सब जूनियर ग्रुप अंडर 16 (बालक एवं बालिका), जूनियर ग्रुप अंडर 20 (बालक एवं बालिका) एवं सीनियर ग्रुप 20 वर्ष के ऊपर (पुरुष एवं महिला )।

जनपद स्तर पर सांसद खेल प्रतिस्पर्धा सांसद खेल महोत्सव के बैनर तले 23दिसंबर से 25 दिसंबर तक संपन्न की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन के अनुसार जिसमें युवा कल्याण विभाग तथा खेल विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव का समापन अवसर पर 25 दिसंबर को जिला सपोर्ट स्टेडियम में देश के प्रधानमंत्री के वर्चुअल समापन उद्बोधन के पश्चात खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सांसद खेल महोत्सव का समापन किया जाएगा।

आयोजन समिति की बैठक में सभी विधानसभा के प्रभारी तथा सभी ब्लॉक के संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित रहे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल नगर पंचायत, उसका बाजार के प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल, भाजपा नेता लाल बाबा त्रिपाठी, भाजपा जिला मंत्री अजय उपाध्याय, रिंकू पाल, राजू पाल, मुरारी सिंह, आई टी प्रमुख मनोज वर्मा, प्रिंस शर्मा, अमरेंद्र प्रताप सिंह, राकेश पांडे,मनोज चौबे, अनूप सिंह, कमलेश चौरसिया विजय सिंह, सूर्य प्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं एवं बच्चियों को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना पुलिस द्वारा महिलाओं और बच्चियों के लिए जागरूकता अभियान रविवार को नीबी दोहनी में चलाया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर जानकारी साझा की गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के अगुवाई में क्षेत्र की महिलाओं व लड़कियों को जागरूक किया गया। इसमें एंटी रोमियो, शक्ति दीदी अभियान और साइबर अपराध जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन 108 एंबुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन के बारे में बताया गया। इस दौरान उप निरीक्षक राजकुमार यादव, मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह, आरक्षी पवन यादव, महिला आरक्षी और उर्मिला देवी और मंजू उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कम होती जा रही मरीजों की संख्या



**डाक्टर व फार्मासिस्ट न होने पर लैब टेक्नीशियन ने देखे मरीज**

**बिसवां (सीतापुर)।** जहांगीराबाद पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीजों की? संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। 5 अक्टूबर रविवार को जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला लगा जिसमें चिकित्सक डा0अंशुमान शुक्ला के अवकाश पर होने के कारण एल0टी0 रवीन्द्र सिंह यादव ने मरीजों को देखकर दवाइयां और परामर्श दिया। दोपहर एक बजे तक मात्र सत्रह मरीज ही दवाई लेने आ सके थे। अस्पताल में मात्र एल0टी0 रवीन्द्र सिंह यादव, स्टाफ नर्स दीप्ती व स्वीपर मोतीलाल मौजूद थे। एल0टी0 ने बताया कि डा0 अंशुमान सिंह अस्वस्थ होने के कारण अवकाश पर हैं तथा फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय सप्ताह में तीन दिन देवालिया पीएससी पर तथा तीन दिन जहांगीराबाद पीएचसी पर ड्यूटी करते हैं। इसलिए वह भी जहांगीराबाद पीएचसी पर जन आरोग्य मेला में मौजूद नहीं थे।मौके पर लैब टेक्नीशियन रवीन्द्र सिंह यादव मरीज देख कर दवाइयां दे रहे थे।उन्होंने बताया कि आज अभी तक लगभग 17 मरीज आए हैं जिनमें ज्यादातर मरीज खांसी जुकाम से पीड़ित थे। चार मरीज बुखार के व एक मरीज स्किन तथा एक मरीज साइटिका मर्ज से पीड़ित था जिन्हें अस्पताल से दवाइयां व परामर्श दिया गया है।

### विश्व शिक्षक दिवस जोश-ओ-खुरोश के साथ मनाया गया



**सिधौली (सीतापुर)।** मदरसा सैक्रेड एकेडमी, बाड़ी में 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस (यौमे असातिज़ा) बड़े जोश-ओ-ख़रोश और रूहानी माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-क़ुरआन और हम्द से हुई, जिसके बाद छात्रों ने अपने गुरुओं के सम्मान में नग़मे, शेर-ओ-शायरी और तक़रीर पेश की। इस मौक़े पर प्रधानाचार्य क़ाज़ी निज़ामुद्दीन ख़ुसरो निज़ामी सफ़वी ने अपने प्रेरणादायक ख़िताब में कहा ÷उस्ताद का एहतराम सिर्फ़ किसी एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। उस्ताद और तालिबेइल्म (विद्यार्थी) के दरमियान जो मोहब्बत और अदब का रिश्ता होता है, वह उम्रभर कायम रहता है। तालीम और तर्बियत के बिना कोई भी समाज तरक़्क़ी नहीं कर सकता।÷ कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल उम्म अब्बासी ने भी अपने ख़यालात पेश करते हुए कहा ÷तालिबेइल्म की कामयाबी ही उस्ताद का सबसे बड़ा इनाम है। जब शागिर्द बुलंदी पर पहुंचता है, तो उस्ताद की मेहनत और फ़िक्र को असली मायने मिलते हैं।÷इस अवसर पर सभी शिक्षकों को गुलदस्ता, शिल्ड और दुआओं भरे अल्फ़ाज़ के साथ सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में जज़्बाती कविताएँ और तरन्नुम से भरपूर गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल मोहब्बत, अदब और जज़्बे-ए-इल्म से महक उठा।कार्यक्रम के समापन पर मदरसा परिवार की ओर से तमाम शिक्षकों के प्रति तह-ए-दिल से शुक्रिया अदा किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने यह अहद (संकल्प) लिया कि वे हमेशा अपने उस्तादों का अदब करेंगे और इल्म की रौशनी से समाज को रौशन करेंगे।

### रमजान अली शाह की दरगाह पर अकीदत के साथ मनाया गया उर्स

**लहरपुर,सीतापुर।** लहरपुर क्षेत्र के गांधी नगर स्थित प्राचीन दरगाह रमजान अली शाह उर्फ मुरली वाले बाबा की मजार पर शेख अब्दुल कादिर जिलानी का उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। दरगाह के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी और मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली की सरपरसती में उर्स की सभी रस्में अदा की गई। फातिहा ख्वानी ,गुलपाशी, और नज़र व नियाज के बाद सलाम पेश किया गया । इस मौके पर अकीदतमंदों को तबर्रूक और लंगर भी तकसीम किया गया।

उर्स में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शरीक हुए।इस मौके पर चेयरमैन नगर पालिका परिषद हाजी जावेद अहमद ने शहर की तरक्की और सलामती की दुआ मांगी। खानकाह हजरत रमजान अली शाह के सिक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी ने उर्स में मौजूद लोगों का आवाहन किया कि वह शेख अब्दुल कादिर जिलानी बड़े पीर साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर सुकून और कामयाबी हासिल करें। इस मौके पर मास्टर अब्दुल गफ्फार,अनवर बिसवानी, जुबेर वारिस, डाक्टर अफजल बेग, सभासद मोहम्मद सुएब, अराफत अली आदि मौजूद थे।

# दीपों से जगमगाएगा पाठा का विजहना गांव, आयोजित होगा 'अंधेरे घरों की दिवाली बनो' कार्यक्रम

**● सामाजिक संस्था आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय ने किया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के प्रकल्प 'बालिका संस्कार शिविर' में दीक्षित हो रही पाठा के आदिवासी परिवारों की शिक्षित बेटियां गांव की आदिवासी महिलाओं के हाथों को मेंहदी से सजाएंगी, घरों के सामने रंगोली बनाएंगी तथा तोरण द्वार बनाकर घरों को सजाएंगी। गांव के बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति से जुड़े गीत और संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। गांव के सभी परिवारों को दिवाली के उपहार के रूप में दिवाली मनाने की सभी प्रकार की सामग्री और पूजा के समान की किट भेंट की जाएगी। साथ ही गरीब आदिवासियों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन होगा।जनपद की सामाजिक संस्था आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष 'अंधेरे घरों की दिवाली बनो' कार्यक्रम पाठा क्षेत्र के विजहना गांव में आयोजित करने को लेकर रविवार को कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के निदेशक बलबीर सिंह ने बताया कि गई कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य गांव के विपन्न, सुविधाओं से वंचित परिवारों को त्योहार के एहसास से जोड़ना तथा दुनिया की खुशियों पर उनका भी हक है, इस भाव के बीज को रोपना है। बताया कि पिछले सात वर्षों से उनकी संस्था द्वारा जिले की अनुसूचित और आदिवासी परिवारों के बीच इस तरह के आयोजन किए जा रहे है। जिसमें जनपद के समाजसेवियों और संस्था के शुभचिंतकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बताया कि गांव का चयन पाठा के गांधी के नाम से प्रख्यात गोपाल भाई की सलाह से किया गया है। जंगल की तलहटी में बसे इस गांव में कोल आदिवासियों के लगभग 100 परिवार रहते हैं, जो सुविधाओं के वंचित होते हुए भी जीवन के लिए प्रतिपल संघर्ष कर रहे है, लेकिन अपनी जिजीविषा और संस्कृति को बचाए हुए हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समाजसेविका और दिवाकर हॉस्पिटल की प्रोपराइटर सुषमा सिंह को मुख्य संयोजक बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में संभ्रांत परिवार की महिलाएं आयोजन का हिस्सा बनेंगी। इसके साथ ही नगर की सामाजिक संस्थाएं भी आयोजन का हिस्सा बनेंगी। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरवासियों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। बताया कि आयोजन के मुख्य सहयोगी उप निदेशक हीरालाल सोनी, जिला संयोजक विजय चंद्र गुप्ता, सह संयोजक पंकज दुबे, मुख्य व्यवस्थापक फूलचंद्र चंद्रवंशी, लालमन, जयश्री जोग, अनीता सिंह, अतुल प्रताप सिंह, नीरज गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, नरेंद्र सिंह, शंकर लाल गुप्ता, वर्षा गुप्ता, राम वचन सिंह, शिव शंकर शुक्ल, लल्लूराम शुक्ला, कमला साहू, अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, राजेश दुबे, राकेश माथुर, बसंत कुमार आदि ने कार्यक्रम में शामिल होकर आमजन से गांववासियों की खुशियों में शामिल होने की अपील की। मानिकपुर के उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने आयोजन में शामिल होकर गांववासियों का हौसला बढ़ाने के लिए अपनी सहमति दी है। बताया कि जिला विधिक साक्षरता प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर और लीड बैंक प्रकोष्ठ द्वारा गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर भी लगाया जाएगा। इसके लिए समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव और सुधीर अग्रवाल को मीडिया प्रभारी नामित किया गया है।

## कसहाई के जनसेवा केन्द्र में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के उद्देश्य से शरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत रविवार को कोतवाली कर्वी की एण्टीरोमियों टीम द्वारा ग्राम पंचायत कसहाई के जनसेवा केन्द्र में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में लगाए गए जागरूकता चौपाल में एण्टी रोमियों टीम ने बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक करते हुए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस 102, सामान्य एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, अग्निशमन सेवा 101 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि की जानकारी दी तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग करने की सलाह दी। बताया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर के पंपलेट वितरित करते हुए आत्मनिर्भर बनने, निर्भीक होकर कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने की सलाह दी। ÷एंटी रोमियो स्क्वायड÷ की भी जानकारी देते हुए बताया कि इसमें पुलिस के जवान सिविल ड्रेस में भीड़भाड़ वाले स्थानों में मौजूद रहकर बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचलों के ऊपर कार्रवाई करते है।

## म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन में मिल रहे भारी समर्थन

**●अधिवक्ता संघ बुढ़ार से जयकांत मिश्रा हुए प्रत्याशी होगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बुढार शहडोल।** म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आगामी चुनाव के संबंध में जबलपुर एवं अन्य स्थानों को अधिवक्ताओं द्वारा चुनाव प्रचार व जन सम्पर्क प्रारम्भ कर चुके हैं, म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के निर्वाचन 2018-19 में जबलपुर से 7-8 अधिवक्ता सदस्य निर्वाचित हुए थे, किन्तु सिदूरवर्ती जिला के अधिवक्ता निर्वाचित न होने से दूरस्थ जिलो के अधिवक्ताओं की बाते नही सुनी जाती हैं, जिससे छोटी छोटी जगहों से भी अभिभाषकगण अपना प्रतिनिधि के रूप में तहसीलों के अधिवक्ता भी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रयासरत है, जिले का कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार अभिभावक संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा को शहडोल संभाग एवं रीवा संभाग के अधिवक्ताओं के साथ अन्य संभाग के अधिवक्ताओं ने अपने प्रत्याशी बनाकर म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद में पहुचाने का एकजुटता के साथ मन बना लिए हैं। राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में जिस तरह सुल्झे एवं सभी के बीच में मृदुभाषी व अधिवक्ताओं के हित के साथ पीढ़ितजनों को न्याय दिलाने में निरंतर कई वर्षो से अपनी भूमिका निभा रहे बुढ़ार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के न्यायालयों में भी जाकर



अधिवक्ताओं का दिल जीता है।

बड़े शहरों के अधिवक्ता सदस्य ग्रामीण एवं तहसील अधिवक्ताओं की बातो को अनुसुना करके उन्हे उपेक्षित करते हैं, जिससे सभी ग्रामीण एवं तहसील स्तर के अधिवक्ताओं ने श्री मिश्रा को अपना प्रत्याशी नियुक्ति किया है।

## सीतापुर में एतिहासिक दवा व्यापारियों की बड़ी प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि जनपद सीतापुर में इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी कार्यशाला का आयोजन सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस शिंदे, ह्रष्टष्ठक्क के पदाधिकारी प्रदेश के लगभग सभी जनपदों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में ऑर्गनाइजेशन उत्तर प्रदेश की नियमित बैठकों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को स्थानीय गेस्ट हाउस में कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण कार्य समिति बैठक एवं कार्यशाला का संचालन ह्रष्टष्ठक्क के महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने की। इस बैठक में दवा व्यापारियों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य तौर पर जीएसटी 2.0 लागू किये जाने पर व्यापार में आ रही कठिनाइयों पर विचार एवं चर्चा, प्रदेश में अधोमानक/कॉपीराइट दवा व्यपार पर रोकथाम पर चर्चा, दवा निर्माताओं के द्वारा किये जा रहे मनमानी पर चर्चा, बाज़ार में आ रहे ऑनलाइन दवा व्यापार से हो रहे छोटे दवा व्यापारियों को नुकसान से कैसे बचाया जाए, संगठनात्मक विषयों पर चर्चा समेत दवा व्यापार के अन्य विषयों पर विचार विमर्श और चर्चा हुई। इस कार्यशाला में सीतापुर आँख अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 लोगों ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। सीतापुर में आयोजित हुई इस बैठक में प्रदेश के लगभग समस्त जनपद के प्रतिनिधियों समेत देश के कई प्रदेशों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इसी के साथ महाराष्ट्र से आए ढ्ढह्रष्ठ आल इंडिया ओरगिनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस शिंदे ने सभी दवा विक्रेताओं का मार्गदर्शन दिया और व्यापार को कैसे आगे बढ़ाया जाए इसका मूल मंत्र दिया। साथ ही प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रदेश स्तर पर चल रहे संगठन के कार्यो पर चर्चा की और सुझाव माँगे एवं दवा विक्रेताओं को नये प्रावधानों से अवगत कराया। इसके अलावा अन्य जनपदों से आए पदाधिकारियों ने जिले स्तर पर आ रही दवा व्यापार में समस्याओं को साझा किया साथ ही समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में आए सभी पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर से ले कर प्रान्तीय पदाधिकारियों समेत सीतापुर के समस्त तहसीलों का भी सम्मान हुआ जिसमें महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर, मिश्रिख, महोली, खैराबाद, मछरेहटा, सिधौली, समेत अन्य तहसीलों के पदाधिकारी शामिल रहे। इस कार्यशाला में AIOCD के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस शिंदे, कोषाध्यक्ष अमित गर्ग, संगठन मंत्री संदीप शामिल रहे। तो वहीं OCDUP के पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह, महामंत्री सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह तो वहीं केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सीतापुर द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में अध्यक्ष गोपाल टण्डन, महामंत्री बसंत गोयल, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी, शैलेश महेंद्र, प्रदीप धवन, सुजीत श्रीवास्तव, अनूप कोहली, ललित भट्ट, अमित सर्राफ, अनिरुद्ध चड्ढा, राजीव होरा, योगेंद्र रस्तोगी समेत सैकड़ो की तादात में दवा व्यापारी मौजूद रहे। इस कार्यशाला में सीतापुर के दवा विक्रेताओं ने भी खूब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई, अंत मे अध्यक्ष गोपाल टण्डन ने कार्यक्रम में आए सभी दवा विक्रेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया और साथ ही महामंत्री बसंत गोयल ने सीतापुर के दवा विक्रेताओं द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति सभी का आभार जताया।




# यूपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर एडीएम ने ली बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में रविवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यह परीक्षा 12 अक्टूबर (रविवार) को दो सत्रों में (पूर्वान्ह 09:30 से 11:30 बजे व अपरान्ह 02:30 से 04:30 बजे तक) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा सकुशल व नकल विहीन करना सभी का दायित्व है। कहा कि जिन परीक्षा केन्द्रों को चिन्हित किया गया है, वहां सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश, पानी एवं साफसफाई की व्यवस्था पहले ही निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लें। इसमें किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया जाए।

परीक्षा के दिन यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से नियंत्रित रहनी चाहिए ताकि शहर में आवागमन बाधित न होने पाए। कहा कि ओएमआर सीट क्रम के अनुसार ही परीक्षार्थी को दें, इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। कहा कि आयोग व शासन द्वारा जो गाइडलाइन निर्धारित की गई है, उसे अवश्य पढ़ ले, जिससे कोई समस्या न होने पाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ आरआर रमन, राजापुर फूलचंद यादव, अपर उप जिलाधिकारी अजय यादव, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला परियोजना अधिकारी सत्यराम यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद के लिए परेशान किसानों से झूठे वादे कर रही है भाजपा सरकार- कुशल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:** जिला कॉग्रेस समिति की मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वक आदित्य स्वरूप पांडे जी मौजूद रहे। जिसमें खाद की किल्लत को लेकर ज्ञापन सौंपने व भ्रष्टाचार के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जनपद में किसानों को खाद की भीषण समस्या है, जिसे लेकर जनपद की दोनों विधानसभाओं के अंतर्गत बहुत ही जल्द सभी तहसीलों पर कौंग्रेस पार्टी द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा जनपद के प्रत्येक मण्डल में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजी जाएगी। जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पाण्डेय ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए समय पर जनता के हितों के मुद्दों को उठाने की आवश्यकता है, जिसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में आम जनता के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इस मौके पर पीसीसी सदस्य जिला उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पांडेय, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, विनय सिंह चौहान, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, जिला प्रवक्ता चुनवाद प्रसाद, राकेश वर्मा, सविता पाल, रामदत्त मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, कमलाकांत शुक्ला, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, नीतू देवी, जग जाहिर सिंह पटेल, रामकृपाल वर्मा, शिवशंकर सिंह खंगार, अरविंद पांडेय, अतुल राजपूत, जितेंद्र सोलंकी, छोटकु राजपूत, भानु प्रताप, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, रवि करण राजपूत, अनिल कुमार, मोहन सिंह, राजू यादव, प्रेमलाल सोनकर, शिवनरेश, बुद्ध विलास सिंह, रामेश्वर प्रसाद, भानु प्रताप पटेल, कुशल सिंह, ओम प्रकाश, अजय सुख, रिजवान अली, देवनारायण साहू, संतोष तिवारी, कैलाश प्रसाद पाल, योगेंद्र रैकवार आदि मौजूद रहे।

## कमर को सुदृढ़ बनाने के लिए करें कटि शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास- योगाचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि दैनिक कार्यो को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए शरीर में फुर्ती, मन में उत्साह और शांति का होना जरूरी है और इनकी प्राप्ति कमर के स्वास्थ्य पर निर्भर है। कमर से जुड़े आसपास के सभी अंगों की सक्रियता कमर से प्रभावित होती है। इसलिए कटि शक्ति विकासक योग क्रिया श्रृंखला का नियमित अभ्यास करना चाहिए। कटि शक्ति विकासक योग क्रिया श्रृंखला के भाग दो का अभ्यास कराते हुए योगाचार्य ने बताया कि यह योग क्रिया कमर और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत व लचीला बनाती हैं, जिससे रीढ़ की हड्डी को सहारा मिलता है और गतिशीलता की सीमाएं बढ़ती हैं। गर्दन व कंधों का तनाव दूर होता है, कमर दर्द में राहत मिलती है। बताया कि लंबे समय तक बैठकर काम करने वालों के लिए यह क्रिया बहुत ही लाभदायक है क्योंकि यह जकड़न को दूर करती है। जब कमर और पीठ में लचीलापन बढ़ता है, तो तनाव दूर होता है और शरीर को आराम मिलता है। कमर पुष्ट, पतली, सुडौल, लचीली और गतियुक्त बनती है, जिससे शरीर के द्वारा किए गए कार्यो का प्रभाव अच्छा होता है। पूरे शरीर का संतुलन और स्वास्थ्य बेहतर रहता है। पाचन क्रिया हो या रक्त संचार सभी बेहतर हो जाते हैं। पेट की मांसपेशियां क्रियाशील और मजबूत बनती हैं। पेट के पार्श्व भाग की चर्बी कम होने लगती है। बताया कि इसे करने के लिए दोनों पैर पर्याप्त फैला कर खड़े होते हैं, दोनों हाथ कमर पर इस प्रकार रखते हैं कि अंगूठे आगे की ओर और उंगलियां पीछे की ओर रहे फिर धीरे-धीरे श्वास भरते हुए पीछे की ओर यथाशक्ति झुकते हैं, जिससे सीने में फैलाव और खिंचाव होता है तथा कूल्हों में दबाव व खिंचाव आता है। इसी स्थिति में यथाशक्ति ठहरने के बाद सांस छोड़ते हुए



धीरे-धीरे कमर से आगे की ओर झुकते हुए सिर को जमीन की ओर ले जाते हैं और स्पर्श करने की कोशिश करते हैं। दोनों पैर सीधे रखते हैं, जिससे पैरों में खिंचाव और मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है तथा धीरे-धीरे सांस भरते हुए पुनः इस क्रिया को आरंभिक स्थिति में लाते है। इस क्रिया को पांच बार दोहराते हैं। अंत में शिथिल ताड़ासन में आकर विश्राम करते हैं और शरीर में हुए परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर पेट, पीठ या कमर की गंभीर समस्या की दशा में योग शिक्षक के मार्गदर्शन में ही इस योग क्रिया का अभ्यास करें।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में हेल्थ प्रोग्राम का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति प्रोग्राम के अंतर्गत जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में श्री पीतांबरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल पारा सराय द्वारा जनता इंटर कॉलेज ग्राम सभा रंगवा रौसीपुर लहरपुर में स्कूल हेल्थ प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ अनूप सरवैया ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हम किसी से तभी लड़ सकते हैं या उसका मुकाबला कर सकते हैं। जब हम स्वस्थ होंगे और शारीरिक तौर पर मजबूत होंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि महिलाओं में प्रति माह होने वाली खून की कमी की पूर्ति के लिए हमें संतुलित आहार लेना होगा और नियमित अपना चेकअप भी कराना होगा और अपनी सुरक्षा के लिए बालिकाओं को 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 112- 102 -108 -181 और 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया कॉलेज की प्राचार्या अमरीन खान ने बताया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत हम सबको मिल करके बालिका शिक्षा के प्रतिशत को बढ़ाना होगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने बताया स्वस्थ रहना हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि स्वस्थ तन स्वस्थ मन ही हमें पढ़ने की शक्ति प्रदान करेगा और लड़ने की भी शक्ति प्रदान करेगा। इसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें स्वास्थ्य जागरूकता कैंप में डॉक्टर मधुलिका जी के द्वारा 170 बालिकाओं का मेडिकल परीक्षण किया गया। डॉ सुधीर चौधरी जी के द्वारा 80 छात्रों का परीक्षण किया गया वहीं पर डॉक्टर मकसूद के द्वारा 53 छात्रों को जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं सलाह प्रदान की गई कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का प्रबंधक मोहम्मद जुबेर के द्वारा बुके व शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर के डी जोशी एमडी फिजिशियन डॉ सुधीर चौधरी सर्जन ऑर्थोपेडिक डॉ मधुलिका गायनी स्पेशलिस्ट डॉ मकसूद जनरल फिजिशियन समेत सम्मानित अध्यापक व छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



## आर्य नगर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, कई घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** खरगूपुर थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार चौकी अंतर्गत आर्य नगर-गोकरननाथ शिवाला मार्ग पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि कबरई से बलरामपुर जा रहा पिसा पत्थर लदा डंम्फर जा रहा था कि सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक की टक्कर के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में बाइक सवार प्रमीन पत्नी इसरार, जिसान (35), सिराज अहमद (35), मुमताज निवासी थाना इकौना ग्राम लोनियनपुरवा, तथा जयचंद्र निवासी कटघरा, जनपद श्रावस्ती गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल इब्राहिमपुरवा थाना कौड़िया क्षेत्र गोण्डा अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार गोकरननाथ शिवाला की ओर से आ रहे थे और ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठे। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर चालक ने टक्कर से बचाने के प्रयास में वाहन को मोड़ा, जिससे डंपर खंती में जा गिरा। डंपर चालक दिलीप कुमार पाल, ग्राम व पोस्ट बारा, तहसील व थाना अकबरपुर कानपुर ने बताया कि उसने टक्कर से बचने की पूरी कोशिश की, लेकिन अचानक सामने आने से हादसा हो



गया। घटना की सूचना पर पिपरा बाजार चौकी प्रभारी शशांक मौर्य व जयप्रकाश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह पहुंचाया गया, जहां डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।